आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 55 | उज्जैन, गुरुवार 12 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 9 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# प्रदेश में 2 दिन से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप

## पारंपरिक ईंधन के इस्तेमाल पर जुर्माने का प्रावधान, लेकिन इंदौर में अफसर बोले- लकड़ी, कंडे, भट्ठी जलाएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/इंदौर/ग्वालियर

ईरान-इजराइल युद्ध के असर से मध्य प्रदेश में 2 दिन से कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप है। इस वजह से सबसे ज्यादा संकट होटल-रेस्टॉरेंट इंडस्ट्रीज पर आया है। वहीं, जिन घरों में शादी है, वे टेंशन में हैं। कैटरर्स का कहना है कि ये इमरजेंसी जैसी स्थिति है। जिन घरों में शादी है, वे कैसे होंगी? अकेले भोपाल में ही 20 दिन में एक हजार से ज्यादा शादियां हैं।



होटल, रेस्टॉरेंट कारोबार और शादियों के अलावा सोना-चांदी आभूषण बनाने वाले कारीगरों और रेहड़ी पर भी संकट खड़ा हो गया है। भोपाल सराफा एसोसिएशन के नवनीत अग्रवाल ने बताया कि शहर में करीब 3 हजार कारीगर काम करते हैं। हर कारीगर को महीने में औसतन 3 सिलेंडर की जरूरत होती है। इस हिसाब से सराफा कारोबार में महीने भर में करीब 9 हजार सिलेंडर इस्तेमाल होते हैं, यानी रोजाना लगभग 300 सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। वहीं इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर के संकट के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी ने लकड़ी, कंडा, भट्ठी जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने पर जोर दिया है। फूड कंट्रोलर एमएल मारू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समस्या के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की रोक के बाद मंगलवार को कैटरिंग संगठन की बैठक ली गई थी, जिसमें कैटरिंग व्यवसाय से जड़े लोगों को एलपीजी सिलेंडर के स्थान पर पारंपरिक ईंधन स्त्रोत अपनाने की सलाह दी गई है। बता दें कि लकड़ी, कोयला, कंडा आदि पारंपरिक ईंधन, भट्ठी और तंदूर जलाने से प्रदूषण होता है। इस पर 10 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। वहीं बैठक के बाद कैटरिंग संगठन ने शादियों में अब 100 तरह के पकवान के बजाय 15 तरह के पकवान तैयार करने का ही फैसला किया है।

### एक शादी का ही स्टॉक, बाकी क्या करेंगे?

भोपाल के कैटरर्स रामबाबू शर्मा ने बताया- यह इमरजेंसी जैसी स्थिति है। गैस सिलेंडर अनिवार्य वस्तुओं की श्रेणी में है। सबसे ज्यादा शादियां प्रभावित होंगी। यदि 500 लोगों की शादी पार्टी हो तो 10 कमर्शियल सिलेंडर लगते हैं। एक शादी के लिए तो स्टॉक है, लेकिन अगली चार बुकिंग में खाना कैसे बनेगा? इसकी टेंशन है। राजधानी में एक हजार कैटरर्स हैं। इन सबके सामने यही संकट है।

## भारत आ रहे थाई जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

### ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर का रेस्क्यू किया, 3 अभी भी लापता

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

भारत आ रहे थाईलैंड के एक कार्गो जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला हुआ है। ओमान के पास चल रहे इस जहाज को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया। थाईलैंड के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद 23 में से 20 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है।

थाई झंडे वाला यह बल्क कैरियर मयूरी नारी संयुक्त अरब अमीरात (वअए) से रवाना हुआ था। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय जहाज के पिछले हिस्से पर हमला हुआ, जिससे इंजन रूम में आग लग गई। बताया गया है कि तीन लापता क्रू सदस्य उस समय इंजन रूम में




ड्यूटी पर थे। कैप्टन के आदेश पर बाकी क्रू ने जहाज छोड़ दिया और लाइफबोट में सवार हो गए। ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाकर खसाब शहर पहुंचाया।

थाईलैंड के अधिकारियों के मुताबिक रॉयल थाई नेवी स्थिति पर नजर रखे हुए है और बचाव अभियान के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

### स्पेन ने इजराइल से अपना राजदूत हटाया

- स्पेन ने इजराइल में अपने राजदूत को औपचारिक रूप से हटा दिया है। सरकार ने एक दिन पहले ही इस कदम को मंजूरी दी थी। मैड्रिड ने पिछले साल सितंबर में राजनयिक तनाव बढ़ने के बाद अपने राजदूत को वापस बुला लिया था।
- यह विवाद तब और बढ़ गया जब इजराइल के विदेश मंत्री ने स्पेन सरकार के कुछ फैसलों की आलोचना की थी। ये फैसले प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में हो रही हिंसा को नरसंहार बताते हुए उसकी निंदा करने के बाद घोषित किए थे।

## कांग्रेस का बुंदेलखंड पैकेज जमीन पर नहीं : सीएम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सागर

सागर के नरयावली रोड पर जेरई में स्थित ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सागर आए। उन्होंने यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करने के साथ ही रोजगार मेले का शुभारंभ किया। वे कार्यक्रमस्थल पर पहुंचे। जहां उनके साथ डिप्टी सीएम और जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने बुंदेलखंड पैकेज की बात कही थी। केवल बात कही बात, नीचे कुछ भी नहीं। नीचे धरती-ऊपर आकाश, बीच में सब साफ, केवल बात ही बात। उन्होंने कहा हमारी सरकारों ने एक के बाद बुंदेलखंड में कई विकास कार्य किए। बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए कैबिनेट बैठककर करके हमारी सरकार ने 27 हजार करोड़ के कामों को मंजूरी दी। उन्होंने आगे कहा कि यूनिवर्सिटी से बच्चों को उच्च शिक्षा मिलेगी। मैं चाहता हूं कि अभी को कोर्स संचालित हो रहे हैं वो ठीक हैं। आने वाले समय में और भी नए कोर्स शुरू किए जाएं। ताकि बच्चों को सभी विषयों की उच्च शिक्षा स्थानीय स्तर पर ही मिल सके।

### ईरान जंग के बीच सप्लाई बंद होने के बाद फैसला

## रूस से 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेगा भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ईरान-इजराइल में जारी जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज रूट बंद हो गया है। ऐसे में कच्चे तेल की सप्लाई बंद होने के बाद भारत करीब 3 करोड़ बैरल कच्चा तेल रूस से खरीदेगा।

यह दावा ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में बताया कि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों ने रूस से तेल के एग्रीमेंट किए हैं। हाल ही में अमेरिका ने समुद्र में फंसे रूसी तेल के शिपमेंट्स खरीदने के लिए भारत को 30 दिन (3 अप्रैल तक) की छूट देने का दावा किया था। हालांकि, इस पर भारतीय अधिकारी कह चुके हैं कि भारत तेल खरीदने के लिए



किसी भी देश की इजाजत पर निर्भर नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों के बाद 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' के जरिए होने वाली तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। ऐसे में भारतीय रिफाइनर्स ने उन रूसी जहाजों को सुरक्षित किया है जो पहले से ही एशियाई समुद्र में मौजूद थे, लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे थे।

### उत्तरप्रदेश के बरेली में चमत्कार: एम्बुलेंस में ब्रेन डेड महिला की

## सड़क के गड्ढे से लगे झटके से लौट आई सांसें

एजेंसी ▸▸ बरेली

उत्तर प्रदेश के बरेली में एक चमत्कार हुआ है। यहां के एक निजी अस्पताल में ब्रेन डेड घोषित की गई पीलीभीत की महिला की सांसें उस वक्त लौट आईं, जब परिजन एंबुलेंस से शव समझकर उन्हें घर ले जा रहे थे। रास्ते में सड़क के गड्ढे से लगे तेज झटके के बाद महिला के शरीर में हरकत हुई और सांसें चलने लगीं। यह देख परिजन हैरान रह गए और



रोते-बिलखते चेहरों पर अचानक उम्मीद लौट आई।

**वेंटिलेटर हटाकर किया था ब्रेन डेड घोषित-** पीलीभीत शहर निवासी विनीता शुक्ला जिला न्यायालय में लिपिक पद पर कार्यरत हैं। उनके पति कुलदीप शुक्ला के अनुसार 22 फरवरी को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए उन्हें वेंटिलेटर पर रखा। परिवार का आरोप है कि 24 फरवरी को डॉक्टरों ने विनीता को ब्रेन डेड घोषित कर दिया और वेंटिलेटर से हटा दिया। इसके बाद परिजन उन्हें एंबुलेंस से पीलीभीत घर ले जा रहे थे।

### परिजन स्तब्ध रह गए

परिजन जब एंबुलेंस से बरेली-पीलीभीत मार्ग पर लौट रहे थे, तभी हाफिजगंज के पास सड़क के गड्ढे में एंबुलेंस का पहिया गिर गया। तेज झटके के बाद अचानक विनीता के शरीर में हलचल होने लगी और उनकी सांसें चलती दिखाई दीं। परिजन यह देखकर स्तब्ध रह गए। उन्होंने तुरंत एंबुलेंस का रुख वापस शहर की ओर मोड़ दिया और पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## ईरान जंग- लोग पालतू कुत्ते-बिल्ली छोड़कर भाग रहे



एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

मिडिल ईस्ट में बढ़ते इजराइल-ईरान तनाव के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में लोग देश छोड़ने की तैयारी में अपने पालतू कुत्तों, बिल्लियों और दूसरे जानवरों को सड़कों या शेल्टर में छोड़ रहे हैं।

रेस्क्यू संगठनों के अनुसार, लोग जानवरों को बिना खाना-पानी के भीषण गर्मी में रास्ते में पोल से बांध कर छोड़ रहे हैं। एनिमल वेलफेयर वर्कर्स का कहना है कि उन्हें घरों या आश्रयों के बाहर पिंजरों में बंद बिल्लियां और पिल्ले भी मिले हैं। अबू धाबी के एनिमल वेलफेयर वर्कर ऐन्सो स्टैंडर ने इसे स्वार्थी और निर्दयी कदम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके शेल्टर के पास इलाके में दो छोड़े गए कुत्तों को गोली मारने की खबर मिली है।

## बच्चों को कुएं में फेंकने के बाद ट्रेन के आगे कूदी मां, तीनों की मौत



एजेंसी ▸▸ चित्तौडगढ़

राजस्थान के चित्तौडगढ़ में महिला अपने दो बच्चों को कुएं में फेंकने के बाद ट्रेन के आगे कूद गई। ट्रेन की चपेट में आने से महिला का सिर धड़ से अलग हो गया। गांव के कुएं से देर रात दोनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कपासन उपजिला अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाया है। मामला जिले के कपासन थाना क्षेत्र के काछियाखेड़ी गांव में मंगलवार शाम करीब 7 बजे का है। कपासन थाने के एएसआई शंकरलाल ने बताया- 7 बजे सूचना मिली थी कि काछियाखेड़ी रेलवे पुलिया के पास एक महिला उदयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा था। सिर धड़ से अलग हो चुका था। जिससे महिला की पहचान नहीं हो पा रही थी।

### 13 साल से कोमा में है बेटा, माता-पिता ने लगाई गुहार

## कोर्ट ने पहली बार इच्छामृत्यु की इजाजत दी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इच्छामृत्यु मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने 13 साल से कोमा में रह रहे 31 साल के युवक हरीश राणा को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की मंजूरी दे दी। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर हैं।

देश में इस तरह का यह पहला मामला है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट



सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला हरीश की मां निर्मला राणा और पिता अशोक राणा की इच्छामृत्यु देने की अपील पर सुनाया। फैसले पर पिता अशोक ने कहा- हम इसके लिए लंबे समय से लड़ रहे थे। कौन से माता-पिता अपने बेटे के लिए ऐसा चाहेंगे। पिछले 3 साल से हम यह मामला लड़ रहे थे। अब उसे एम्स ले जाया जाएगा। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में टॉपर हुआ करता था।

## देश विदेश

### एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का लैंडिंग के दौरान पहिया निकला


**बैंकॉक।** थाईलैंड में एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट बुधवार दोपहर लैंडिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गई। विमान के रनवे पर उतरते ही उसका नोज गियर टूट गया और आगे का पहिया अलग हो गया। फ्लाइट हैदराबाद से फुकेट जा रही थी। थाई अखबार द नेशन के मुताबिक घटना के बाद कुछ समय के लिए रनवे बंद करना पड़ा, हालांकि विमान में सवार सभी 133 यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह फ्लाइट तय समय से पहले फुकेट पहुंच गई थी। विमान का निर्धारित लैंडिंग का समय सुबह 11.40 था, लेकिन यह 11.24 बजे ही उतर गया। बताया जा रहा है कि विमान की लैंडिंग काफी तेज हुई, जिसकी वजह से उसके आगे वाले लैंडिंग गियर को नुकसान पहुंचा। पहिया अलग हो जाने की वजह से विमान तुरंत रनवे से हटाया नहीं जा सका।

### युवराज को धोनी ने ड्रॉप नहीं कराया : संदीप पाटिल

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता संदीप पाटिल ने टीम चयन से जुड़े कई पुराने विवादों पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि युवराज सिंह को टीम से बाहर करने में महेंद्र सिंह धोनी की कोई भूमिका नहीं थी। एक यूट्यूब इंटरव्यू में पाटिल ने कहा, सिलेक्शन मीटिंग, टूर या मैचों के दौरान धोनी ने कभी यह नहीं कहा कि युवराज सिंह को टीम से बाहर किया जाए। पाटिल ने कहा कि युवराज के पिता योगराज सिंह का अपने बेटे के लिए भावुक होना गलत नहीं है, लेकिन इस मामले में आरोप गलत जगह लगाए गए हैं। पाटिल ने 2012 में सचिन तेंदुलकर से हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर टेस्ट ड्रॉ के बाद उन्होंने और चयनकर्ता राजेंद्र सिंह हंस ने सचिन से मुलाकात कर उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा था।

### एक्टर रणदीप हुड्डा पिता बने

## पत्नी लिन ने बेटी को जन्म दिया



**हरियाणवी में लिखा- दादा अर पोती नै जन्मदिन की घणिए बधाई**

**सोनीपत।** हरियाणा के रहने वाले बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी लिन लैशराम ने बेटी को जन्म दिया। रणदीप हुड्डा ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। रणदीप के पिता रणवीर हुड्डा का भी आज ही जन्मदिन है। रणदीप ने अपने पिता और बेटी की फोटो शेयर करते हुए हरियाणवी में लिखा, दादा अर पोती नै जन्मदिन की घणिए बधाई। इसके बाद रणदीप ने इंग्लिश में लिखा, पापा आज, जब मैं पिता बना हूं, तो आपके लिए मेरा सम्मान और भी गहरा हो गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात- लिन, मुझे पिता बनाने और हमारी छोटी बच्ची को इस दुनिया में लाने के लिए धन्यवाद। एक छोटी लड़की और जीवनभर का प्यार। रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम ने 29 नवंबर 2023 को मणिपुर के इंफाल में पारंपरिक मैतेई रीति-रिवाज से शादी की थी। एक दिन पहले रणदीप हुड्डा की पत्नी लिन लैशराम ने इंस्टाग्राम पर बेबी बंप के साथ फोटो शेयर की थीं। लिन ने लिखा- कैमरे के सामने काम करते हुए सालों तक अपने शरीर को लेकर कई तरह की असुरक्षाएं महसूस होती थीं। कभी बहुत पतली, कभी बहुत मोटी या कभी किसी और वजह से, लेकिन अब प्रेग्नेंसी के दौरान अपने शरीर का यह बदलाव सबसे खूबसूरत लग रहा है। आज वह अपने शरीर की आलोचना नहीं करतीं, बल्कि इस बदलाव के लिए आभारी हैं।

### केजरीवाल की अपील- दिल्ली आबकारी नीति केस को दूसरी बेंच को ट्रांसफर करें

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस को पत्र लिखकर आबकारी नीति मामले की सुनवाई मौजूदा जज से हटाकर किसी अन्य जज को ट्रांसफर करने की अपील की। दोनों नेताओं ने कहा मामले की निष्पक्ष सुनवाई जरूरी है। यह मामला दिल्ली सरकार की पूर्व आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआई, ईडी समेत कई एजेंसियां कर रही हैं। 27 फरवरी को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल और सिसोदिया समेत 23 लोगों को बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ सीबीआई ने हाईकोर्ट में अपील की है।

### सेंसेक्स 1342 अंक गिरकर 76,864 पर बंद, निफ्टी भी 395 पॉइंट टूटा

**मुंबई।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में 11 मार्च को गिरावट रही। सेंसेक्स 1342 अंक (1.72%) की गिरावट के साथ 76,864 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 395 अंक (1.63%) की गिरावट रही, ये 23,867 पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, ऑटो और आईटी शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई हैं। ब्रेंट क्रूड करीब 0.25% गिरकर 88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं अमेरिकी तेल भी 83 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया है। कल बाजार में रही थी तेजी इससे पहले कल यानी 10 मार्च को शेयर बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 640 अंक (0.82%) की तेजी के साथ 78,205 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी करीब 233 अंक (0.97%) की तेजी रही, ये 24,262 पर बंद हुआ था।

दैनिक अवन्तिका
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




दो वितरित और तीसरा पंचांग कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर वितरित
हिन्दू नववर्ष नव संवतसर पर पंचांग-तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

### महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## भारतीय महिला दार्शनिक परिषद समाज में एक अनोखा प्रयोग है: प्रो रजनीश शुक्ला



**उज्जैन।** भारतीय महिला दार्शनिक परिषद के 16 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शिरकत करने वाले सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही अच्छे शोध पत्र प्रस्तुत किए । यह परिषद एक अनोखा प्रयोग है ।हम सब दर्शन शास्त्र के माध्यम से समाज निर्माण के लिए प्रयास कर रहे हैं । ये उद्गार प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन में आयोजित भारतीय महिला दार्शनिक परिषद के 16 वें अधिवेशन समारोह के समापन समारोह के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो रजनीश शुक्ला ने व्यक्त किए । परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची की प्रो राजकुमारी सिन्हा ने कहा कि हम नारीवादी आंदोलन नहीं कर रहे हैं। हम पुरूषों के विरोध में नहीं हैं । हम उनके साथ कदम से कदम मिला कर चल रहे हैं । हम पुरूषों के साथ मिलकर महिलाओं को जगाना चाहते हैं। राष्ट्रीय महामंत्री डॉ विनीता अवस्थी भारतीय महिला दार्शनिक परिषद की संकल्पना को प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.पूनम सिंह ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में संपन्न अकादमिक सत्रों और संगोष्ठी पर प्रकाश डाला। परिषद की स्थानीय अध्यक्ष डॉ आभा होलकर ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति का क्षरण हुआ है । हमें इसे और आगे बढ़ने से रोकना है । रामायण और महाभारत हमारे डी एन ए में है। इनकी शिक्षा के आलोक में संस्कृति के क्षरण को रोकने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

## बीएसएनएल की नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**उज्जैन।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को होगा। प्रधान महाप्रबंधक बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लोक अदालत में बकाया बिलों से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बकाया बिल जमा पर 10 से 50% तक छूट देंगे।

### ट्रैंडिंग




## कलेक्टर ने जनसुनवाई कर दिए निर्देश

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए। माकडौन के ग्राम औरंगपुर निवासी इंदरसिंह ने आवेदन दिया कि गांव में पीएम आवास योजना के ब्लाक समन्वयक द्वारा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं दिया जा रहा है तथा योजना के क्रियान्वयन में अनियमितता बरती जा रही है। इस पर तहसीलदार माकडौन को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। घट्टिया तहसील के ग्राम कलेसर निवासी गजराजसिंह ने आवेदन दिया कि उनके और उनके भाई के बीच पैतृक आवासीय भूखंड का बराबर का हिस्सा होना था लेकिन भूखंड के ड्रोन सर्वे के दौरान भूखंड का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा उनके भाई के नाम कर दिया गया है। इस प्रकार भूखंड के ड्रोन सर्वे में पटवारी द्वारा लापरवाही बरती गई है। एसडीएम घट्टिया को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तराना निवासी लाखनसिंह चौहान ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा भवन के निर्माण के लिए एक संस्थान से सामान खरीदा गया था। जो कि निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार नहीं है। संस्थान द्वारा उन्हें उपलब्ध कराए गए सामान में धोखाधडी की गई है तथा विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया है। इस पर एसपी उज्जैन को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### सप्लाई प्रभावित होने से बुकिंग सिस्टम लड़खड़ाया, नंबर नहीं लगने से उपभोक्ता हो रहे परेशान; चरक अस्पताल क्षेत्र में गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था पर सवाल...

### गैस सिलेंडर संकट गहराया, 1300 रुपये में ब्लैक में बेचने की शिकायतें

# इजराइल-इरान तनाव का असर उज्जैन की रसोई तक पहुंचा




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अमेरिका-इजराइल-इरान के युद्ध का असर अब उज्जैन की रसोई तक पहुंचता दिख रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण एलपीजी सप्लाई चेन प्रभावित होने की स्थिति बन रही है, जिसका असर शहर में घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पर भी दिखाई देने लगा है। परिणामस्वरूप शहर के कई हिस्सों में गैस सिलेंडरों की किल्लत के हालात बन गए हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि नियमित बुकिंग प्रक्रिया के बावजूद उन्हें समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस सिलेंडर का नंबर लगाने के लिए बार-बार प्रयास करने के बाद भी बुकिंग दर्ज नहीं हो रही है। इससे वितरण व्यवस्था की कार्यप्रणाली और तकनीकी प्रणाली पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

स्थिति का दूसरा पहलू यह भी सामने आ रहा है कि जहां एक ओर आम उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल रहे, वहीं शहर में गैस सिलेंडर ब्लैक में बेचे जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडर 1300 रुपये से अधिक कीमत पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो निर्धारित दर से काफी अधिक है।

शहर के कई इलाकों में गैस वितरण वाहनों के पास उपभोक्ताओं की भीड़ देखी जा रही है। चरक अस्पताल क्षेत्र में भी गैस सिलेंडर लेकर खड़े वाहनों के पास बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि वहां उनकी सुनवाई नहीं हो रही है और सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर स्पष्ट जानकारी भी नहीं दी जा रही।

जानकारों के अनुसार, एलपीजी वितरण प्रणाली पूरी तरह सप्लाई चेन, डिपो से एजेंसी तक की उपलब्धता और बुकिंग प्रबंधन पर निर्भर करती है। यदि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण आयात या आपूर्ति प्रभावित होती है तो स्थानीय स्तर पर भी इसका असर दिखने लगता है। ऐसे में प्रशासन और गैस वितरण एजेंसियों के लिए जरूरी है कि वे आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट करें और ब्लैक मार्केटिंग जैसी संभावित अनियमितताओं पर निगरानी बढ़ाएं।



### इन्होंने यह कहा...

**केडी गेट निवासी मोहम्मद रफीक** का कहना है कि गैस सिलेंडर के लिए नंबर लगा रहे हैं तो नंबर नहीं लग रहा है काफी परेशान है बार-बार प्रयास करने के बाद भी गैस सिलेंडर का नंबर नहीं लग रहा है। सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने से घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है। गैस टंकियों की कमी बताई जा रही है।

**एक अन्य उपभोक्ता महेश सोनी** ने बताया कि गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने के बावजूद समय पर टंकी उपलब्ध नहीं हो रही है। कई दिनों से इंतजार के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। गैस एजेंसी पर पहुंचते हैं तो संतुष्टि भरा जवाब भी नहीं मिलता है।

**वहीं गृहिणी मंजुला व्यास** का कहना है कि गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग कराने के बाद भी समय पर टंकी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई बार प्रयास करने के बावजूद डिलीवरी नहीं मिलने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कथावाचक ठाकुर और अभिनेत्री निधि ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन।** कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर और फिल्म अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। दोनों ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उनका स्वागत और सत्कार किया गया। दर्शन के बाद कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि महाकाल के दरबार में आकर उन्हें अद्भुत शांति मिली। उन्होंने भगवान महाकाल से सभी के लिए सुख, समृद्धि, सद्बुद्धि और भक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। ठाकुर ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि प्रत्येक सनातनी को जीवन में कम से कम एक बार उज्जैन आकर महाकाल के दर्शन अवश्य करने चाहिए। उन्होंने बच्चों को भी सनातन परंपराओं से जोड़ने और मंदिरों में आने की प्रेरणा देने पर जोर दिया।

## निगम बजट पर मंथन: महापौर ने कहा-अध्ययन कर दो दिन में फिर रखें प्रस्ताव

### एमआईसी बैठक में राजस्व मदों से हुई शुरूआत, 16 मार्च को फिर होगी अहम चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अब तेज हो गई है। बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में हुई एमआईसी (मेयर-इन-काउंसिल) बैठक में बजट पर मंथन की शुरूआत हुई। बैठक में सबसे पहले राजस्व विभाग की मदों पर विस्तार से चर्चा की गई, लेकिन महापौर ने बजट के कई पहलुओं पर और गहराई से अध्ययन की आवश्यकता बताते हुए अधिकारियों को संशोधित तैयारी के साथ दो दिन में पुनः प्रस्तुति देने के निर्देश दिए।



महापौर मुकेश टटवाल ने स्पष्ट किया कि विभिन्न विभागों से जो बजट प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, उन पर अभी व्यापक और बिंदुवार चर्चा नहीं हो पाई है। बजट में किन-किन मदों को प्राथमिकता दी जाएगी, आय बढ़ाने के स्रोत क्या होंगे, व्यय की दिशा क्या होगी और शहर के नागरिकों को इस बजट से क्या नया मिलेगा, इन सभी पहलुओं पर विस्तृत विश्लेषण आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैठक को 16 मार्च, सोमवार को सुबह 11:30 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

महापौर ने अधिकारियों से कहा कि वे विभागीय प्रस्तावों का सूक्ष्म अध्ययन कर राजस्व और व्यय दोनों पक्षों का संतुलित ड्राफ्ट तैयार करें, ताकि अगली बैठक में ठोस निर्णय लिए जा सकें। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, रजत मैहता, दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, डॉ. योगेश्वरी राठौर, सत्यनारायण चौहान, जितेन्द्र कुंवाल, अनिल गुप्ता, कैलाश प्रजापत, सुगन बाई बाघेला, प्रकाश शर्मा, अपर आयुक्त, उपायुक्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नानाखेड़ा से महामृत्युंजय मार्ग के सर्विस रोड से हटेंगे अवैध कब्जे

### निगमायुक्त ने किया निरीक्षण, वार्ड-53 में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, खाली प्लॉट और नालों की सफाई पर दिए स्पष्ट निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण की स्थिति का जमीनी आकलन करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को वार्ड क्रमांक 53 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महानंदा नगर, हरिओम विहार कॉलोनी और महाशक्ति नगर में स्वच्छता व्यवस्था, नालों की स्थिति तथा नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड में खाली पड़े प्लॉटों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा बड़े नालों की समयबद्ध सफाई कराई जाए, ताकि जल निकासी व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के साथ सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

**सर्विस रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश:** निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नानाखेड़ा से महामृत्युंजय मार्ग तक की सर्विस रोड तथा सर्किट हाउस क्षेत्र की सर्विस लाइन पर मौजूद अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर निगम प्रशासन के अनुसार सर्विस रोड पर अतिक्रमण होने से यातायात बाधित होता है और शहरी सुविधाओं के संचालन में भी व्यवधान उत्पन्न होता है, इसलिए इस क्षेत्र में जल्द कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि करण परमार, उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त पवन कुमार फुलफकीर, स्वास्थ्य निरीक्षक और वार्ड दरोगा उपस्थित रहे।

### उज्जैन जिले में गूंजा - 'दिल से कहो अपने मोहन है न'

## आज शहर के सभी शा. चिकित्सालयों में महाअभियान, हृदय रोग विशेषज्ञ रहेंगे मौजूद



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से संपूर्ण उज्जैन जिले में 'दिल से कहो अपने मोहन है न' निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान निरंतर जारी है। अभियान के अंतर्गत बुधवार को घट्टिया विधानसभा के उन्हेल, बड़नगर विधानसभा के खरसोदखुर्द एवं दक्षिण विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बामोरा में शिविर संपन्न हुए। इसी श्रृंखला में आज 12 मार्च, गुरुवार को उज्जैन शहर के सभी शासकीय चिकित्सालयों में शिविर आयोजित कर निःशुल्क हृदय जांच का महाअभियान आयोजित किया गया है।

अभियान के मुख्य संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने विस्तार से बताया कि मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के उपलब्धियों भरे ऐतिहासिक 2 वर्षों के उपलक्ष्य में पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से यह अभियान संपूर्ण उज्जैन जिले में मुख्यमंत्री की प्रेरणा से चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बुधवार को घट्टिया विधानसभा के उन्हेल नगर में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल उज्जैन, बड़नगर विधानसभा के ग्राम खरसोदखुर्द में अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास, एवं दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बामोरा में अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किए गए।

**आज 12 मार्च, गुरुवार को महाअभियान:** खोईवाल ने आगे बताया कि अभियान की श्रृंखला के अंतर्गत आज 12 मार्च, गुरुवार को उज्जैन शहर के सभी शासकीय चिकित्सालयों में आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज, अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर, एसएन कृष्णा हॉस्पिटल, अमलतास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल देवास, इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर व शहर के विभिन्न निजी चिकित्सालयों के सहयोग से निःशुल्क हृदय जांच का महाअभियान प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक चलाया जाएगा। इस महाअभियान में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे, साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी एवं इको तक की जांच निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

## मनोविकास विशेष शिक्षा महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मनोविकास विशेष शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन ने पंजाबी महिला विकास समिति के सहयोग से 9 मार्च को अपने परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की शक्ति, समर्पण और योगदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो ज्ञान और सकारात्मकता का प्रतीक है। इसके बाद सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) में प्रार्थना प्रस्तुत की गई, जिसने दिव्यांगजनों के प्रति संस्थान की समावेशी सोच और सम्मान को दर्शाया। इस विशेष अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 40 विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान तीन प्रतिष्ठित श्रेणियों के अंतर्गत प्रदान किए गए। इंस्पिरेशनल लीडर अवॉर्ड, लाइफटाइम डेडिकेशन अवॉर्ड, द केयरिंग हार्ट अवॉर्ड। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीता तपन, इंचार्ज, आईक्यूएसी सेल, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उज्जैन तथा डॉ. निखत परवीन, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग, शासकीय कन्या स्नतकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन उपस्थित रहीं। इसके साथ ही पंजाबी महिला विकास समिति की सदस्य श्रीमती सीमा छाबड़ा (संरक्षक), श्रीमती शुभ्रा जुल्का (अध्यक्ष) और श्रीमती रितु टंडन (सचिव) भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम में डॉ. कामिनी यादव एवं श्रीमती अनामिका वर्मा (अतिथि व्याख्याता संगीत विभाग) भी उपस्थित थी जिन्होंने अपनी शारीरिक सीमाओं के बावजूद अपनी प्रतिभा एवं हौसलों से समाज को प्रेरित किया। सभी अतिथियों ने समाज में प्रेरणा देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और सम्मानित महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया। यह कार्यक्रम संस्थान के निदेशक फादर टॉम जॉर्ज और शैक्षणिक निदेशिका डॉ. प्रेम छाबड़ा के मार्गदर्शन मं आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सन्वय श्रीमती हेमांगी पाराशर ने किया, श्री गोविंद छापरवाल ने संचालन करते हुए कार्यक्रम का समापन सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाओं के साथ किया।




## गणगौर पूजा शुरू: महिलाएं 16 दिन तक करेंगी शिव-पार्वती स्वरूप गणगौर की आराधना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धुलेंडी के साथ ही पारंपरिक गणगौर पूजा की शुरूआत हो गई है। अविवाहित और विवाहित महिलाएं 16 दिनों तक प्रतिदिन सुबह-शाम गणगौर और ईश्वर जी की पूजा-अर्चना करेंगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणगौर को भगवान शिव और माता पार्वती का स्वरूप माना जाता है।अविवाहित लड़कियां अच्छे वर और सुखी परिवार की कामना से यह पूजा करती हैं, जबकि विवाहित महिलाएं अपने दांपत्य जीवन की सुख-समृद्धि और घर की शांति के लिए गणगौर की आराधना करती हैं।8 साल की उम्र से कर रहीं पूजा-भार्गव नगर निवासी पूर्वा ने बताया कि वह 8 साल की उम्र से गणगौर पूजा कर रही हैं और आज भी अपनी मम्मी और भाभी के साथ यह परंपरा निभाती हैं। उनका परिवार मूल रूप से राजस्थान से जुड़ा है और वे इस पूजा को राजस्थानी परंपरा के अनुसार करते हैं।



पूर्वा ने यह भी बताया कि गणगौर पूजा की कई अलग-अलग विधियां होती हैं। कुछ स्थानों पर पूजा के दौरान पुरुषों को देखने की अनुमति नहीं होती, जबकि अन्य स्थानों पर सामान्य रूप से सभी लोग पूजा में शामिल हो सकते हैं।

**मूर्तियों के लिए बीकानेर से आती हैं पोशाक:** उनके घर में गणगौर जी, ईश्वर जी और भाया जी की विशेष लकड़ी की मूर्तियां हैं, जिन्हें खास ड्रेस और जेवरों से सजाया जाता है। हर साल राजस्थान के बीकानेर से विशेष पोशाकें बनवाई जाती हैं। उनके पास 15 से अधिक पोशाकें हैं।

पूजा के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम भगवान को नहलाकर फूल-माला, नए कपड़े और आभूषण पहनाए जाते हैं, जिसमें लगभग एक-दो घंटे का समय लगता है। इसके बाद भजन, गीत और आरती की जाती है। शीतला सप्तमी से समाज की अनेक फूलपाती भी निकाली जाती हैं, जिसमें दूल्हा-दुल्हन बनकर नाचते-गाते हुए निकलते हैं।

एक श्रद्धालु महिला ने बताया कि शाम को कलश में अंगूठी या नए रूमाल के माध्यम से गणगौर और ईश्वर जी को जल अर्पित किया जाता है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 12 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं

**इंदौर।** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इंदौर जिले में घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसी, अवन्तिका के सेल्स अधिकारी, गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि, एचपीसीएल गैस प्लांट मांगलिया के मैनेजर तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

### अधिकारियों को बताए गए गणना के तौर-तरीके

**इंदौर।** भारत की जनगणना-2027 के सफल संचालन और प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए इंदौर जिले में व्यापक तैयारियां जारी है। जनगणना के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को विभिन्न चरणों में लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज बुधवार से द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र सेटेलाइट भवन में आयोजित हो रहा है। इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को जनगणना से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा।

### समग्र स्वास्थ्य योजना का अंतिम प्रारूप का करेगी निर्धारण

**इंदौर।** राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए प्रस्तावित समग्र स्वास्थ्य योजना के अंतिम प्रारूप, नीति निर्धारण के साथ ही कर्मचारी और पेंशनर्स संगठनों से परामर्श कर योजना को मंत्रि-परिषद के समक्ष अनुमोदन के लिए अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में अपर मुख्य सचिव वित्त, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग सदस्य जबकि आयुक्त लोक स्वास्थ्य सदस्य-सचिव होंगे। समिति प्रस्तावित योजना के सभी आवश्यक तत्वों जैसे पात्रता, कवरेज, वित्तीय माडल, क्रियान्वयन संरचना तथा हितधारकों के परामर्श को समाहित कर विस्तृत योजना दस्तावेज तैयार करेगी।

### महिला दिवस पर एमपी ट्रांसको की नीलम खन्ना सम्मानित

**इंदौर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर की ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस की वरिष्ठतम महिला अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता नीलम खन्ना को उनके उल्लेखनीय योगदान, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पावर ट्रांसमिशन के क्षेत्र में सुपर पावर वुमन के रूप में पहचान स्थापित करने वाली नीलम खन्ना विगत कई वर्षों से इंदौर सहित संपूर्ण मालवा क्षेत्र की ट्रांसमिशन लाइन व्यवस्था का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हैं। उन्होंने इंदौर में परंपरा से हटकर त्योहारों के दौरान रात्रि में ट्रांसमिशन लाइनों का मेंटेनेंस कराया गया।

### गुरु मार्गी, कन्या राशि को 120 दिन तक मिलेगा फायदा

**उज्जैन।** बुधवार से कई राशियों के लिए शुभ समय की शुरूआत हो गई है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बृहस्पति यानी गुरु की चाल बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। जब गुरु अपनी चाल बदलते हैं या किसी राशि में गोचर करते हैं, तो इसका प्रभाव सभी राशियों पर महसूस होता है। राशिचक्र की 12 राशियां कहीं न कहीं इस बदलाव से प्रभावित होती हैं। 11 मार्च से गुरु मार्गी हो जाएंगे। इससे पहले गुरु लगभग 120 दिनों तक वक्री चाल में रहे थे। गुरु के मार्गी होते ही कई राशियों को लाभ मिलने की संभावना है, और सकारात्मक असर कन्या राशि पर पड़ेगा। सिंह और कर्क राशि वाले भी इस बदलाव से फायदा उठा सकते हैं, जबकि कुछ राशियों के लिए यह बदलाव थोड़े समय के लिए स्ट्रेस भी ला सकता है।

### महिला सशक्तिकरण की गूंज के साथ हुआ सम्मान समारोह

**इंदौर।** इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक अत्यंत गरिमामयी और भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज और चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं के अमूल्य योगदान को सराहने के उद्देश्य से आयोजित इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य विषय ₹सशक्त नारी, सशक्त देश स्वस्थ नारी, समृद्ध देश₹ रखा गया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ महिला ही एक स्वस्थ और विकसित राष्ट्र की नींव रख सकती है।

## सिर्फ 3500 रुपये के लालच में एक गरीब परिवार की दुनिया उजड़ गई

### पेट्रोल पंप इंदौर उज्जैन हाइवे पर कजलाना में चारपाई ढाबे पर स्थित पर काम करता था युवक





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सांवेर तहसील के मालिखेड़ी गांव का रहने वाला रोहित पिता शंकरलाल परमार अपने परिवार का पेट पालने के लिए पेट्रोल पंप पर नौकरी करता था। रोज की तरह बुधवार तड़के भी वह ड्यूटी पर था। तभी एक कार पेट्रोल पंप पर पहुंची और रोहित से करीब 3500 रुपये का पेट्रोल भरवाया।

लेकिन पेट्रोल भरवाने के बाद कार सवारों की नीयत बदल गई। पैसे देने की बजाय उन्होंने गाड़ी भगा दी। अपने हक के 3500 रुपये मांगने और उन्हें रोकने के लिए रोहित कार के पीछे दौड़ा। बताया जा रहा है कि उसने गाड़ी में हाथ डालकर उन्हें रोकने की कोशिश भी की, लेकिन कार में बैठे बेरहम लोगों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। कार सवार रोहित को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गए। सड़क पर घिसटते हुए रोहित तड़पता रहा और आखिरकार मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

सबसे दुखद बात यह भी सामने आई कि जिस पेट्रोल पंप पर रोहित काम करता था वहां न तो कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद था और न ही पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगे थे। अगर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होती तो शायद रोहित की जान बच सकती थी।

बताया जा रहा है कि जिस कार से यह वारदात हुई उस पर करणी सेना की प्लेट लगी हुई थी, हालांकि गाड़ी का नंबर अभी साफ तौर पर सामने नहीं आ पाया है।

सिर्फ 3500 रुपये के लिए किसी की जान ले लेना कितना अमानवीय और शर्मनाक है, यह घटना समाज को झकझोर देने वाली है। रोहित तो चला गया, लेकिन पीछे अपने परिवार के लिए एक ऐसा दर्द छोड़ गया है जो शायद कभी खत्म नहीं होगा। अब सवाल यह है कि आखिर ऐसे निर्दयी लोगों को क्या सजा मिलनी चाहिए, जिन्होंने चंद रुपयों के लिए एक गरीब की जिंदगी छीन ली।

## बीएड के खराब रिजल्ट पर नाराजी, विद्यार्थियों ने आंदोलन कर मनवाई माँगें



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बीएड की परीक्षा के खराब रिजल्ट के मामले में मंगलवार को विवि में 2 संगठन ने आंदोलन कर छात्रों की महत्वपूर्ण मांग कुलगुरु के सामने रखी। लगातार 2 घंटे के धरने के पश्चात विवि प्रशासन ने कॉपी पुनः चेक करने और उसके पश्चात रिवेल का फॉर्म भरवा कर पुनः मूल्यांकन करने की मांग स्वीकार की।

आरएनटी मार्ग स्थित देअविवि में मांग मान ली गई यह आंदोलन अभाविप और युवक कांग्रेस ने किया। इस धरने के पश्चात विवि के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि बीएड के प्रथम सेम में जिस भी छात्र को फिर से कापी चेकिंग कराना है, उसके लिए अपना रोल नंबर या रिजल्ट की कॉपी देना है। जो छात्र अपनी कॉपी पुनः चेक कराना चाहते हैं, उनको मौका दिया जाएगा। इस बार फर्स्ट बीएड में 15 दिनों में फिर से रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया गया है, साथ ही रिवेल की तारीख भी बढ़ेगी। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में छात्र भी उपस्थित रहे।

## उज्जैन वाहन मेले को रामनवमी तक बढ़ाने की मांग

### इंदौर के लोग भी उज्जैन जाकर खरीद रहे वाहन



**19 मार्च को खत्म होने वाला है मेला**

**मेले में ज्यादातर स्टॉल भी इंदौर के डीलर्स के**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में विक्रमोत्सव के अंतर्गत चल रहे वाहन मेले को रामनवमी तक बढ़ाए जाने की मांग की जा रही है। यह मेला 15 फरवरी से शुरू हुआ था और 19 मार्च तक चलने वाला है। इस बीच वाहन डीलर्स ने परिवहन अधिकारियों से संपर्क करते हुए मांग रखी है कि मेले की अवधि को 26 मार्च रामनवमी तक के लिए बढ़ाया जाए। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर की तरह पिछले कुछ सालों से उज्जैन में भी वाहन मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें परिवहन विभाग द्वारा नए वाहनों पर लिए जाने वाले टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है। इसके कारण बड़ी संख्या में लोग वाहन मेले में वाहन खरीदना पसंद करते हैं। यह मेला 19 मार्च को खत्म होने वाला है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत भी होने जा रही है। वाहन डीलर्स का कहना है कि होली पर करीब आठ दिनों तक होलाष्टक होने के कारण लोग नए वाहन नहीं खरीदते हैं।

इसके कारण मेले में वाहन की बिक्री कम रही है। वहीं नवरात्रि और रामनवमी पर बड़ी संख्या में लोग वाहन खरीदना पसंद करते हैं। इसे देखते हुए वाहन की बिक्री बढ़ाने और लोगों को सुविधा देने के लिए मेले की अवधि को 26 मार्च तक बढ़ाया जाना चाहिए। इससे पहले भी लोगों की सुविधा को देखते हुए शासन ने मेले की अवधि को बढ़ाया है। इसे लेकर ऑटोमोबाइल डीलर्स जल्द ही परिवहन मंत्री, परिवहन आयुक्त और जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री से भी मिलेंगे।

#### मेले के कारण इंदौर का बाजार ठंडा पड़ा

15 फरवरी से चल रहे वाहन मेले के कारण टैक्स में छूट का लाभ लेने के लिए इंदौर सहित आसपास के लोग नए वाहन खरीदने के लिए उज्जैन जा रहे हैं। इसके कारण इंदौर का बाजार ठंडा पड़ा है। इससे इंदौर के डीलर्स को तो नुकसान नहीं हो रहा है, क्योंकि उन्होंने मेले में अपने स्टॉल लगाए हैं, वहीं कई डीलर्स तो इंदौर के अपने शोरूम से ही वाहन बेच रहे हैं, सिर्फ इनका रजिस्ट्रेशन उज्जैन में करवा रहे हैं। लेकिन इंदौर आरटीओ कार्यालय को इसके कारण बड़े राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## झाड़ू-पोछा करने वाली ने चुराया था 15 ग्राम का मंगलसूत्र

### पूर्व में चुराई थी अंगूठी, 1 दिन की रिमांड पर पूछताछ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शासकीय अस्पताल की फार्मासिस्ट का 15 ग्राम वजनी मंगलसूत्र घर पर झाड़ू पोछा करने आ रही महिला ने चोरी किया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। उक्त महिला पूर्व में भी अंगूठी चुरा चुकी थी, जिसकी बरामदगी के लिए बुधवार को न्यायालय में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है।

गिरिराज हेरिटेज माधव क्लब के पास रहने वाली स्वाती पति दीपक मिश्रा शासकीय जिला अस्पताल में फार्मासिस्ट है। 10 मार्च को नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील को शिकायत दर्ज कराई की 15 फरवरी को उसने अपना 15 ग्राम वजनी मंगलसूत्र ड्रेसिंग रूम की दराज में रखा था। 3 दिन पहले देखा तो दराज में नहीं मिला। इससे पहले दिसंबर माह में घर से सोने की अंगूठी भी गायब हो गई थी, लेकिन उसे वक्त शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। मंगलसूत्र गायब होने पर उसे घर में झाड़ू पोछा करने आ रही वर्षा पांडे पर संदेह है। थाना प्रभारी ने मामले की जांच प्रधान आरक्षक पीयूष मिश्रा और कपिल राठौर को सौंपी। जिन्होंने महालक्ष्मी नगर, नागझिरी में रहने वाली वर्षा पांडे को थाने पर तलब किया और महिला पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में पूछताछ शुरू की। कुछ देर में ही वर्षा पांडे टूट गई और उसने मंगलसूत्र चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घर से सवा 3 लाख से अधिक कीमत का मंगलसूत्र बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार बुधवार दोपहर आरोपिया को न्यायालय में पेश किया गया है जहां से एक दिन की रिमांड पर लिया जा रहा है।

## शिप्रा में काला पानी होने की कान्ह बड़ी वजह



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कान्ह के दूषित पानी के लगातार मिलने से शिप्रा का पानी काला और बदबूदार हो गया है। इसकी एक बड़ी वजह नदी में घाटों पर चल रहे निर्माण कार्य भी माने जा रहे हैं, जिनके कारण पानी रुका हुआ है और मिट्टी लगातार पानी में मिल रही है। ये हालात भी तब है, जब 18 और 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, विक्रमोत्सव समापन महोत्सव व भूतड़ी अमावस्या का स्नान पर्व होना है। हालांकि इन पर्व स्नान के लिए जिम्मेदार अधिकारी दो एमसीएम पानी नर्मदा का शिप्रा में लेने का दावा कर रहे हैं।

### कलेक्टर के निर्देशन पर बाल विवाह रुका

## शादी की खबर मिलते ही पहुंची टीम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



बाल विवाह रोकथाम के लिए जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

चाइल्ड हेल्पलाइन पर मिलने वाली शिकायत को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिंहा के मार्गदर्शन में टीम तुरंत कार्रवाई करने में जुट रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सिंहा ने बताया कि हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला स्तरीय दल को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। दल में शामिल उड़नदस्ता के महेंद्र पाठक के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन के फूलसिंह कारपेंटर,उड़नदस्ता सदस्य संगीता सिंह और अमन थाना बेटमा अंतर्गत ग्राम चिकलोंड़ा पहुंचे। परिजनों से चर्चा करने पर पता चला के यहां दो लड़कियों का विवाह किया जा रहा है एक लड़की पूर्ण बालिग है और दूसरी लड़की की उम्र मात्र 16 वर्ष थी। वह मजबूरी में अपनी बेटी की कम उम्र में शादी कर रहे हैं।

बेटी को आएगी पास के गांव का एक युवक परेशान करता है जिसके कारण वह ना तो स्कूल जा पा रही है और ना ही परीक्षा में शामिल हो पाई। शिकायत करने पर वह मारपीट करने पर उतारू हो जाता है कुछ दिनों पहले उसने लड़की के घर पर पथराव भी किया था।

### उज्जैन प्रवास पर आए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी का बड़ा आरोप

## आशुतोष ब्रह्मचारी आरोप लगाकर लाभ लेना चाहता है

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**




धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े कथित यौन शोषण मामले में बड़ा बयान दिया।

उन्होंने कहा कि आशुतोष ब्रह्मचारी भी उसी तरह के धंधे से जुड़े हुए हैं। जैसे यह महिला यहां शामिल थी, वैसा ही धंधा उसका भी था। ऐसे धंधे वाले लोग इस समय हर जगह हावी हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उसने भी बच्चों के साथ खुद बलात्कार किया और बलात्कार करने के बाद शंकराचार्य का नाम लिया। रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि जब मेडिकल जांच की बात आई तो शंकराचार्य ने कहा कि मैं इसके लिए तैयार हूं। अगर मैं दुराचारी हूं तो मुझे फांसी दे दी जाए, लेकिन मेरा नार्को टेस्ट कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं मेरी गलती साबित हो जाए तो मुझे बीच रास्ते पर भी फांसी दे दो। उन्होंने कहा कि इस मामले में शंकराचार्य और क्या बोल सकते थे।

मामले की जांच को लेकर उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच होना जरूरी है, क्योंकि बच्चों के साथ बलात्कार हुआ है। अगर मेडिकल टेस्ट में यह सामने आता है कि बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ है तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई होना ही चाहिए। साथ ही यह पता लगाना भी जरूरी है कि यौन शोषण किसने किया। आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा सरकार के डिप्टी सीएम पर लगाए गए आरोपों को लेकर रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि आशुतोष बदमाश आदमी है और गुंडा प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

#### शांति स्वरूपानंद मामले में यह बोले अखाड़ा परिषद अध्यक्ष

रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि हमारे संतों को टारगेट किया जा रहा है और संतों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि शांति स्वरूपानंद जी महाराज बहुत बड़े कथाकार और अच्छे संत हैं। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने बताया कि यह उनके मठ से जुड़े विवाद का मामला भी है और इसमें कुछ लोग शामिल हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हमारी भूतपूर्व महामंडलेश्वर, जिन्हें हमने बनाया था, उनका भी इसमें हाथ है। उन्होंने कहा कि एक लड़की को वाराणसी से बुलाया जाता है। उनकी गैंग कितनी लंबी है कि वहां से एक महिला उज्जैन आती है और यहां वीडियो बनाया जाता है। जब वह वीडियो बना रहे थे तो हमारे संतों ने उन्हें देख लिया। आनंदपुरी महाराज ने उन्हें देख लिया। जब वे वहां पहुंचे तो देखा कि क्या हो रहा है।

**संतों को बदनाम किया जाएगा तो आस्था का क्या होगा-** उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं के लिए जीवन जीना मुश्किल होता जा रहा है। इस समय पूरे हिंदुस्तान में संतों को टारगेट किया जा रहा है। अब उज्जैन में महाकुंभ और सिंहस्थ भी आने वाले हैं। अगर ऐसे ही संतों को बदनाम किया जाएगा तो लोगों की आस्था पर भी असर पड़ेगा।

**संतों के लिए विशेष कानून बनाया जाए-** रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि संतों के लिए कुछ विशेष करना पड़ेगा और सभी संतों को आगे आना होगा। जिसके साथ अन्याय हुआ है, वह आवाज उठाएगा।

न्यूज-कॉलम



## बुरहानपुर वन मंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण अभियान का लक्ष्य बढा

**बुरहानपुर।** वन मंडल ने वर्ष 2026 के लिए तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य बढ़ा दिया है। इस साल 5410 मानक बोरा तेंदूपत्ता एकत्र करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस काम के बदले ग्रामीणों को करीब 2 करोड़ 16 लाख 40 हजार रुपये की मजदूरी मिलेगी। मजदूरी की दर 4 हजार रुपये प्रति मानक बोरा तय की गई है। तेन्दूपत्ता संग्रहण शुरू होने से पहले शाखा करतन (छंटाई) कार्य को लेकर मंगलवार को प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम खकनार वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 332 में हुआ और शाम छह बजे तक चला। कार्यशाला में सभी परिक्षेत्र अधिकारी, फड़ मुंशी, फड़ अभिरक्षक और उप वनमंडल अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने तेंदूपत्ता संग्रहण और शाखा छंटाई से जुड़े जरूरी नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी। वन विभाग के अनुसार तेंदूपत्ता संग्रहण वन क्षेत्र के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के लिए आय का एक अहम जरिया है। हर साल बड़ी संख्या में ग्रामीण इस काम में शामिल होकर अपनी अतिरिक्त आय कमाते हैं।

## आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक 13 मार्च को मनाया जायेगा

**सनावद।** जैन धर्म के संस्थापक व प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक 13 मार्च गुरुवार को नगर में विराजमान आर्यिका आगम मति माताजी के सानिध्य में एवं ब्र.भावेश भैयाजी ऊन के निर्देशन में आदिनाथ छोटा मंदिर में मनाया जायेगा । सन्मति जैन काका ने बताया की भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याण महोत्सव के अवशर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे जिसमे आदिनाथ जिनालय में प्रातः श्री जी का अभिषेक ततपश्चात शान्ति धारा एवं भगवान का नित्य नियम पूजन, एवं रजतमयी श्रुतस्कंध यंत्र की स्थापना की जाएगी। आशीष झांझरी ने बताया की मंदिर में परम पूज्य आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज, आचार्य श्री वर्धमानसागर जी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह की स्थापना पश्चात मंडल विधान साथ में आर्यिकामाता जी की मंगल देशना होगी ।पश्चात बड़े बाबा का मंडल विधान किया जायेगा एवम रात्री में भगवान की संगीतमय भक्ति व 48 दीपों से भक्तामर जी की आराधना कर भगवान को पालना जुलाया जायेगा।

## गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि 15 दिन बढ़ाने की मांग

**सनावद।** कृषकों ने गेहूं उपार्जन पंजीयन की अंतिम तिथि १५ दिन आगे बढ़ाने और किसानों को पब्लिक डोमेन पोर्टल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग शासन से की है।गेहूं उत्पादक किसानों की मांग पर विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं कृषि मंत्री एंदलसिंह कंसाना को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि शासन ने प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 निर्धारित की है।वर्तमान में गेहूं खरीदी हेतु शासन द्वारा निर्धारित पैक्स एवं सीएससी केंद्रों पर गेहूं विक्रय हेतु बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे हैं।किसानों की संख्या अधिक होने के कारण पंजीयन पोर्टल पर दबाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है।इस कारण पंजीयन प्रक्रिया अत्यंत धीमी हो गई है। उधर किसानों को कृषि कार्य छोड़कर गेहूं उपार्जन केंद्रों पर घंटों तक कतारों में भूखे-प्यासे खड़ा होना पड़ रहा है। विधायक ने बताया कि वर्तमान में किसानों की संख्या और पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया की धीमी गति को देखते हुए 10 मार्च तक सभी किसानों की पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाएगी। इसलिए गेहूँ उपार्जन पंजीयन हेतु निर्धारित 10 मार्च की अंतिम तिथि 15 दिवस बढ़ाकर 25 मार्च की जाए तथा पैक्स एवं सीएससी केंद्रों के अलावा पब्लिक डोमेन पोर्टल पर भी किसानों को पंजीयन करने की अनुमति प्रदान दी जाए। ताकि किसान सुगमता से गेहूं विक्रय का पंजीयन करा सकें।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन 12 मार्च को

**आलीराजपुर।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अवसर पर जिला आलीराजपुर में 11 और 12 मार्च को दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कृषि उपज मंडी समिति आलीराजपुर में किया जाएगा। जिला स्तरीय कृषि मेले विभागीय एवं निजी विक्रेताओं द्वारा प्रदर्शिनी लगाई जाएगी। जिनमें कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, पशुपालन विभाग, जिला अग्रणी बैंक, जिला आयुष विभाग, महिला बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, सहकारिता विभाग ,जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन,सहित कृषि संबद्ध अन्य विभागों द्वारा मेले में विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## नेत्रदान बना मानवता की मिसाल, श्रीमती विष्णुकांता मांदलिया ने दो नेत्रहीनों को दी नई रोशनी

**रतलाम।** तेजानगर निवासी स्व. शंकरलाल मांदलिया की धर्मपत्नी श्रीमती विष्णुकांता मांदलिया के निधन के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की। उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने की उम्मीद जगी है। परिजनों–पुत्र योगेश मांदलिया और नीलेश मांदलिया–ने विजय सेठिया और नीलेश पोरवाल से प्रेरणा लेकर यह निर्णय लिया। नेत्रम संस्था के सहयोग से रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा के मार्गदर्शन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया की टीम ने नर्सिंग ऑफिसर राजवंत सिंह और विनोद कुशवाह के साथ नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान नेत्रम संस्था के सदस्य नरेन्द्र अग्रवाल ने मेडिकल टीम के आवागमन की व्यवस्था की। कार्यक्रम में संजय पोरवाल, बंशीलाल पोरवाल, सुनील पोरवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेत्रम संस्था और शासकीय नेत्र बैंक ने परोपकारी परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया।

# आलीराजपुर में 2 दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ

## उन्नत खेती की तकनीकों से रूबरू हुए किसान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी आलीराजपुर में 11 एवं 12 मार्च को दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सहित प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। मेले के पहले दिन विभिन्न विभागों द्वारा उन्नत खेती, मोटा अनाज , प्राकृतिक खेती तथा कृषि आदानों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई ।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि किसान किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। आलीराजपुर जिले में अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं, इसलिए किसानों को खेती के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन तथा अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों को अपनाकर अपनी आय बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेले में जिले के प्रगतिशील किसानों को भी आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने नवाचार और उन्नत तकनीकों के माध्यम से खेती में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनके अनुभव अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक होंगे। उन्होंने बताया कि जिले का चयन केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लिए किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को और अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से मोटे अनाज (मिलेट्स) के उत्पादन को बढ़ाने तथा समूह के रूप में उत्पादन करने का आग्रह किया जिससे उनकी फसल का उचित मूल्य तो मिलेगा ही और उन्हे सामूहिक रूप से भी फायदा होगा । उन्होंने कहा कि मिलेट्स की बाजार में मांग और मूल्य दोनों अधिक हैं, इसलिए किसानों को इसे अपने दैनिक खान-पान में भी शामिल करना चाहिए और अधिक से अधिक उत्पादन भी करना चाहिए ।उन्होंने आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए किसानों से खेत तालाब योजना, रिचार्ज पिट एवं वाटरशेड निर्माण जैसे कार्यों में भागीदारी की अपील की, ताकि भू-जल स्तर में वृद्धि हो सके।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मकू परवाल ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। ऐसे कृषि मेले किसानों को उन्नत तकनीकों और नई खेती पद्धतियों की जानकारी देने का प्रभावी माध्यम हैं। इस दौरान श्री जयपाल खरत ने कह कि मेले सह प्रदर्शनी में लगाई जानकारी से सीख लेकर सभी किसानों को लाभ लेकर आगे बढ़ना है।संतुलित उर्वरक आज की कृषि की जरूरत है। किसान खेती के साथ खेती से संबद्ध व्यवसाय को भी अपनाए जैसे पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, फलों-फूलों की खेती जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और किसानों को केवल खेती पर ही निर्भर नहीं रहना होगा।सभी किसानों से आग्रह है कि सभी किसान इस मेले का अधिक से अधिक लाभ ले।

उप संचालक कृषि श्री सज्जन सिंह चौहान ने किसानों से कृषि वैज्ञानिकों से जानकारी लेकर उन्नत खेती अपनाने का आग्रह किया। कृषि विज्ञान केंद्र के श्री राकेश यादव ने द्वितीय कृषि गतिविधियों को अपनाकर आय बढ़ाने पर जोर दिया तथा बताया कि जिले में पहली बार तिलहन फसल कुसुम का नवाचार किया गया है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है। साथ ही उन्होंने मेले में आए किसान भाई बहनों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीडीएमसी) के अंतर्गत दो किसानों को ड्रिप सिंचाई संयंत्र के लिए अनुदान राशि के चेक प्रदान किए गए। ग्राम दीपा की चौकी के रामसिंह डूमसिंह को एक हेक्टेयर के लिए तथा ग्राम छोटी खट्टाली (जोबट) के जगदीश हीरु को एक हेक्टेयर के लिए अनुदान राशि का चेक दिया गया। इसके साथ ही ग्राम नानपुर की प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती गनबाई तथा लक्ष्मणी (आलीराजपुर) के श्री पंकज भयडिया को कृषि से जुड़े क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में वन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन एवं राजस्व विभाग के संयुक्त सीमांकन, वन व्यपवर्तन प्रकरण, वन अधिकार पत्र, वन व्यवस्थापन की कार्यवाही, कट्ठीवाड़ा एवं मथवाड में ईको पर्यटन, लघु वनोपज महुआ अंतर्राज्यीय बैरियर, परिक्षेत्र कट्ठीवाड़ा में बाघ के विचरण, रेशम उद्योग तथा वन धन विकास केंद्र में प्रशिक्षण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को इसमें शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अधिक अवसर मिल सकें। साथ ही जिले में ईको पर्यटन को बढ़ावा देने,ईको पर्यटन स्थलों पर नवाचार करते हुए उन्हें अधिक आकर्षक बनाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय और सहयोग से कार्य करें तथा जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ मिल सके।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, डीएफओ श्री अमित निकम, संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री मनोज गरवाल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलयुगी मां ने तीन मासूम बच्चों को कुएं में फेंका तीनों बच्चों की हुई मौत

## 4 साल का करण ढाई साल का अर्जुन और 20 दिन का मासूम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



गोताखोरों ने कुएं से तीनों बच्चों को खटिया पर डालकर बाहर निकाला।

आज सुबह 9 बजे सूचना मिली कि थाना सनावद क्षेत्र के ग्राम मलगांव में बलिराम भमोरिया के खेत के कुएं में तीन मासूम बच्चे डूब गए है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव एसडीओपी अर्चना रावत तहसीलदार केसिया सिंह सोलंकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बलिराम भमोरिया के खेत में बने मकान पर गेहूं काटने के लिए खंडवा जिले के खालवा ब्लॉक से मजदूरों का दल विगत 8-10 दिन से रह रहा था इन्हीं में ग्राम डेहरिया निवासी कालू पिता नाहर सिंह बारेला अपनी पत्नी नानी बाई के साथ उसके तीन बच्चे चार साल का करन ढाई साल का अर्जुन और 20 दिन का दूध मुंहा शिशु भी साथ था तीनों बच्चों के डूबने की सूचना से ग्राम में हड़कंप मच गया

कालू ने बताया कि सुबह 7 बजे हम दो-तीन किलोमीटर दूर दूसरे किसान के खेत में गेहूं काटने चले गए मकान पर मेरी पत्नी नानी बाई और तीनो बच्चे थे। घटना नानी बाई के रहते ही घटित हुई। इतने छोटे बच्चे कुएं में कैसे डुबे या डुबाया है यह गुत्थी सुलझाने के लिए एसडीओपी अर्चना रावत ने नानी बाई से पूछताछ करने पर नानी बाई पहले बताया करने और अर्जुन खेलते हुए कुएं में गिर गए थे उन्हें बचाने के लिए स्वयं कुएं में खुद गई मेरी गोद में बेटा था वह भी कुंडे में डुब गया । परंतु कुएं में कूदने पर ना तो उसकी साडी गीली हुई ना बाल गीले हुए ना उसे किसी ने कुएं से बाहर निकाला । उसका यह झूठ पकड़ा गया पुलिस का शक गहराया सख्ती से पूछताछ की जा रही है।

# अपराध रोकना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है-एसपी श्री शुक्ल



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

11 मार्च 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बड़वानी में नवागत पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बच्चियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसपी श्री शुक्ल ने जिले में किसी भी प्रकार के अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि अपराध रोकना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

आगामी त्योहार गणगौर, ईद एवं रामनवमी को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को सक्रिय करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में उनका सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, मुख्य मार्गों एवं तिराहों पर विशेष निगरानी रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रभावी रात्रि गश्त करने तथा आमजन से सतत संवाद बनाए रखने के लिए कहा गया।

फरार स्थायी वारंटी एवं इनामी बदमाशों की थाना स्तर पर समीक्षा कर उनकी गिरफ्तारी हेतु सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुम नाबालिग बालक-बालिकाओं की तलाश कर उनकी शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

थाना प्रभारियों को लंबित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान, खत्मा खर्जी, शिकायतों एवं महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की समीक्षा करते हुए उनका शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए। लंबित मर्ग एवं माल के निराकरण हेतु भी सख्त निर्देश दिए गए। एमएलसी एवं पीएम रिपोर्ट को मेडलेपर पोर्टल के माध्यम से भेजने तथा प्राप्त करने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित कराने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या गैर-परंपरागत गतिविधियों को तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियो का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड खकनार के सेक्टर क्रमांक ०४ नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था नेपानगर द्वारा प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नगर के डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौराहे स्थित भवन में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव एवं समिति के सदस्य नवांकुर सखीया अपेक्षित किए गए हैं। प्रस्फुटन समिति , डाभीया, साईखेड़ा, नावथा, सारोला, नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड 1,2,5 के प्रतिभागी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील समाज सेवी विनोद पाटील, व समिति की कुसुम इंगले द्वारा डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। वही प्रशिक्षण में शामिल खकनार विकासखंड समन्वक अमजद खान द्वारा प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद के बारे में जानकारी संस्थाओं के दस्तावेजीकरण? स्वच्छता नशा मुक्ति जल संरक्षण, स्वयंसेवा संस्था प्रबंधन आदी विषयो पर प्रशिक्षण दिया गया। महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्ति करण के बारे मे बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला समन्वयक द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए वही प्रस्फुटन समिति के शहजाद अली द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# ग्राम छायन में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, औषधियों का हुआ वितरण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

शासकीय आयुर्वेद औषधालय करोहन द्वारा ग्राम छायन में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक ने बताया कि शिविर में 72 रोगियों की जांच कर निशुल्क आयुर्वेद औषधियों का वितरण किया गया।

शिविर में डॉ. जितेंद्र जैन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर करोहन ने ग्रामीणों को बताया कि प्रतिवर्ष 8 से 14 मार्च के दौरान पेशेंट सेफ्टी अवेयरनेस व पलमोनरी रिहैबिलिटेशन सप्ताह मनाया जाता है। यह सप्ताह अस्पताल डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को याद दिलाता है कि चिकित्सा के दौरान किसी भी तरह की अनहोनी से मरीज को बचाना सबसे आवश्यक है। 2026 की थीम सभी को मिलकर काम करने पर जोर देती है।आयुर्वेद में वैद्य, रोगी, परिचारक औषधि, चिकित्सा के चार पाद होते हैं। जब एक दूसरे से उत्तमता से समेकित होते हैं तो रोग निश्चित रूप से दूर हो जाते हैं।

वर्तमान में फेफड़े के रोग अस्थमा या सांस लेने में पुरानी समस्या, सीओपीडी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। डॉ. जैन ने जनसमूह को बताया कि सांस लेने की उचित तकनीक ,व्यायाम और पौष्टिक भोजन के माध्यम से सांस फूलने की समस्या को रोका जा सकता है। डॉ. इरफान खान ने एचपीवी वैक्सीन (सर्वाइकल कैंसर टीका) के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह टीका गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को रोकने के लिए अत्यंत प्रभावी है एवं मध्य प्रदेश सरकार की गाइडलाइन के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राही आवश्यक रूप से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क टीकाकरण करवाएं। महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है। शिविर में डॉ. जितेंद्र जैन, डॉ. इरफान खान ने चिकित्सा सेवाएं प्रदान की।

# पत्नी और ससुराल के परिजनों से तंग आ कर मोइन ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पत्नी और ससुराल के परिजनों से तंग आ कर मोइन ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। सल्फास खाने से पहले मोइन ने एक वीडियो जारी किया जिसमें बताया की पत्नी और ससुराल के लोग मेरी मौत के जिम्मेदार रहेंगे। उनको सजा देना। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उकाला रोड निवासी मोइन पिता अनिस काजी (35) ने सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पूर्व मोइन ने एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला था, जिसकी जानकारी देर रात को मिली।

कई बार घर से झगड़ा कर चली जाती थी मायके फरहीन मोइन द्वारा शेयर किए गए वीडियो में उसने बताया कि उसकी पत्नी और ससुराल वालो से परेशान होकर वह आत्महत्या कर रहा है।

मोइन का फरहीन से निकाह 13 साल पहले हुआ। निकाह के बाद घरेलू झगड़ों के चलते कई बार मायके चली जाती। जिसमें फरहीन के परिजन भी उसे पूरा सहयोग करते थे। इतना ही नहीं पत्नी फ?हीन मुझे अपने बच्चो से भी मिलने नहीं देती। साला भी धमकी देता था। इस कारण काफी टेंशन था। मोइन वीडियो मे कई बार सल्फास की गोलिया दिखाते हुए और अपने बच्चो से मिलने की गुहार लगाते हुए नजर आया।

बच्चों की कस्टडी परिजनों को देने की मंशा

मोइन ने घटनाक्रम के लिए पत्नी और ससुराल वालो जिम्मेदार बताते हुए उन्हें सजा देने और प्रशासन से बच्चों की कस्टडी अपने घर वालों को देने की मंशा जाहिर की। पुलिस वीडियो की जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

# उमंग स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन जिले की विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जा रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

किशोरवस्था जीवन की संभावना पूर्ण किन्तु नाजुक चरण होता है। इस अवस्था में शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है साथ ही बार-बार मूड बदलने का अनुभव भी किशोर-किशोरी करते है। अकेलेपन की भावना, बड़ों एवं माता-पिता से गलत समझे जाने की आशंका अपेक्षाकृत रूप से अधिक होती है। इस उम्र में सही विकास के लिए पोषण, शिक्षा, सही मागदर्शन, सहयोग, आसपास के लोगों से अपनेपन की भावना की आवश्यकता होती है। इस अवस्था में किशोर कई रोकथाम योग्य एवं उपचार योग्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए अतिसंवेदनशील होते है, जैसे अनपेक्षित गर्भावस्था, अधिक वजन, शराब, तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के दुरूपयोग, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं, चोटों एवं हिंसा इत्यादि। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा बताया कि किशोर-किशोरियों को परामर्श प्रदान करने के लिए उमंग स्वास्थ्य केन्द्र (किशोर मित्र स्वास्थ्य केन्द्र) का संचालन जिले की विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जा रहा है। उज्जैन शहर के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय चरक भवन एवं सिविल अस्पताल माधवनगर में उमंग स्वास्थ्य केन्द्र (प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक) संचालित किया जा रहा है। साथ ही उज्जैन जिले के नरवर, घट्टिया, तराना, महिदपुर, झारड़ा, इंगोरिया, बड़नगर, नागदा खाचरौद में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में भी उमंग स्वास्थ्य केन्द्र (किशोर मित्र स्वास्थ्य केन्द्र) का संचालन किया जा रहा है।

## न्यूज -कॉलम

### इंगोरिया में आमने-सामने भिड़ी बाइक, 3 घायल

**उज्जैन।** इंगोरिया क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार रात को आमने-सामने बाइक में भिर्डत हो गई। एक बाइक पर सवार राकेश और उसके पिता राजाराम निवासी दंगवाडा घायल हो गये। दूसरी बाइक पर गुजरात का रहने वाला अजय पिता जस्सूभाई सवार था, वह घायल हुआ है। तीनों को अस्पताल लाने पर सामने आया कि राकेश अपने पिता और पुत्री अनुषका के साथ ग्राम चंदूखेडी शादी में आया था। जहां से वापस लौट रहे थे। पुत्री अनुषका दुर्घटना में बाल-बाल बच गई। वहीं अजय ने बताया कि वह गुजरात से फसल कटाई के लिये हार्वेस्टर लेकर इंगोरिया आया हुअ है। रात में वह बाइक से बाजार गया था, जहां से वापस खेत लौट रहा था। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। तीनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### छत्रीचौक गार्डन में जुआ खेल रहे 2 युवक गिरफ्तार

**उज्जैन।** छत्री चौक गार्डन में रात के समय पेड की आड में 2 युवक ताश-पत्ती से जुआ खेल रहे थे। खाराकुआ थाना एसआई लिवान कुजूर सर्कल भ्रमण पर निकले और गार्डन स्थित चौकी पर पहुंचे तो उन्हे जुआरियों की जानकारी मिली। उन्होने तत्काल आरक्षक वीरेन्द्र शर्मा के साथ गार्डन में दबिश दी और दोनों युवको हिरासत में लिया। उनके पास से नगद राशि और ताश-पत्ती बरामद की गई। पूछताछ करने पर युवकों के नाम अजय उर्फ बिल्ला पिता नानु गुजराती 23 वर्ष निवासी बाबा रामदेव मंदिर के पास उदूर्पुरा और आकाश पिता गेंदालाल बामने 20 वर्ष, निवासी भैरूलाल सामने आये। दोनों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने के मामले में जुआ एक्ट अधिनियम की धारा 13 में प्रकरण दर्ज किया गया। छत्री चौक गार्डन में रात के समय असामाजिक तत्वों का जमघट लग जाता है। यहां नशाखोरी भी होती है।

### दौंड एक्सप्रेस ट्रेन से युवती का लेपटॉप रखा बेग चोरी

**उज्जैन।** सूरत की रहने वाली वंशिका पिता राजकुमार जैन दोस्तों के साथ दौंड एक्सप्रेस ट्रेन के कोच बी-6 में यात्रा कर बडोदरा से इंदौर जा रही थी। देवास स्टेशन के पास वंशिका का बेग अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। जिसमें 30 हजार कीमत का लेपटॉप, आईपेड, 2 मोबाइल और 5 हजार रखे थे। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर वंशिका ने मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई है। इससे पहले गोरखपुर का रहने वाला मदनमणी त्रिपाठी परिवार के साथ अहमदाबाद-गोरखपुर ट्रेन से उज्जैन आ रहा था। बदमाशों ने उज्जैन पहुंचने से पहले बेग चोरी किया। जिसमें सोने का मंगलसूत्र, चेन, टॉप्स, अंगूठी के साथ 15 साडी रखी थी। उक्त मामले में भी चोरी की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई गई। लम्बी दूरी की ट्रेनों में हर दूसरे दिन यात्रियों के साथ चोरी होना सामने आ रहा है। ट्रेनों में आरपीएफ के जवानों की तैनाती होती है, जो एक कोच से दूसरे कोच तक सर्चिंग भी करते है, बावजूद बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे है।

### दिन महसूस हुई गर्म हवा, तापमान 38 के करीब

**उज्जैन।** होली-रंगपंचमी के बाद से तापमान में लगातार तेजी आ रही है। बुधवार को दिन में गर्म हवा महसूस होने लगी थी। धूप भी काफी तीखी थी इस बीच शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री दर्ज किया गया। सीजन में अब तक का सबसे अधिक रहा। धूप तीखी होने पर दिन में आर्द्रता का प्रतिशत 22 हो गया था। दिन में हवा 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। जहां अधिकतम तापमान बड़ रहा है, वहीं न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। पिछले एक सप्ताह से रात में तापमान 14 से 15 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अब गर्मी की पूरी तरह से शुरूआत हो चुकी है। मार्च माह के अंत तक तापमान 42 डिग्री को पार कर सकता है।

### मासूम को टक्कर मारने के बाद बाइक छोड भागा चालक

**उज्जैन।** ग्राम हमीरखेडी में रहने वाले धारासिंह पिता सेवाराम परमार 52 साल अपने 6 वर्षीय पोते सूर्यप्रताप उर्फ शौर्य पिता सोहनसिंह के साथ बादलखेडी फंटा चंद्रावतीगज से पैदल लौट रहे थे। उसी दौरान बाइक क्रमांक एमपी 13 एफआर 7719 का चालक तेजगति से आया और मासूम सूर्यप्रताप को टक्कर मार दी। मासूम गंभीर घायल हो गया। इस दौरान बाइक सवार भी गिर गया था, वह मौके पर ही बाइक छोड पैदल भाग निकला। मामले में चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने बाइक जप्त कर घायल मासूम के दादा की शिकायत पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। बाइक नम्बर के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 445-3 | 370-0 |
| मेन बाजार | | 499-2 | |
| कल्याण नाइट | | 140-5 | |
| मिलन डे | | 568-9 | 780-5 |
| मिलन नाइट | | 179-7 | 458-7 |
| मधुर डे | | 579-1 | 358-6 |
| मधुर नाइट | | 468-8 | 589-2 |
| शुभांक | 3 | 6 | 9 |

# आत्महत्या के लिये उकसाने वाली पत्नी 2 साल बाद पकड़ाई

### गिरफ्तारी पर रखा था 5 हजार का इनाम, जेल भेजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पति द्वारा की गई फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में जांच के दौरान पत्नी और उसके प्रेमी द्वारा उकसाने की जानकारी सामने आई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया था। मृतक की पत्नी फरार थी, जिसे 2 साल बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।



चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि 17 सितंबर 2023 को संजयनगर में रहने वाले सोनू पिता सालगराम सोनगरा ने सूचना देकर बताया था कि खिलचीपुर में किराये से रहने वाले राजकुमार पिता मूलचंद 45 साल ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। इस दौरान तथ्य सामने आये कि मृतक की पत्नी माया के अवैध संबंध सोनू सोनगरा से थे। राजकुमार को इस बात की जानकारी लग गई थी कि दोनों के बीच प्रेम प्रंसग चल रहा है। जिसके चलते उसका माया से विवाद होता था। माया और सोनू के संबंध से राजकुमार मानसिक प्रताड़ित हो चुका था, जिसके चलते उसने फांसी लगाई थी।

मामले में प्रकरण दर्ज कर सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया था। पत्नी माया फरार हो गई थी। जिसकी काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित किया गया। माया ग्राम धतुरिया थाना खु?ल जिला इंदौर की रहने वाली थी। 2 साल बाद सूचना मिली कि माया का हाल मुकाम गारी पिपलिया थाना क्षिप्रा जिला इंदौर है। जहां वह रह रही है। तत्काल फरार इनामी आरोपिया को गिरफ्तार करने के लिये टीम रवाना की गई। जहां से उसे गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। बुधावर को उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार सोनू वर्तमान में भी केन्द्रीय जेल भैरूगढ़ में बंद है।

### मायके में रहने वाली महिला ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** पति से अलग होने के बाद मायके में रह रही महिला ने फांसी लगा ली। बुधवार सुबह उसका शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में रहने वाले रियाज एहमद की 35 वर्षीय पुत्री निलोफर ने रात में फांसी लगा ली थी। सुबह पिता उसे जगाने के लिये कमरे में पहुंचे तो उसे फंदे पर लटका देखा। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि निलोफर की शादी 8 साल पहले शाजापुर में हुई थी, लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते वह कुछ महिनों बाद ही मायके आ गई थी, जिसके बाद वापस नही लौटी थी। वह मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर में काम कर रही थी। रात में सबकुछ ठीक था, ऐसा लगा नहीं कि वह परेशान है और इतना बड़ा कदम उठा लेगी। पुलिस के अनुसार फिलहाल मर्ग कामय किया गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### काल भैरव मंदिर के बाहर युवक को मारे चाकू

**उज्जैन।** काल भैरव मंदिर के बाहर बुधवार शाम एक युवक को बदमाश ने चाकू मार दिये। घायल युवक को भैरवगढ़ थाना पुलिस ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि पुष्पांजलि नगर आगररोड का रहने वाला निहाल पिता स्व. रामेश्वर मालवीय काल भैरव मंदिर के बाहर धार्मिक कुर्तो की दुकान लगाता है। शाम को आगर नाका का रहने वाला सुमित श्रीवास अचानक आया और चाकू से हमला कर दिया। चाकू मारने के बाद वह भाग निकला। आसपास के दुकानदारों को निहान ने संभाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायल को अस्पताल लेकर पहुंची। जहां जांघ पर लगे चाकू के घाव का उपचार टांके लगाकर किया गया और भर्ती किया गया। घायल निहाल के अनुसार सुमित को वह पहचानता है, पूर्व में बातचीत भी थी, लेकिन कोई विवाद नहीं था। कुछ दिनों पहले सुमित ने महाकाल क्षेत्र में भी चाकूबाजी की थी, उक्त मामले में वह फरार चल रहा है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया गया है।

# गिरफ्त में आया दोपहिया वाहनों में आग लगाने वाला पति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

2 साल से अलग रहने वाली पत्नी के घर जाकर उसकी स्कूटी और ससुर की बाइक में आग लगाने वाला पति बुधवार को पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया, आगजनी के मामले में उसे जेल भेजा गया है।



बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 8-9 मार्च की रात बम कालोनी में रहने वाली पूजा पति जगदेव पाल के घर के ढालिये में खड़ी उसकी स्कूटी क्रमांक एमपी 13 डीएस 0331 और पिता कैलाशचंद्र की बाइक क्रमांक एमपी 13 डीआर 6801 में आग लगाने की शिकायत दर्ज कराते हुए पति पर आग लगाकर भागने का आरोप लगाया था। मामले में प्रकरण दर्ज कर पति की तलाश शुरू की गई, जो बड़नगर के ही पंचवटी स्कूल के पास रहने वाला था। बुधवार को उसके घर आने की खबर मिलने पर एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, सैनिक भूपेन्द्र बैरागी और धर्मेन्द्र डाबी को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया गया। जहां से जगदेव को गिरफ्तार किया गया। उसे दोपहर में कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है।

### पति-पत्नी में 2 साल से चला रहा विवाद

थाना प्रभारी के अनुसार पूजा और जगदेव के बीच 2 सालों से विवाद चला आ रहा है। पति द्वारा दहेज के लिये प्रताड़ित किया जा रहा था। पूजा ने न्यायालय में केस लगा दिया था और मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करने लगी थी। विवाद और न्यायालय प्रकरण के चलते ही जगदेव ने आगजनी को अंजाम दिया था।

# हिरासत में नाबालिग का शोषण करने वाला मुंहबोला मामा



**उज्जैन।** रंगपंचमी की रात घर के पास रहने वाली मुंहबोली नाबालिग भांजी के साथ शराब के नशे में गलत काम कर धमकाने वाले मामा को बुधवार दोपहर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसे गुरूवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाला सतीश चौहान क्षेत्र में ही फल-फ्रूट का ठेला लगाता है। उसने अपने पड़ोस में रहने वाली महिला को मुंहबोली बहन बना रखा है। दोनों के परिवार में संबंध भी अच्छे थे। जिसके चलते एक-दूसरे के घर आना-जाना था। रंगपंचमी की रात सतीश शराब पीकर घर पहुंचा। इस दौरान पत्नी से उसका विवाद हो गया, सतीश अपने घर से मुंहबोली बहन के घर आ गया और रात में वहीं सोया। रात में नींद खुलने पर उसने कमरे में 12 साल की भांजी को अकेला देखा तो उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया और किसी को नहीं बताने की धमकी दी। सुबह सतीश के जाने पर नाबालिग ने अपनी बहन को घटनाक्रम बताया। नाबालिग को लेकर परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। मामला गंभीर और रिश्तों का शर्मसार करने वाला सामने आने पर पुलिस ने धारा 64 (2) (एफ), 64 (2) (एम), 65 (1), 351 (3) बीएनएस के साथ धारा 3/4, 5 (एल)/ 6, 5 (एन)/ 6 पास्को एक्ट का प्र्रकरण दर्ज किया। आरोपी की तलाश कर बुधवार को उसे हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार गुरूवार दोपहर आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### चैक बाउंस होने पर दर्ज कराई धोखाधड़ी की शिकायत...

# प्रापटी में इंवेस्ट का झांसा देकर न्यूरोसर्जन से ठगे 35 लाख

**उज्जैन।** प्रापर्टी में इंवेस्ट करने और कुछ दिनों में ही लाखों का मुनाफा होने का झांसा देकर प्रापर्टी का काम करने वाले ने न्यूरो सर्जन का 35 लाख की चपत लगा दी। महिनों गुजर जाने के बाद सर्जन ने रूपये लौटाने को कहा तो उसने चैक थमा दिये। बाउंस होने पर सर्जन ने मामले में धोखाधड़ी की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।

संत कबीर नगर में रहने वाले डॉ. रूपेश पिता प्रेमनारायण खत्री न्यूरो सर्जन है। 10 अक्टूबर 2024 को उनका संपर्क नानाखेड़ा क्षेत्र के रहने वाले कमलेश कोचट्टा से हुआ था। कमलेश प्रापर्टी संबंधित काम करता है। उसने डॉ. खत्री को मित्रनगर में 15 सौ स्क्वायर फीट का मकान 35 लाख का होना बताया और कहा कि इंवेस्ट करना फायदे का सौदा होगा। वह कुछ दिनों में ही 8 से 10 लाख अधिक दिलवा देगा।

डॉ. खत्री उसकी बातों में आ गये और 20 लाख रूपये नीलगंगा क्षेत्र में दिये, वहीं 15 लाख की राशि कमलेश की घर पर जाकर दी। कुछ दिनों के साथ महिनों गुजर गये, लेकिन इंवेस्ट की राशि मुनाफे के तौर पर नहीं मिली। ना ही खरीदी गई प्रापर्टी उनके नाम हो पाई। डॉ. खत्री ने कमलेश से रूपये मांगे तो आनाकानी करने लगा। जानकारी निकालने पर पता चला कि कमलेश ने उनसे लिये 35 लाख से जो मकान खरीदा था, उसकी रजिस्ट्री खुद के नाम करा ली है। डॉ. खत्री ने इंवेस्ट किये रूपये लौटाने को कहा तो कमलेश ने 10-10 लाख के चैक कुछ माह बाद के दिये। लेकिन कमलेश के खाते में रूपये नहीं होने पर चैक बाउंस हो गये। चैक बाउंस होने और 35 लाख वापस नहीं मिलने पर मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस से की गई। पुलिस ने जांच के बाद मामले में कमलेश कोचट्टा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (5) में प्रकरण दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी तरूण कुरील के अनुसार मामले में विवेचना की जा रही है। जल्द कमलेश को गिरफ्तार कर पूछताछ की जायेगी।

### मोबाइल से हुई युवक की पहचान

**उज्जैन।** मक्सीरोड रेलवे ट्रेक पर मृत मिले युवक की पहचान मोबाइल से कर ली गई। मृतक 2 दिनों से घर नहीं लौटा था। बुधवार सुबह परिजनों के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि मंगलवार-बुधवार रात थाना क्षेत्र के मक्सीरोड रेलवे ट्रेक से एक युवक का शव बरामद किया गया था।

संभवत: उसकी ट्रेन से गिरने पर मौत हुई थी। मृतक का शव अस्पताल पहुंचाया गया, इस दौरान घटनास्थल से क्षतिग्रस्त मोबाइल मिला। जिसकी सीम को दूसरे मोबाइल में डालकर उसमें दर्ज नम्बरों पर चर्चा शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि मृतक का नाम अमित पिता हीराम राठौर 21 साल निवासी ग्राम सनोली कानून नागदा धार है। मोबाइल नम्बर के आधार पर भाई से चर्चा हुई। जिसने उक्त नम्बर भाई अमित का बताया। उन्होने भाई को घटना की जानकारी दी और उज्जैन बुलाया। बुधवार सुबह भाई और परिजन उज्जैन चरक अस्पताल पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे। मृतक अमित होना सामने आया। परिजनों ने बताया कि अमित मेले में खिलौने बेचने का काम करता था। 2 दिन पहले समीप के गांव मेला लगा होने पर जाने का बोलकर निकला था। लेकिन वह उज्जैन तक कैसे पहुंचा इसका पता नहीं है। 2 दिन से वह घर भी नहीं लौटा था, ना ही उससे संपर्क हुआ था। प्रधान आरक्षक हरियाला के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन अंतिम संस्कार के लिये धार लेकर गये है।


**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने निलेश वर्रा पिता हेमराजजी वर्रा निवासी 55 अर्चना परिसर उज्जैन व हितेश अखण्ड पिता अशोक अखण्ड निवासी देसाईनगर उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 175/1/2/3/1 रकबा 0.1050 हैक्टर लगानी बरूएरेट की स्थित ग्राम दाउदखेडी तह० व जिला उज्जैन में है को कय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है व सौदा चिट्ठी लिखा ली है शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हो या भूमि कहीं रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त की हुई हो या भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो अथवा उक्त भूमि विक्रय के सम्बन्ध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 11-3-2026

प्रेषक
राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा)
एडवोकेट व नोटरी
51, दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन
मोबा० नं. 94250-91124, 8959999299



**समूह-5 के अंतर्गत स्टॉफ नर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ व अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा- 2026 के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं**

**आवेदन पत्र भरने की तिथि** 13.03.2026 से 27.03.2026 तक

**ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी**

**आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि** 13.03.2026 से 01.04.2026 तक

| संभावित परीक्षा दिनांक | परीक्षा की पाली | अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय | उत्तर अंकित का समय |
|---|---|---|---|
| 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ | प्रथम | प्रात: 08:00 से प्रात: 09:00 बजे तक | प्रात: 10:00 से 12:00 बजे तक (02 घंटे) |
| | द्वितीय | दोपहर 01:00 से दोपहर 02:00 बजे तक | दोपहर 03:00 से 05:00 बजे तक (02 घंटे) |

**आवेदन पत्र भरने की प्रकिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. परीक्षा के नियम, विभागवार रिक्त पदों की आरक्षण तालिकाएं एवं परीक्षा संचालन नियम से संबंधित विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.esb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **संभावित परीक्षा शहर-** भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, सीधी एवं उज्जैन
4. **परीक्षा शुल्क***

| | |
|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए | रु 500/- प्रति प्रश्न पत्र |
| केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस. एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए | रु 250/- प्रति प्रश्न पत्र |
| **ऑनलाइन आवेदन-** कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क | रु 60/- |
| अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क | रु 20/- |

**विशेष निर्देश :**

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पासपोर्ट, में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यपित (Verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अत: जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजीटल घड़ी, नकल पर्चा एवं Sun Glasses (धूप का चश्मा) आदि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अत: कम्प्यूटर आधारित (Online) परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णत: प्रावधिक (Provisional) होगी।

**विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।**

विज्ञापन क्र. 106 /2026

संचालक
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
Madhya Pradesh Employees Selection Board(MPESB)
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट) भोपाल - 462011
FAX : +91-0755-2550498, Website : www.esb.mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/124871/2026

# मन को मार्ग दिखाए कीर्तन



इस चंचल मन को कैसे एकाग्र किया जा सकता है? मनुष्य के पास दस इंद्रियां मानी गई हैं- पांच ज्ञानेंद्रियों और पांच कर्मेंद्रियां। इनके साथ मन को जोड़ दिया जाए, तो ये ग्यारह हो जाती हैं, जिन्हें ह्यएकादश इंद्रिय कहा जाता है। साधना का उद्देश्य इन सभी इंद्रियों और मन को विषय-वासना से हटाकर एक परम सत्य की ओर मोड़ देना है। इसी प्रक्रिया को अभिध्यान कहा गया है।

सामान्यतः मन पचास प्रकार की वृत्तियों में उलझा रहता है। कभी इच्छा, कभी क्रोध, कभी लोभ, कभी मोह- इन सबके बीच वह चंचल होकर भटकता रहता है। अभिध्यान का अर्थ है, इन बिखरी हुई वृत्तियों को समेटकर केंद्र की ओर ले जाना। प्रश्न उठता है कि किसकी ओर? उस परमपुरुष की ओर, जिससे मन की मूल सत्ता का उद्भव माना गया है।

यह दार्शनिक दृष्टि से समझाया गया है कि मनुष्य का मन सीधे परमपुरुष से नहीं आता। भूमामन (विराट चेतना) से जड़ जगत की उत्पत्ति होती है और जड़ से सूक्ष्म विकसित होकर अणुमन, अर्थात व्यक्तिगत मन का निर्माण होता है। सृष्टि की धारा एक से अनेक की ओर बहती है। विराट से जड़, और जड़ से व्यक्तिगत चेतना तक, पर जब साधक को वापस मूल की ओर लौटना है, तो वह जड़ के माध्यम से नहीं जा सकता। वह जड़ वस्तुओं में उलझा रहा, तो उसकी चेतना भी जड़वत हो जाएगी। इसलिए जड़ की उपासना को आध्यात्मिक प्रगति के लिए उचित नहीं माना गया। साधक को अपने अणुमन को सीधे भूमामन की ओर ले जाना होगा। यह कार्य सरल नहीं है, क्योंकि मन निरंतर इंद्रियों के माध्यम से बाहर भागता रहता है। आंखें देखना चाहती हैं, कान सुनना चाहते हैं, जीभ स्वाद व वाणी में लगी रहती है, हाथ-पैर कर्म में व्यस्त रहते हैं। इन सबको नियंत्रित करने की प्रक्रिया को प्रत्याहार कहा गया है, अर्थात इंद्रियों को उनके विषयों से खींचकर मन में समाहित करना। जब दसों इंद्रियों के कार्यों को समेटकर मन में मिला दिया जाता है और फिर मन को परमपुरुष की ओर मोड़ा जाता है, तब साधना का वास्तविक आरंभ होता है। साधना के दो मार्ग बताए गए हैं। एक, भीतर की ओर डूब जाना और तल्लीन हो जाना। दूसरा है, सभी इंद्रियों को एक ही कार्य में लगा देना, ताकि वे इधर-उधर न भटकें। इसी सिद्धांत के आधार पर कीर्तन की परंपरा विकसित हुई। कीर्तन केवल भक्ति-भाव नहीं, बल्कि एक मनोविज्ञान भी है। इसमें जीभ नाम-स्मरण करती है, कंठ गाता है, कान सुनते हैं, हाथ-पैर लय में गतिशील होते हैं। जब इंद्रियों को काम नहीं मिलता, तो वे भटकने लगती हैं, जैसे बिना कार्य के मनुष्य चंचल हो जाता है। कीर्तन में सबको व्यस्त रखा जाता है, ताकि मन एक दिशा में बना रहे। इसलिए कीर्तन करते रहना चाहिए।



सम्पादकीय

## ईंधन संकट की चिंता

ईरान और अमेरिका-इजरायल जंग को लेकर जो अंदेशे जताए जा रहे थे, वे अब सच होने लगे हैं। देश में एलपीजी सिलेंडरों के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी को अगर सीधे-सीधे इस युद्ध से जुड़ा हुआ फैसला न भी मानें, जैसा कि सरकार दावा कर रही है, तब भी इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत प्रति बैरल 100 डॉलर के ऊपर चली गई है। पिछले चार वर्षों में पहली बार कीमत इतनी बढ़ी है। जाहिर है, आपूर्ति शृंखला के बाधित होने से एक के बाद दूसरे तेल उत्पादक देशों ने दैनिक उत्पादन घटाना शुरू कर दिया है, जिससे दुनिया भर में ईंधन संकट गहराने लगा है। चिंता की बड़ी बात यह है कि जंग के जल्द खत्म होने की कोई सूरत नजर नहीं आ रही, उल्टे ईरानी फौज ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने देने को लेकर जैसी शर्त रखी है, वह हालात और बिगाड़ सकती है। ईरानी सेना से कहा है कि वह उन्हीं देशों के जहाजों को यहां से निकलने की इजाजत देगी, जो अपने यहां से इजरायली व अमेरिकी राजदूतों को निष्कासित करेंगे। स्पष्ट है, तेहरान उन देशों पर दबाव बनाने की चेष्टा कर रहा है, जिनकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह तेल पर निर्भर है और उनके यहां स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों का इस्तेमाल ईरान पर हवाई हमले में हो रहा है।

निस्संदेह, भारत सरकार मुस्तैद है और अपने तईं उसकी यही कोशिश है और आगे भी रहेगी कि हालात नियंत्रण के बाहर न जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ विशेष बैठक इसकी तस्दीक करती है। देश की तेल रिफाइनरियां अधिक एलपीजी उत्पादन कर रही हैं और तेल व गैस के प्रबंधन में पूरी चौकसी बरती जा रही है। सरकार ने देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी लागू किया है, ताकि गैस सिलेंडर या पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी की किसी भी कोशिश से तत्काल निपटा जा सके। ये सारी कवायदें शासन-प्रशासन के स्तर की हैं, जो उसे करनी ही चाहिए। सवाल यह है कि ऐसी स्थितियों में क्या नागरिकों का कोई दायित्व नहीं? आखिर सरकारों को आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करने की नौबत ही क्यों पड़ती है? हमने कोरोना महामारी के समय देखा था कि जहां कुछ लोग अपनी जान की परवाह न करते हुए संक्रमित लोगों की तीमारदारी और मृतकों की गरिमापूर्ण अंतिम विदाई में जुटे थे, ठीक उसी समय हमारे समाज के कई लोग ऑक्सीजन सिलेंडरों और कुछ खास दवाओं, इंजेक्शन की कालाबाजारी कर रहे थे।

### संदर्भः समुद्री खारे पानी को मीठा बनाने वाले जल संयंत्रों पर हमला

## खाड़ी देशों में पानी पर हमला

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर षुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेष मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट क्रेश्म द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल (डिसेलिनेषन प्लांट) संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निषाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिश्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देषों के जल संयंत्रों के विनाष तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देषों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। अतएव इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में भयावह जल संकट पैदा कर सकता है।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा। अब पूरे मध्य एषिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए है कि खाड़ी के देषों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की द्रोण और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं। जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नश्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं। जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नश्ट कर दिया जाए।

अमेरिका और इजरायल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेरहान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुआं से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं। दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते है। संयुक्त अरब आमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देषों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा। हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब आमीरात ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है। इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है। किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम है। इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है। ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं है। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम है, लेकिन कई साल से सूखा के चलते तेहरान के तलाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। अतएव ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश कियान ने कहा है कि हालात नहीं सुधरे तो तेहरान को खाली करना पड़ सकता है। लेकिन इतनी बड़ी आबादी को आखिर जल उपलब्ध होगा कहां से ?

इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजरायल की राजधानी तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें फ्यूचर जीप कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाता है। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है।

पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे है और 0.001 फीसद वाष्प और बादलों के रूप में है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है, उसमें 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है, जो नमकीन होने के कारण पीने लायक नहीं है। कुल उपलब्ध पानी में से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। इसमें से 2.4 फीसदी हिमखंडों के रूप में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा हुआ है। भूगर्भीय जल भण्डारों का बेइंतहा दोहन करने और शुद्ध पानी के प्राकृतिक भण्डारों के ऊपर बहुमंजिला इमारतें खडी किये जाने से दुनिया के जल भंडार सूख रहे हैं। भारत में मुंबई, चैन्नई, कोलकाता, गोवा, बापी, दमन, तिरूवनतपुरम, पुरी, एनार्कूलम, कोझीकोड़, रत्नागिरी और विजयनगरम जैसे नगरों का भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। इनमें सबसे बुरा हाल मुंबई का है। मुंबई में जिस तेजी से जल दोहन किया जा रहा है, उससे लगता है कि 2030 तक मुंबई के मीठे पानी के जल भण्डार रीत जाएंगे। मुंबई का पानी लगातार खत्म होता जा रहा है। यहां वर्शा का जो पानी जमीन सोखती है, वह एक निष्चित सीमा तक पहुंच पा रहा है, इसी के नीचे समुद्री क्षार वाला पानी बह रहा है, जो खारा है।

## सेल्फी का कुरुक्षेत्र

आज के युग में 'मोक्ष' की परिभाषा बदल गई है। पहले लोग काशी जाकर देह त्यागते थे ताकि स्वर्ग मिले, अब लोग 'डिजिटल फुटप्रिंट' छोड़ने के लिए पहाड़ की चोटी पर जाकर सेल्फी लेते हैं ताकि 'लाइक' मिले। स्वर्ग का तो पता नहीं, पर 'क्लाउड' पर जगह पक्की हो जाती है।

हमारे मोहल्ले के गजाधर बाबू का बेटा 'पिंटू' आजकल इसी मोक्ष मार्ग का पथिक है। पिंटू के लिए उसका चेहरा कोई जैविक अंग नहीं, बल्कि एक 'कैनवस' है जिसे वह हर पंद्रह मिनट में 'फिल्टर' के कूची से पोतता रहता है। उसके चेहरे पर उतने भाव नहीं आते, जितने उसके फोन में 'ब्यूटी मोड' के विकल्प हैं। वह जब मुस्कुराता है, तो लगता है जैसे किसी पुराने जर्जर मकान पर नया डिस्टेंपर कर दिया गया हो।

पिंटू की सेल्फी साधना का चरम तब आया जब वह अपनी नानी के श्राद्ध में भी 'कैप्शन' ढूंढ रहा था। लोग वहाँ दुखी थे कि आत्मा का क्या होगा, और पिंटू इस चिंता में घुला जा रहा था कि 'ब्लैक एंड व्हाइट' फिल्टर में उसकी आँखों की नमी 'सिम्पथी' (सहानुभूति) ज्यादा बटोरेगी या 'उदासी'। उसने एक ऐसी फोटो खींची जिसमें वह आधा मुँह लटकाए खड़ा था—जैसे किसी ने उसकी पतलून खींच ली हो—और नीचे लिख दियाः

असली तमाशा तब हुआ जब गजाधर बाबू ने उसे फटकार लगाई। गजाधर बाबू पुराने जमाने के आदमी हैं, उनका मानना है कि दुःख में चेहरा सुजाना चाहिए, न कि उसे 'एंगल' देकर सुडौल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, अरे ओ कलुआ के अवतार! ये दांत क्या चियार रहा है? नानी चली गई और तुझे रील की सूझ रही है?

पिंटू ने बड़े दार्शनिक अंदाज में जवाब दिया, पिताजी, शोक मनाना 'आउटडेटेड' हो गया है। अब 'ट्रिब्यूट' देना पड़ता है। अगर फेसबुक पर नानी की फोटो नहीं डाली, तो यमराज भी कन्फ्यूज हो जाएंगे कि आत्मा को ले कहाँ जाना है! बात तब बढ़ गई जब पिंटू ने मोहल्ले की एक शादी में दूल्हे के साथ 'पाउटी' सेल्फी लेने की कोशिश की। दूल्हा बेचारा शेरवानी में ऐसा फंसा था जैसे कद्दू में सुई चुभो दी गई हो। पिंटू ने उसके कंधे पर हाथ रखा और अपने होठों को ऐसे सिकोड़ा जैसे अभी-अभी नींबू चाट लिया हो।



### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12 मार्च 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:43 सूर्यास्त 18:31
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - अष्टमी अगले दिन 06:30 तक उपरांत नवमी
नक्षत्र - मूल 24:44 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - सिद्धि 09:58 उपरांत व्यतिपात
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा ।
मुस्लिम मास - रमजान मास 21 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मिथुन-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**कर्क-** लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**सिंह-** शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**कन्या-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**तुला-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक-** व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**मकर-** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी।

**कुंभ-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है।

**मीन-** भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## टी 20 वर्ल्ड कप 2026

हुई करोड़ों ऑखें झर-झर आनंद खुशियों से नम,
जीता भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप यारा अपने दम ।
पहाड़ों सी जटिल मुश्किलों को किया चकनाचूर,
राह के नुकीले कॉटों को पूर्ण समर्पण से किया दूर,
विपक्ष की टीम पर एकजुट हो शिकंजा तगड़ा कसा,
खिलाड़ी उतरे सत्य संकल्पित लक्ष्य नजरों में बसा,
कप्तान के निदेशों पर बढ़ाया जीत की ओर कदम ।
रचा ये स्वर्णिम इतिहास चूमकर मातृभूमि का माथा,
टीम स्प्रीट,धैर्य,आत्मविश्वास की बनी खुबसूरत गाथा,
कई रिकाड्र्स बना घर पर ही विजय का झंडा गाड़ा,
टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों के बड़े अंतर से पछाड़ा,
नीली जर्सी ने वूमेंस डे पर नया इतिहास रचा अनुपम ।
सूर्या,संजू,रिंकू,तिलक,बुमराह,हार्दिक,वरुण,ईशान,
दूबे,अक्सर,अभिषेक,अर्शदीप की जीत ये आलीशान,
पूरा विश्व दे रहा भारतीय क्रिकेट टीम को बधाइयॉं,
बॉटी जा रही गली-मुहल्ले आधी रात को मिठाइयॉं,
अशेष आशीर्वाद, दुआओं की लगी झड़ी झमा-झम ।
हुई करोड़ों ऑखें झर-झर आनंद खुशियों से नम,
जीता भारत ने टी 20 वर्ल्ड कप यारा अपने दम ।

– मोनिका डागा

## टीम इंडिया की प्रचंड जीत पर रचना

जब बल्ले ने गगन छुआ, गेंद ने इतिहास लिखा,
टी-20 का ताज सजा, भारत ने विश्व को जीत लिया।
गूँजा मैदान जयकारों से, तिरंगा लहराया शान से,
वीरों की इस विजय गाथा पर, हर दिल झूमे सम्मान से।
अब दीपावली की ज्योति जले, खुशियों का दीपक जगमगाए,
टीम इंडिया की जीत की खुशबू, हर आँगन में मुस्काए।
फुलझड़ी सी चमके खुशियाँ, पटाखों सा उल्लास हो,
हर दिल में बस एक ही स्वर–भारत का जयगान हो।
और जब होली के रंग बरसें, अबीर-गुलाल उड़ाए जाएँ,
विश्व विजेता टीम इंडिया को, प्रेम के रंग लगाए जाएँ।
हर रंग में हो गर्व हमारा, हर रंग में जयकार हो,
भारत माता के वीरों को, शत-शत बार नमस्कार हो।
दीपों की उजियारी हो या होली के रंग हजार,
टीम इंडिया की इस जीत पर, देश करे अभिनंदन अपार।
दीपावली की शुभकामनाएँ, होली का मंगल प्यार,
विश्व विजेता भारत को, बार-बार नमस्कार।

– मुकेश चौरसिया नलखेड़ा

## चाँदनी

आज देखो शाम कैसी सुहानी हो रही
यहाँ तो चमकते चाँद की रात भी दीवानी हो रही
कह न पा रही किसी से भी, दरख्तों कि सूखी पत्तियाँ
यहाँ तो चाँदनी के ,खिलने कि बात हो रही ।
मेहमां बने रातों के सब बाराती
यहाँ तो चाँद के ,धरती पर उतरने कि बात हो रही
चांदनी भी दूब संग नहाई है ओंस से
यहाँ तो पत्तियों के आँचल में , मोतियों की बात हो रही
क्यों फूल का नाजुक बदन खिल जाता रातों में
यहाँ तो चाँद की चाँदनी से इश्क की बात हो रही
भवरों की फूलों से पड़ गई फीकी मुहब्ब्त
यहाँ तो उजालों से ,बेवफा रातों की बात हो रही

## स्वस्थ आहार व जीवनशैली से स्वस्थ होगी किडनी

**12 मार्च, विश्व गुर्दा दिवस, (किडनी डिसीस)**

किडनी रोगी अकसर शुरूआती दौर में इसके लक्षण को हल्के और सामान्य रूप में लेते हैं ।किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। किडनी रक्त को फिल्टर करके अपशिष्ट और विषाक्त पदार्थ को बाहर निकालने, शरीर में द्रव संतुलन बनाए रखने, और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मददगार होती हैं । वैसे तो किडनी, हार्ट और लिवर की बीमारियाँ कुछ दशकों पहले तक उम्र बढ़ने के साथ देखी जाती थीं। आधुनिक जीवनशैली के खानपान से अब कम उम्र के लोग भी किडनी खराब के शिकार हो रहे है, यही नहीं ,बल्कि इसके कारण मौत के मामले भी बढ़ रहें हैं। वर्ल्ड किडनी डे₹ वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान है, जो किडनी के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने और दुनियाभर में किडनी रोगों के खतरे को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने पर जोर देता है। प्रतिवर्ष मार्च के दूसरे गुरुवार को ₹विश्व किडनी डे₹ मनाया जाता है।



डॉ. बी.आर. नलवाया,
(दैनिक अवन्तिका)

आजकल भागम-भाग की जिंदगी में आधुनिक खानपान की संस्कृति में व्यापक बदलाव देखा जा रहा है। संपूर्ण परिवार ही बाहर के खान- पान पर निर्भर देख जाता है। इससे फास्फोरस, पौटैशियमसोडियम जैसे जरूरी तत्त्वों की संतुलित मात्रा नहीं मिल पाती। भोजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए चटपटे मसालों का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जा रहा है। स्वाद के चक्कर में बाहर का खाना खाने से कई बीमारियों को न्योता देना-माना गया है। कई बीमारियों के खतरों में नमक की अधिकता से बीपी, बेन स्ट्रोक, दिल और किडनी की बीमारी की जोखिम बढ़ जाती है। देखा गया उत्तर भारत के लोग खाने में प्रोटीन और पोटैशियम की मात्रा बहुत कम लेते हैं। प्रोटीन की मात्रा सबसे अधिक मिलेट्स (श्री अन्न) में होती है। एक व्यक्ति को दिन में 3.50 ग्राम पौटैशियम की आवश्यकता होती है ,लेकिन उत्तर भारतीय थाली में इससे अधिक मात्रा में भी पोटैशियम नहीं होता। एक दिन में 700 माइक्रोग्राम, फास्फोरस की जरूरत होती है। इससे अधिक मात्रा में सेवन से धमनियौ, फेफड़ों, दिल व आँख में समस्या होने लगती है। हल्ड के अनुसार दिन भर के आहार में नमक की सकल मात्रा 5 ग्राम से कम होनी चाहिए। क्योंकि ज्यादा नमक और चीनी वाली चीजों का सेवन नुकसान प्रद होता है। इससे न सिर्फ ब्लड प्रेशर बढ़ने का दिल की समस्याओं' का खतरा रहता है।अधिक नमक ने आहार में सोडियम की मात्रा अधिक होती है, जो इससे किडनी को नुकसान पहुँचाती है।

यदि आप कम पानी पीने है, तो किडनी में विषाक्त पदार्थ एकत्रित होने लग जाते हैं। ये किडनी में स्टोन बढ़ाने कारक भी हो सकता है। यह आवश्यक है कि किडनी फेलियर के जोखिमों को कम करने के लिए रोजाना भरपूर मात्रा में पानी पीते रहते की सलाह जाती है। प्रतिदिन 3 से 4 लीटर पानी पीना स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है।

दर्द निवारक दवाओं और एंटी बायोटिक्स लम्बे समय तक या अत्यधिक सेवन किडनी नुकसान पहुंचा सकती है। कुछ दवाइयां और पेन किलर्स को बनाने में इस्तेमाल होने वाले घटक सीधे किडनी को प्रभावित करते हैं । इसलिए इनका उचित मात्रा में और डॉक्टर के परामर्श के अनुसार ही सेवन करना चाहिए

मनुष्य के जीवन काल में स्टोन (पथरी) बनने संभावना 5-10 प्रतिशत तक होती है। जिन्हें एक बार स्टोन बनता है, उनमें से 50 प्रतिशत लोगों में यह परेशानी बार-बार हो सकती है। स्टोन बनने का प्रमुख कारण पानी कम पीना तथा पेशाब की मात्रा में कमी।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1831-2729 चना काबली- 4000-4801, चना बड़ा- 2401-5411, रायड़ा- 5445, बलटा- 3601, सोयाबीन- 2027-5851, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,61,200, रवा- 1,61,000 चांदी- टंच- 2,65,500 पाट- 2,65,000।

## उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

धर्म-आस्था

## संकट से मुक्ति का संदेशः हनुमानजी और शनिदेव के प्रसंग से जीवन का मार्ग

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में देवताओं से जुड़े प्रसंग केवल कथा भर नहीं होते, बल्कि वे जीवन को दिशा देने वाले गहरे संदेश भी समेटे होते हैं। ऐसे ही एक प्रसंग में भगवान हनुमान और शनिदेव का उल्लेख मिलता है, जो मनुष्य को यह समझाता है कि संकट, कर्तव्य, श्रद्धा और मयार्दा का जीवन में कितना महत्व है। भक्त कवि गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है– संकट ते हनुमान छुड़ावें। यह पंक्ति केवल भक्ति का भाव नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक सत्य को प्रकट करती है। भारतीय मान्यता में शनि को संकट का प्रतीक माना जाता है, क्योंकि वे कर्मों के अनुसार फल देने वाले न्याय देवता हैं। परन्तु एक प्रसंग यह भी बताता है कि जब संकट धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने वाले के सामने आता है, तो वह भी अंततः करुणा और कृपा में बदल जाता है।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

कथा के अनुसार एक समय भगवान हनुमान पर्वत की तलहटी में विश्राम कर रहे थे। उसी समय शनिदेव उनके सिर पर आकर बैठ गए। हनुमानजी ने सिर खुजलाते हुए सोचा कि शायद कोई कीड़ा आ गया है। जब उन्होंने पूछा कि कौन है, तब शनिदेव ने अपना परिचय देते हुए कहा कि वे शनि हैं और अब कुछ समय तक उनके सिर पर निवास करेंगे।

हनुमानजी ने आश्चर्य से कहा कि उन्होंने ही उन्हें रावण के बंधन से मुक्त कराया था, फिर भी वे उनके सिर पर संकट बनकर क्यों आना चाहते हैं। शनिदेव ने उत्तर दिया कि कर्म का फल सबको भोगना पड़ता है और वे साढ़े सात वर्षों तक वहीं रहेंगे।

हनुमानजी ने समझाने का प्रयास किया कि वे तो श्रीराम की सेवा में लगे रहने वाले साधारण सेवक हैं। उनके लिए इतना समय संकट में रहना कठिन होगा। लेकिन जब शनिदेव नहीं माने, तब हनुमानजी ने एक बड़ा पत्थर उठाकर अपने सिर पर रख लिया। वह पत्थर शनिदेव के ऊपर आ गया और दबाव बढ़ने लगा। जब हनुमानजी ने पत्थर को हिलाया-डुलाया तो शनिदेव व्याकुल हो उठे। थोड़ी ही देर में उन्हें अपनी स्थिति का आभास हो गया और उन्होंने विनती करते हुए कहा कि उन्हें मुक्त कर दिया जाए। तब हनुमानजी ने कहा कि अभी तो साढ़े सात मिनट भी नहीं हुए, जबकि वे साढ़े सात वर्ष रहने की बात कर रहे थे।

अंततः शनिदेव ने हनुमानजी से क्षमा माँगी और एक वरदान दिया। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति श्रद्धा से हनुमानजी का स्मरण करेगा, विशेष रूप से शनिवार के दिन उनकी स्तुति करेगा, उसे वे कष्ट नहीं देंगे। इस प्रकार यह प्रसंग केवल एक रोचक कथा नहीं, बल्कि यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति और सेवा भाव के सामने संकट भी झुक जाता है। यह कथा आगे चलकर जीवन के एक बड़े सत्य की ओर संकेत करती है। मनुष्य के जीवन में जो संकट आते हैं, वे केवल बाहरी परिस्थितियाँ नहीं होते। शास्त्रों में तीन प्रकार के ताप बताए गए हैं–दैहिक, दैविक और भौतिक। शरीर से जुड़े कष्ट, प्रकृति या भाग्य से जुड़ी विपत्तियाँ और भौतिक जीवन की चिंताएँ–ये तीनों ही मनुष्य को अस्थिर कर देते हैं। इनसे मुक्ति का मार्ग केवल आध्यात्मिक जागरूकता और ईश्वर स्मरण में निहित है। रामचरितमानस में वर्णित आदर्श व्यवस्था, जिसे रामराज्य कहा जाता है, भी इसी जीवनदृष्टि को प्रस्तुत करती है। रामराज्य केवल शासन की व्यवस्था का नाम नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के स्वभाव की दिव्य अवस्था का प्रतीक है। वहाँ समाज का आधार प्रेम, मयार्दा और कर्तव्य होता है। जब समाज में लोग परस्पर प्रेम करते हैं और अपने-अपने धर्म अर्थात कर्तव्य का पालन करते हैं, तब स्वाभाविक रूप से संतुलन और शांति स्थापित होती है। यही कारण है कि मयार्दा को जीवन का आधार माना गया है। मर्यादा का उल्लंघन छोटे से छोटे स्तर पर भी बड़े संकट का कारण बन सकता है।

जीवन में भय, मोह और शोक भी तीन बड़े संकट माने गए हैं। भूतकाल की घटनाओं पर पछतावा, वर्तमान की वस्तुओं से अत्यधिक आसक्ति और भविष्य की चिंता–ये तीनों मनुष्य को मानसिक रूप से अशांत कर देते हैं। परन्तु जब मन में श्रद्धा और विश्वास होता है, तब यह भय धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है।

भक्ति परंपरा में हनुमानजी को संकटमोचक कहा गया है। इसका अर्थ केवल यह नहीं कि वे चमत्कार से संकट दूर कर देते हैं, बल्कि उनका चरित्र मनुष्य को यह सिखाता है कि निस्वार्थ सेवा, विनम्रता, साहस और श्रद्धा जीवन के सबसे बड़े सहायक हैं।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## पूर्व विधायक चौहान से बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति ने की मुलाकात

**महिदपुर।** महिदपुर स्थित डॉक्टर बी आर अंबेडकर मांगलिक भवन को शोषित पीड़ित समाज की भविष्य की पीडिया के लिए कितना बेहतर बनाया जा सके इस हेतु समिति प्रतिबद्ध है इसी लक्ष्य प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए समिति के संरक्षक जे के मालवीय और सदस्य नरेंद्र परमार ने महिदपुर रेस्ट हाउस पर पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान से मुलाकात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया जिस पर पूर्व विधायक द्वारा अपेक्षित सभी प्रकार का सहयोग करने की बात कही और कहा कि मैं तन मन धन से समर्पित हूं भवन मेरे ही कार्यकाल में बनाया गया है उसे और अधिक सुंदर बनाने की पहल के लिए उन्होंने समिति की सराहना की तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फोन लगाकर समिति को पूर्ण सहयोग देने हेतु निर्देश दिया। सनद रहे इसके पूर्व समिति ने वर्तमान विधायक माननीय दिनेश जैन बोस से भी मुलाकात की थी जिस पर उन्होंने भी इसी प्रकार का समर्पण दिखाते हुए समिति को पूर्ण सहयोग के साथ 11 लाख रुपए देने की बात कही थी जो इसी महीने मार्च में उनके द्वारा दी जाएगी। स्पष्ट है कि दोनों ही पूर्व व वर्तमान विधायक बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति द्वारा डॉक्टर अंबेडकर मांगलिक भवन और परिसर के सौंदर्य करण के लिए जिस दिशा में कार्य कर रहे हैं उसके साथ हैं और आगामी प्रतिमा स्थापना जिसमें तीनों महापुरुष भगवान बिरसा मुंडा, डॉ बी आर अंबेडकर तथा महात्मा फुले की प्रतिमाएं स्थापित की जानी है पर एकमत हैं जिससे अनुसूचित समाज को और अधिक विश्वास हुआ है कि भविष्य में इस मांगलिक भवन का उपयोग निर्माण के उद्देश्यों को पूर्ण करेगा।

## गंभीर क्षिप्रा के संगम मेलेश्वर महादेव से 14 मार्च से शुरू होगी पंचक्रोशी यात्रा

### संगम पर अमावस्या स्नान के साथ समापन

**महिदपुर।** नगर से 10 किलोमीटर दूर गंभीर व क्षिप्रा नदी के संगम स्थान आलोट जागीर से 14 मार्च को 31वीं पंचक्रोशी यात्रा पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ होगी। संगम स्थान से 31 वर्ष पूर्व मेवाण के स्व. चुन्नीलाल शर्मा व खाचरौद क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. पुरुषोत्तम विपट की कल्पना से इस पंचक्रोशी यात्रा का शुभारम्भ किया गया। प्राचीन व ऐतिहासिक संगम स्थल के मेलेश्वर महादेव मंदिर का दानदाताओं ने लाखो रुपये खर्च कर जिर्णोद्धार किया गया। पंचक्रोशी यात्रा में सैकड़ो धर्मप्रेमी सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेते है। 14 मार्च को रात्रि विश्राम राजा विक्रमादित्य के आराध्यदेव पूर्ववाहिनी क्षिप्रा तट स्थित धुर्जटेश्वर महादेव प्रांगण में होगा। 15 मार्च को कढ़ाई के चिंतामण गणपति मंदिर दर्शन कर महिदपुर नगर में प्रवेश कर पुराने किले के मैदान में स्थित प्राचीन लक्ष्मी मंदिर के दर्शन कर भीमाखेड़ा होकर नगर से 6 किलोमीटर दूर स्थित धनवंतरी महादेव प्रांगण में दर्शन व रात्रि विश्राम करेगी। 16 मार्च को ढाबला ढाबली, ईटावा, डूंगला होकर बिल्केश्वर महादेव में रात्रि विश्राम कर 17 मार्च को बिल्केश्वर से पार्वती माता कुकलखेड़ा होकर कृष्ण सुदामा विश्राम स्थली नारायणाधाम में रात्रि विश्राम कर 18 मार्च को कृष्ण सुदामा का पूजन अर्चन कर ग्राम चिढ़ी भुवनेश्वरी माता मंदिर झिरन्या होकर आलोट जागीर रात्रि विश्राम कर 19 मार्च अमावस्या पर संगम स्थान पर समापन होगा। श्री मेलेश्वर महादेव पंचक्रोशी यात्रा समिति ने धर्मप्रेमियों से पंचक्रोशी यात्रा में भाग लेकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## धतरावदा जोड़ के समीप अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त, चालक की दर्दनाक मौत, 1 घायल

**शाजापुर।** ग्वालियर से जावरा की ओर जा रहे दो युवकों का सफर शाजापुर जिले में एक दर्दनाक हादसे में तब्दील हो गया। मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धतरावदा जोड़ के समीप उनकी अल्टो कार एक भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हृदय विदारक घटना में कार चालक की जान चली गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान कार चालक अल्पेश पठान के रूप में हुई है, जबकि हादसे में 21 वर्षीय युवक ऋषभ सिंह परिहार घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपनी अल्टो कार से ग्वालियर से निकले थे और जावरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान धतरावदा जोड़ के समीप यह हादसा घटित हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मोहन बड़ोदिया थाने की पुलिस टीम और डायल 112 तुरंत हरकत में आई।

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड कार्यालय 301, तृतीय मंजिल पाटीदार टॉवर फ्रीगंज, उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड/प्लींथ क्रमांक 31 स्थित विजय नगर ग्राम उंडासा प.ह.न. 41 तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 428 वर्गफीट है। जिसके पूर्व मे - कॉलोनी का रोड़, पश्चिम मे - भूखण्ड क्रमांक 29, उत्तर मे - भूखण्ड क्रमांक 32, दक्षिण मे - भूखण्ड क्रमांक 30 का भाग स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्रीमति रानी राजपुत पति श्री पवन राजपुत एवं पवन राजपुत पिता श्री राजाराम राजपुत ने इसके पूर्वस्वामी रामअवतार सिंह पिता भीकमसिंह यादव से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022020A1794118 दिनांक 27/11/2020 के माध्यम से क्रय कि। एवं रानी राजपुत तथा पवन राजपुत के द्वारा उक्त संपत्ति पर IIFL HOME FINANCE LIMITED से ऋण प्राप्त किया गया तथा रानी राजपुत व पवन राजपुत के द्वारा ऋण नहीं चुकाये जाने पर IIFL HOME FINANCE LIMITED द्वारा अधिकृत राहुल ने उक्त संपत्ति नीलम कर विक्रय पत्र क्रमांक MP17IGR18842024A100082826 दिनांक 26/12/2024 के माध्यम से श्रीमति सीमा पति श्री ओमप्रकाश को विक्रय कि है। तथा श्रीमति सीमा ने रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन में आवेदन किया हैं, तथा मेरे पक्षकार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा. लि. उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार रोहा हाउसिंग फायनेन्स प्रा.लि. उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

I hitherto known Vidya Lakhorkar W/O Umesh Lakhorkar, residing at E-7 Gulmohar Green Ujjain, Indore Road, Ujjain, PO: Ujjain Govt. Engg. Dist: Ujjain, Madhya Pradesh 456010, have changed my name and shall hereafter be known as Madhuri Lakhorkar.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.
**Vidya Lakhorkar**

वसूली के लिए पंप कर्मचारी को पीटा था, पुलिस ने

# सीसीटीवी से पहचान कर सीएनजी पंप पर मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में सीएनजी पंप पर अवैध वसूली और मारपीट के मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। औद्योगिक थाना पुलिस ने मंगलवार शाम आठ आरोपियों को पकड़ा, जबकि दो आरोपियों को एक दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।



### पंप कर्मचारी से की मारपीट

यह घटना दो दिन पहले मधु मिलन चौराहा स्थित गेल गैस सीएनजी पंप पर हुई थी। मैजिक वाहन से गैस भराने आए सलीम नाम के व्यक्ति ने पंप कर्मचारी मनीष से अवैध वसूली के लिए पैसे मांगे और धमकी दी। जब कर्मचारी ने पैसे देने से मना किया, तो सलीम ने अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद करीब दर्जनभर लोगों ने मिलकर कर्मचारी के साथ मारपीट की।

### सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, इसके बाद बाकी फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों ने अलग-अलग जगह दबिश दी और आठ अन्य आरोपियों को भी पकड़ लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार शहर में लगाए गए ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी कैमरे अपराधियों के लिए बड़ी चुनौती बन रहे हैं। इन कैमरों की मदद से कई घटनाओं का जल्दी खुलासा हो रहा है और आरोपियों की पहचान आसान हो रही है।

## सेंटर क्लस्टर की रोटरी चौपाल 14 मार्च को, तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

### होली मिलन समारोह भी संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौंरासा



रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे सुशील मल्होत्रा के नेतृत्व में सेंटर क्लस्टर की रोटरी चौपाल का आयोजन 14 मार्च 2026 को भौंरासा में किया जाएगा। इस आयोजन में रोटरी क्लब भौंरासा, देवास, हाटपीपल्या एवं सोनकच्छ संयुक्त रूप से सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में इंदौर, उज्जैन सहित अन्य क्लबों के सदस्य भी शामिल होंगे।

रोटरी चौपाल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शक्ति माताजी मंदिर परिसर, भौंरासा में आयोजक क्लबों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही रोटरी चौपाल में रोटरी के सेवा कार्यों पर चर्चा के साथ फाग उत्सव भी मनाया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री एवं उनकी टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

पूर्व रोटरी गवर्नर सत्यनारायण लाठी, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, कार्यक्रम चेयरमैन प्रदीप मंत्री, सुधीर पंडित के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में रोटरी क्लब भौंरासा के अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह नागर, रोटरी क्लब सोनकच्छ के अध्यक्ष दिनेश राठौर, रोटरी क्लब देवास के अध्यक्ष डॉ. सचिन नागर, भौंरासा क्लब के सचिव किशोर वर्मा, रोटरी क्लब सोनकच्छ के सचिव महेशचंद्र राठौर, रघुवीर सिंह ठाकुर, कन्हैयालाल खाटवा ,पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह जाधव, सहित रोटरी क्लब भौंरासा , देवास हाटपीपल्या एवं सोनकच्छ क्लबों के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के पश्चात रोटरी क्लब भौंरासा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

## मकानों की नंबरिंग कर रहे पटवारी के साथ ग्रामीण ने की मारपीट, मामला दर्ज

**शाजापुर।** जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में शासकीय कार्य में बाधा डालने और एक पटवारी के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। सोमवार को ग्राम जामन में जनगणना और मकानों की नंबरिंग का कार्य कर रहे पटवारी पर एक ग्रामीण ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपी ने न केवल सरकारी काम रुकवाया, बल्कि पटवारी को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मंगलवार को घटनास्थल का मुआयना कर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार है।

### पहचान पत्र मांगकर शुरू किया विवाद

मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम लड़ावद निवासी 31 वर्षीय प्रकाशचंद सिकरवार पटवारी, हल्का क्रमांक 143 ग्राम पचावता ने घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के निर्देश पर पटवारी प्रकाशचंद को 27 फरवरी से अपने हल्का क्षेत्र के गांवों में भवनों की गणना और नंबरिंग का जिम्मा सौंपा गया था। इसी सिलसिले में सोमवार, 9 मार्च की सुबह करीब 10.30 बजे वे गणना दल के सदस्य पंचायत सचिव जफर बेग और ग्राम जामन के कोटवार मांगीलाल मालवीय के साथ ग्राम जामन में कार्य कर रहे थे।

## गुमशुदा महिला को कोर्ट के आदेश से परिजनों को सौंपा

महिदपुर रोड। स्थानीय पुलिस ने ग्राम झुटावद की एक गुमशुदा महिला को परिजनों द्वारा गुमशुदगी रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज करते हुए लगातार उसकी तलाश आसपास के पुलिस स्थान के माध्यम के साथ तकनीकी सहायता से करते हुए उज्जैन देवास के मध्य होना पाये जाने पर वहां से मंगलवार 10 मार्च को दस्तयाब किया। थाना प्रभारी राम सिंह बाबू ने जानकारी देते हुए बताया महिला के परिजनों ने महिला के 27 फरवरी को उसकी गुमशुदगी की सूचना महिदपुर रोड थाने में दी थी। एसडीओपी महिदपुर के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने महिला को दस्तयाब किया। इस कार्य में ए एस आई रविंदर सिंह बैस तथा कमलेश चौहान की विशेष भूमिका रही।

## म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा आदर्श गांव की कार्ययोजना

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था अकोदिया नगर जन उत्थान समिति द्वारा नगर, ग्राम विकास प्रस्फ ुटन समिति की भूमिका विषय पर एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकोदिया में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार घनश्याम लोहार रहे, साथ ही जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद, नगर ब्लॉक समन्वयक सीमा बैंडवाल एवं सेक्टर प्रभारी राहुल विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रस्फु टन समिति के अध्यक्ष, सचिव तथा नवांकुर संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान नगर एवं ग्राम विकास में प्रस्फु टन समिति की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही समिति के कार्यों जैसे दीवार लेखन, दस्तावेजीकरण, जल मंदिर, बर्तन बैंक तथा नवांकुर सखी जैसी सामाजिक पहल के बारे में भी कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कमल सांखला तथा आभार केदार सिंह राजपूत ने माना। कार्यक्रम के समापन पर नवांकुर संस्था के सकारात्मक सामाजिक कार्य करने वाले कार्यकताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। अंतिम सत्र में रमेशचंद राजपूत और राहुल परमार ने अपने-अपने विषय पर विचार व्यक्त किए।

## कबीर फाउंडेशन ने मनाया राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले का महापरिनिर्वाण दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले के महापरिनिर्वाण दिवस पर कबीर फाउंडेशन के द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामचंद्र चौहान, विशेष अतिथि तोलाराम सिसोदिया रहे। अध्यक्षता मालवीय बलाई समा धर्मशाला के अध्यक्ष शिवनारायण धारिया ने की। इस दौरान मौजूद वक्ताओं ने सावित्री बाई फुले के जीवन, संघर्ष और समाज सुधार के लिए उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने बताया कि सावित्री बाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपने पति ज्योतिबाफुले के साथ मिलकर वर्ष 1848 में लड़कियों के लिए पहला आधुनिक विद्यालय शुरू किया। उस समय समाज में महिलाओं की शिक्षा को लेकर अनेक बाधाएं थीं, लेकिन उन्होंने साहस और दृढ़ संकल्प के साथ इन चुनौतियों का सामना किया। कार्यक्रम में कबीर फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह बामनिया ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने महिलाओं, दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया, उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले के आदर्शों को अपनाने और शिक्षा तथा समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुखराम मालवीय, बाबूलाल बोड़ाना, रामचन्द्र मालवीय, रामचन्द्र पारस, नागूलाल फुलेरा, एडवोकेट अशोक मालवीय, राजा मेवाड़ा, नारायणसिंह मालवीय, कन्हैयालाल राठौड़, राहुल मेवाड़ा, लोकेंद्र पारस सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे। संचालन सचिव अनिल मालवीय ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश सिसनोरिया ने दी।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन क्रमांक 06 का पूर्वी दिशा वाला भाग स्थित महाकाल एवेन्यू, ग्राम लालपुर, देवास रोड उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 37.17 वर्गमीटर अर्थात 400 वर्गफीट है, जो मंजिला पक्का आर.सी.सी. का निर्मित है, जिसके पूर्व दिशा मे - भूखण्ड / भवन क्रमांक 01, पश्चिम दिशा मे - भूखण्ड / भवन क्रमांक 06 का शेष भाग, उत्तर दिशा मे - कालोनी की सडक एवं दक्षिण दिशा मे - भूखण्ड / भवन क्रमांक 07 है को राजपालसिंह राठौर पिता श्री भगवानसिंह राठौर, निवासी ग्राम कडछली तहसील व जिला उज्जैन से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 11-03-2026 स्थान - उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर : 94250 92749**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने तरूण मि×ल पिता श्री रमेशचन्द्र मि×ल निवासी-21, पटवा बाखल, पटनी बाजार, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 374/2 रकबा 0.180 हैक्टेयर, कुल किता 01, कुल रकबा 0.180 हैक्टेयर, स्थित ग्राम निनोरा पटवारी हल्का नंबर 34, तहसील व जिला उज्जैन में हैं जिसका भू-अधिकार पुस्तिका सी एल आर नंबर 11119249364 है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है यदि उक्त संपूर्ण भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांकः 11.03.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर- 9827228461**



## शीतला माता को ठंडे भोजन का भोग लगाकर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

**भौरासा।** हिन्दी पंचांग के अनुसार होली के सातवें दिन माता शीतला को भोजन के माध्यम से याद किया जाता है उन्हें ठंडे भोजन का भोग लगाया जाता है रंग पंचमी के दो दिन बाद शीतला सतमी आती है आज मंगलवार को महिलाओं के द्वारा शीतला माता की पूजा की गई ऐसा बताते हैं कि उनकी कृपा से निरोगी जीवन का आशीष प्राप्त होता है।शीतला माता को हमेशा बासी भोजन का ही भोग लगाया जाता है. पूजा के बाद मां को मीठा भात (ओलिया), खाजा, चूरमा, मगद, नमक पारे, शक्कर पारे, बेसन चक्की, पुए, पकौड़ी,राबड़ी, बाजरे की रोटी, पूड़ी, सब्जी भोग लगाया जाता है. शीतला सप्तमी की पूजा के बाद चालीसा पढ़ी जाती है.इस दिन घरों में चूल्हा नहीं जलता है और एक दिन पहले बने ठंडे भोजन का भोग लगाया जाता है जिसे प्रसाद के रूप में सभी लोग ग्रहण करते है। शीतला माता मंदिर पुजारी अनिल कुंभकार के द्वारा बताया गया कि आज रात्रि 3 बजे से ही नगर के माली मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर भौरासा थाना परिसर के पास लोधी मोहल्ला में स्थित शीतला माता मंदिर व पटेल के ओटलै पर स्थित शीतला माता मंदिर एवं देव धर्म गली देव मंदिर के पास मैं स्थित मंदिर में सोमवार रात्रि 3 बजे से ही महिलाएं मां शीतला की पूजा करने पहुंची व सुख समृद्धि की कामना की व माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ

**खरसौदकलां।** शीतला सप्तमी पर पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक मुकेश पंड्या उपस्थित थे। ग्राम पंचायत के तत्वावधान में आयोजित मेला उपज मंडी परिसर में शुभारंभ शीतला माता की तस्वीर दीपमालिका प्रज्वलित कर किया।इस दौरान मंच पर पूर्व विधायक मुकेश पंडया के अलावा पुर्व विधायक शांतिलाल धबाई ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, अर्जुनसिंह पटेल, मेला समिति अध्यक्ष पुखराज जैन ,मंडल अध्यक्ष विजयराज सिंह राठौर , सुरेश पटेल ,मोर्चा प्रभारी पंकज बारिया के अलावा ग्राम पंचायत सरपंच मेला समिति सदस्य आदि मंचासिन थे।

## मुंडला सोंधिया में भीषण आग, करीब 25 बीघा फसल जलकर राख



**झारड़ा।** क्षेत्र के ग्राम मुंडला सोंधिया में सोमवार दोपहर अचानक लगी भीषण आग में कई किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों व ग्रामीणों के अनुसार दोपहर करीब 1:20 बजे खेतों में अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों तक फैल गई। आग की तेज लपटों के कारण किसानों की खड़ी फसल कुछ ही समय में जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों एवं पटवारी से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस आगजनी की घटना में शिव सिंह पिता बापू सिंह, दरबार सिंह पिता बापू सिंह, कृपाल सिंह पिता मांगू सिंह, अर्जुन सिंह पिता फते सिंह, भगवान सिंह पिता फते सिंह, नैन सिंह पिता फते सिंह, देवेंद्र सिंह पिता प्रधान सिंह, वजे सिंह पिता गिरवर सिंह, बनेसिंह, धारा सिंह कालू सिंह, मोकम सिंह, नर्मदा बाई तथा अखम सिंह सहित कई किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा और खेतों का निरीक्षण कर पंचनामा बनाकर नुकसान का आकलन किया। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात कारणों से आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। मामले में जानकारी के लिए संबंधित पटवारी से संपर्क किया गया, जिन्होंने बताया कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार करीब 25 बीघा के आसपास फसल को नुकसान हुआ है, हालांकि अंतिम रिपोर्ट जांच के बाद स्पष्ट होगी। इस घटना से प्रभावित किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने श्रीमती चंदा बाई पति केदारसिंह, मुकेशसिंह, राजेश, मनोज, श्रीमती बबली पति कैदार, श्रीमती सरस्वती चौहान पति श्याम सिंह, मनोज, रानी, रीना पिता श्याम सिंह चौहान, संतोषसिंह, दिलीप पिता सरदारसिंह, श्रीमती कृष्णा चौहान पति कमल सिंह चौहान, मंगलसिंह, श्रीमती पूजा चौहान पिता कमल सिंह चौहान निवासी ग्राम पोटलोद तह. सांवेर जिला इन्दौर म.प्र. से उनके स्वामित्व एंव अधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम पोटलोद तह. सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) स्थित मे सर्वे नंबर 503/1, 529, 1035 कुल रकबा 0.383 हेक्टर कृषि भूमि को सर्वभारमुक्त स्थिति मे क्रय करने का सौदा किया होकर सारवान बयाना राशि भी हमारे पक्षकार ने उक्त विक्रेतापक्ष को अदा कर दी है। सदर सम्पत्ति पर यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय निकाय का कोई ऋण, भार, चार्ज, आपत्ति हो तो इस सुचना के प्रकाशन से सात दिन के अन्दर लेखी प्रमाण सहित हमारे कार्यालय पर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद के योग्य लिखा पढी करवा ली जाएगी व किसी भी प्रकार की आपत्ति हमारे पक्षकार एवं उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय पर बंधनकारक नही रहेगी।

**एडव्होकेट- सुदामा चौधरी, संदीप भेरूलाल कुमावत**
**तहसील चौक अजनोद रोड़ सांवेर**
**मो.- 8103006522, 9753745666**

## न्यूज कॉलम

### जल संसाधन विभाग में चल रहा टेंडर सिंडिकेट, चुनिंदा फर्मों को मिल रहे ठेके

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को जल संसाधन विभाग में चल रहे बड़े भ्रष्टाचार के नेटवर्क का खुलासा किया है। पटवारी ने दस्तावेजों के साथ आरोप लगाया कि प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के नाम पर केवल 'ठेकेदारी और कमीशन' का खेल चल रहा है। उन्होंने सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर जांच नहीं हुई, तो कांग्रेस सबूतों के साथ सीबीआई के पास जाएगी। पटवारी ने तंज कसते हुए कहा- सरकार इसे 'कृषि वर्ष' कह रही है, जबकि यह 'कमीशन वर्ष' है। कल ही सरकार ने 5800 करोड़ का कर्ज लिया है, लेकिन यह पैसा किसानों के पास नहीं, बल्कि चहेते ठेकेदारों की जेब में जा रहा है। पटवारी ने कहा कि बड़े टेंडरों में केवल फलोदी और गुप्ता कंस्ट्रक्शन जैसी कंपनियां ही दिखती हैं। यह रोटेशन सिस्टम है, जहां कभी एक कंपनी एल1 (सबसे कम बोली) बनती है तो कभी दूसरी। प्रतिस्पर्धा खत्म कर दी गई है। पटवारी ने दो रहस्यमयी नामों नौशाद और अश्विन नाटू का जिक्र किया। उन्होंने पूछा कि ये लोग कौन हैं और विभाग में इनकी क्या भूमिका है? आरोप लगाया कि इन लोगों के साथ मंत्रियों के रिश्तेदारों के दुबई में साझा बिजनेस हैं। यह मामला सीधे तौर पर 'मनी लॉन्ड्रिंग' से जुड़ा हो सकता है। फर्जी बैंक गारंटी का 'महाघोटाला' आरोप है कि विभाग में फर्जी बैंक गारंटी जमा कर ठेकेदार करोड़ों का एडवांस ले रहे हैं। जल निगम में फर्जीवाड़ा पकड़ने के बाद भी जल संसाधन विभाग और एनवीडीए में 'ई-बैंक गारंटी' सिस्टम लागू नहीं किया गया, ताकि फर्जीवाड़ा जारी रहे।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा भ्रमण हेतु छात्र ईश्वरसिंह का हुआ चयन

**आगर मालवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर मालवा के छात्र ईश्वरसिंह सूर्यवंशी का भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा भ्रमण हेतु चयन होने पर महाविद्यालय के स्टॉफ एवं सहपाठियों ने छात्र का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। छात्र ईश्वर एनएसएस का सक्रिय स्वयं सेवक है और महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में अग्रिम पंक्ति में सहभगिता करता है। प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ पी एन फागना ने बताया कि मां तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत सीमा भ्रमण के में प्रतिभागी तनोट माता मंदिर, लोंगेवाला पोस्ट एवं जैसलमेर राजस्थान बॉर्डर सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन करेंगे, जहां वे देश की संस्कृति, इतिहास एवं सीमा सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे।

### कलेक्टर ने ईवीएम गोदाम का किया निरीक्षण

**आगर मालवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम गोदाम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गोदाम में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा डबल लॉक सिस्टम का अवलोकन करते हुए आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी आरपी वर्मा, निर्वाचन सुपरवाइजर राजेंद्र पांड्या, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल से अशोक प्रजापत और राजू मुल्तानी उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री चौहान का दौरा कार्यक्रम

**आगर मालवा।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री, नागर सिंह चौहान 13 मार्च को आगर मालवा जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री चौहान, 13 मार्च को दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस आगर मालवा पहुंचेंगे तथा इसके पश्चात बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में दर्शन करेंगे। दोपहर 12:30 बजे सर्किट हाउस में जिला कोर कमेटी की बैठक लेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे नगर पालिका परिषद आगर में हितग्राहियों को पट्टा वितरण तथा अटल पथ का भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

**निविदा संख्या: EL/TRD/58/2x25/EPC-PSI/01, दिनांक: 10.03.2026. कार्य का नाम:** Design, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132/55KV Scott Connected Traction Substation and Switching Posts for 2x25KV feeding system between Godhra-Ratlam section of Ratlam Division of Western Railway. **अनुमानित लागत:** रु. 146,06,00,000/-. **बयाना राशि:** रु. 74,53,000/-. **समापन अवधि:** 24 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 25.03.2026 upto 15:00 hrs की जगह 10.04.2026 upto 15:00 hrs. **तकनीकी बोलियां खोलने की की दिनांक एवं समय:** 06.04.2026 upto 15:30 hrs की जगह 21.04.2026 upto 15:30 hrs. **ऑफर की वैधता:** 180 days from the date of opening. **वेबसाइट: www.ireps.gov.in नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। DE/13/1/503

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

# माइनिंग कारोबारी पर इनकम टैक्स का छापा

## दलीप गुप्ता के घर दिल्ली की आईटी टीम ने मारी रेड, जांच जारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

राजधानी भोपाल में आयकर विभाग ने माइनिंग कारोबारी दिलीप गुप्ता के ठिकानों पर बुधवार सुबह छापा मारा। दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम ने शहर के कई स्थानों पर एक साथ रेड डालकर जांच शुरू की।

सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की टीम सुबह से ही दिलीप गुप्ता के भोपाल स्थित ठिकानों पर पहुंच गई। टीम ने अलग-अलग स्थानों पर एक साथ कार्रवाई करते हुए दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच शुरू की।

छापे की कार्रवाई के दौरान आयकर अधिकारी कारोबारी से जुड़े कागजात, बैंक लेनदेन और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की पड़ताल कर रहे हैं। टीम पूरे मामले में आय और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड खंगाल रही है।

इससे पहले आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भी दिलीप गुप्ता के भोपाल स्थित दो ठिकानों पर छापा मार चुका है। उस कार्रवाई में टीम को बड़ी मात्रा में नकदी, दस्तावेज और कई महत्वपूर्ण फाइलें मिली थीं। फिलहाल आयकर विभाग की टीम जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों के अनुसार दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

**जाहिर सूचना**

**"नानाखेडा" (उज्जैन विकास प्राधिकरण) स्थित वेद नगर योजना उज्जैन का एल. आई. जी. भवन नंबर ए-16/10/एफ, पैकि तल मंजिल का भाग व भवन नंबर ए-16/10/एफ, पैकि प्रथम मंजिल बाबद्**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने **1. श्री रमेशचन्द्र पिता श्री सीताराम जी गुर्जर 2. श्री सचिन गुर्जर पिता श्री रमेशचन्द्र जी गुर्जर पता 135, दशहरा मैदान उज्जैन म.प्र.** से उनके स्वामित्व एवम् आधिपत्य की **आवासीय (क्षेत्रफल 330 वर्गफीट)** को क्रय करने का अनुबंध कर आंशिक धनराशि अदा कर दी है। सदर संपत्ति पर किसी का कोई भार, बोझ, स्वत्व अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से **सात दिवस** की अवधि मे सप्रमाण लिखित में निम्न पते पर सम्पर्क करे अवधि के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगी एवं विक्रय पत्र पंजीयन करा लिया जावेगा।

**डी.के. चण्डक (एडव्होकेट)**
101, "जानकी चेम्बर" प्रथम मंजिल, 32/2, मोती तबेला मेनरोड़, फायर ब्रिगेड के आगे, इन्दौर
मो. 98272-66101, 98269-99101

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 39 स्थित कालीदास मार्ग पथ क्रमांक 5ए, गली न. 01 किशनपुरा उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुलक्षेत्रफल 21.00 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- रोड़, पश्चिम में- गली, उत्तर मे- राकेश गोठवाल का भवन, दक्षिण मे- पुष्पलता पति श्री मुकेश बोहरा का भवन स्थित है। उक्त सम्पत्ति इंदराबाई पति स्व. श्री ओमप्रकाश अखण्ड ने इसके पूर्वस्वामी मुकेश कुमार पिता बाबुलाल जी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022018ए1435586 दिनांक 21/06/2018 के माध्यम से क्रय कि। एवं श्रीमति इंदराबाई ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध श्री दिलीप पिता स्व. श्री रामप्रसाद ललावत से किया है। एवं श्री दिलीप ललावत के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार का उक्त सम्पत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित हैं अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 11/03/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमाक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री भरतलाल उर्फ भारतलाल राठौर पिता मागीलाल जी राठौर आयु 44 वर्ष निवासी 47, शिवाजी नगर नानाखेड़ा उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्य व आधिपत्य का भवन क्रमांक 35 का मध्यम भाग जिसका वर्तमान म्युनिसिपल क्रमास 35/1 सेक्टर-सी सार्थक नगर मॉडल स्कूल मैदान के पीछे सांवेर रोड़ उज्जैन म. प्र. में स्थित है। उक्त मकान क्रमांक 35/1 जिसकी लम्बाई पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 9.80 मीटर तथा चौडाई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 4.80 मीटर होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 47.04 वर्गमीटर है। उका भवन दो मजिला आर.सी.सी. की छत से निर्मित है। जिसकी चतुसीर्मा इस प्रकार है कि, पूर्व में भवन क्रमांक 31 अन्य का. पश्चिम में रोड कॉलोनी की, उत्तर में भवन क्रमांक 35 का शेष भाग व दक्षिण में भवन क्रमांक 35 का शेष भाग स्थित है। उक्त भवन को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक दिनांक 09/03/2026 को किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय राशि अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किये जाने में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त भवन पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राईवेट संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का कोई ऋण बकाया हो, पेढीआदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उपरोक्त भवन के सम्बन्ध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो किसी प्रकार का पारिवारिक वाद विवाद हो या उक्त भवन विक्रय बाबत किसी को आपत्ति हो उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो लो, इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस में मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। बाद समयावधि व्यतित होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) करवा ली जावेगी। उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही रहेगी। इति दिनांक 12/03/2026

**शेख अब्दुल रज्जाक**
**एडवोकेट**
**89/1, तात्या टोपे मार्ग, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास फ्रिगंज उज्जैन म. प्र.**
**मो. न. 98068-68673, 86027-26008**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री कालू पिता श्री लाला जाति बागरी निवासी ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 248/7 रकबा 0.25 हैक्टर, सर्वे नम्बर 248/10 रकबा 0.38 हैक्टर व सर्वे नम्बर 252/1 रकबा 0.20 हैक्टर भूमि कुल किता 03 कुल रकबा 0.83 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा अनुबंध पत्र किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 03 (तीन) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांकः- 11-03-2026

**अश्विन पलोड़**
**(सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 99265-32350**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड स्वामी श्री सिद्धार्थ शर्मा पिता श्री विजय शर्मा. निवासी-बी-2/10 वसंत विहार, नानाखेडा, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भूखण्ड़ क्रमांक 6 व 6 से लगी अतिरिक्त भूमि जो कि मित्रनगर पुलिस कॉलोनी, नानाखेडा उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भूखण्ड़ का कुल क्षेत्रफल-132.19 वर्गमीटर है। भूखण्ड की चर्तुःसीमा में पूर्व दिशा में-30 फीट चौडी सडक, पश्चिम दिशा में व्यासजी का मकान, उत्तर दिशा में विनिता रावल का मकान एवं दक्षिण दिशा में राजेश का मकान स्थित है। उक्त चर्तुःसीमा के मध्य स्थित भूखण्ड को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भूखण्ड़ पर भूखण्ड स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक-11.03.2026

**राजकुमार प्रजापत**
**एडवोकेट कार्यालय-अ-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 9425946659**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण श्री पुरालाल पिता श्री रामाजी जाति बलाई निवासी ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन व श्रीमति श्यामूबाई पिता श्री प्रताप पति श्री बहादुरसिंह जाति बलाई निवासी ग्राम खुरचन्या चन्द्रभान तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 56/1/2/1 रकबा 0.50 हैक्टर व सर्वे नम्बर 56/1/1/1 रकबा 0.42 हैक्टर भूमि में से रकबा 0.30 हैक्टर भूमि बरूख पश्चिम दिशा कुल किता 02 कुल रकबा 0.80 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा अनुबंध पत्र किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 03 (तीन) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखे। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 11-03-2026

**अश्विन पलोड़ (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मो. 99265-32350**

**ADITYA BIRLA CAPITAL** — LOANS INVESTMENTS INSURANCE PAYMENTS

**आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**

रजिस्टर्ड ऑफिसः इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात-362266. ब्रांच का पताः प्लॉट नंबर-17, विजया बिल्डिंग, दूसरी मंज़िल, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-110001

**APPENDIX IV [सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 का रूल 8 (1) देखें]**
**सिंबॉलिक पजेशन नोटिस (इमोवेबल प्रॉपर्टी के लिए)**

आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड और आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के बीच 11.03.2024 की स्कीम ऑफ अमेलगमेशन के तहत, जिसे नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल अहमदाबाद द्वारा 24.03.2025 को पास किए गए ऑर्डर में सही तरीके से रिकॉर्ड किया गया है, नीचे बताए गए लोन अकाउंट और मॉर्गेज्ड प्रॉपर्टी के संबंध में आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा या उसके खिलाफ शुरू किए गए/शुरू किए जाने वाले सभी ऑपरेशन/कॉन्ट्रैक्ट/ऑब्लिगेशन, लीगल एक्शन/कॉरेस्पोंडेंस/कम्युनिकेशन/सरफेसी एक्शन, अमेलगमेटेड कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिए गए हैं।

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में दिनांक 24.12.2025 को एक मांग नोटिस जारी किया जिसमें उधारकताओं अर्थात मेसर्स फ्लेम एन फ्लेम, प्रोप्राइटर के माध्यम से; रमेश भारतीय; विद्या देवी भारतीय; आलोक भारतीय को नोटिस में उल्लिखित राशि रु. 1,38,68,760.96/- (एक करोड़ अड़तीस लाख अड़सठ हजार सात सौ साठ पैसे और छियानवे पैसे केवल) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया और कर्जदारों ने रकम वापस नहीं की है, इसलिए कर्जदारों और आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे साइन करने वाले ने सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के रूल 8 के साथ बताए गए एक्ट के सेक्शन 13(4) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, साल 2026 के इस 11 मार्च को नीचे बताई गई प्रॉपर्टी का सिंबॉलिक पजेशन ले लिया है।

खास तौर पर कर्जदारों और आम जनता को यह चेतावनी दी जाती है कि वे प्रॉपर्टी से कोई डील न करें और प्रॉपर्टी से कोई भी डील आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड पर 1,38,68,760.96/- रुपये (एक करोड़ अड़तीस लाख अड़सठ हजार सात सौ साठ पैसे छियानवे पैसे सिर्फ) और उस पर ब्याज का चार्ज लगेगा।

कर्ज लेने वालों का ध्यान एक्ट के सेक्शन 13 के सब-सेक्शन 8 के नियमों की ओर दिलाया जाता है, जिसमें सिक्योर्ड एसेट्स को रिडीम करने के लिए उपलब्ध समय के बारे में बताया गया है।

**अचल संपत्ती का विवरण-**

रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी का वह पूरा हिस्सा जिस पर लिखा हैः म्युनिसिपल नंबर 13/1बी, 1/4 का हिस्सा, यंत्रमहल मार्ग-1, पथ क्रमांक 1, नीलगंगा रोड, उज्जैन, मध्य प्रदेश-456006 पर स्थित, जिसका साइज 51.05 स्क्वेयर मी. है, जिसके मालिक विद्या देवी भारतीय और रमेश भारतीय हैं, जो नीचे बताए गए तरीके से घिरा हैः पूरबः रोड, उत्तर शास्त्रीजी का घर, पश्चिमः तिवारीजी का प्लॉट, दक्षिणः शशि शर्मा का घर

प्लॉट नंबर सी-450 का दक्षिणी हिस्सा, जिसका साइज 49.576 स्क्वेयर मी. है, विवेकानंद नगर, उज्जैन, मध्य प्रदेश-456010 पर स्थित, जिसके मालिक विद्या देवी भारतीय हैं, जो नीचे बताए गए तरीके से घिरा हैः पूरबः दूसरे का प्लॉट, उत्तरः रमेश भारतीय का प्लॉट, पश्चिमः बंद गली, दक्षिणः खुली जमीन और उत्तरी हिस्सा प्लॉट नंबर सी-450, जिसका साइज 123.889 स्क्वेयर मी. है, विवेकानंद नगर, उज्जैन, मध्य प्रदेश- 456010 में है, जिसके मालिक रमेश भारतीय हैं, जिसकी सीमा नीचे बताई गई हैः पूरबः दूसरे का प्लॉट, उत्तरः खुली जमीन, पश्चिमः बंद गली, दक्षिणः विद्या देवी भारतीय का प्लॉट।

**तारीखः 11/03/2026, जगहः उज्जैन, मध्य प्रदेश**

**ऑथराइज्ड ऑफिसर,**
**(आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड)**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर, जिला शाजापुर (म.प्र.)

क्रं. / 718/राजस्व/2025-26/ — शाजापुर, दिनांक 10.03.2026

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद शाजापुर द्वारा दिनांक 19.03.2026 से 02.04.2026 तक आयोजित श्री राजराजेश्वरी माता चैत्र नवरात्रि मेले में वाहनों के अस्थाई पार्किंग स्थल यो लिये आरक्षित मूल्य 1,66,100/- रुपए के विरुद्ध उच्यतम दरें दिनांक 06.03.2026 से 13.03.2026 को सायं 6:00 बजे तक बन्द लिफाफे में आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक निविदाकार निविदा प्रपत्र मूल्य 500/- रुपए तथा अमानत राशि 25000/-रुपए नगरपालिका कार्यालय में जमा कराये जाकर, निविदा प्रपत्र आवक-जावक शाखा से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदा प्रपत्र में अपनी निविदा दर दर्ज कर, कार्यालयीन समय में सीलबन्द किये में भावपत्र लिफाफे डाले जा सकेंगे। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के भावपत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे। पार्किंग शुल्क की दरें (1) सायकल 5/-रु. (2) स्कूटर/मोटर सायकल 10/-(3) चार पहिया वाहन 20/- रू. प्रति वाहन रहेगी। प्राप्त निविदा दरें दिनांक 14.03.2026 को दोपहर 3:00 बजे निविदाकारों के समक्ष नगरपालिका कार्यालय में खोले जायेंगे। अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा में देखी जा सकती हैं।

| (प्रेम जैन) | (पं. सन्तोष जोशी) | (दिनेश सौराष्ट्रीय) | (भूपेन्द्र कुमार दीक्षित) |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सभापति राजस्य एवं बाजार समिति | मुख्य नगरपालिका अधिकारी |
| न.पा.परिषद शाजापुर | न.पा.परिषद शाजापुर | न.पा.परिषद शाजापुर | न.पा. परिषद शाजापुर |

## संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल

कचनार ई-5 पर्यावरण परिसर अरेटा कॉलोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल-462016
ई-मेल: mptownplan @mp.gov.in दूरभाष: 0755-2427091

**क्रमांकः TDR202620182817621** — **दिनांकः 06-Mar-2026**

**(नियम 2 के उपनियम (एक) का खण्ड (झ) दिखिए) उत्पादन क्षेत्र संबंधी अधिसूचना**

मध्यप्रदेश हस्ततरणीय विकास नियम 2018 के नियम 3 (पांच) शक्तियों का उपयोग करते हुए, Municipal Corporation Ujjain द्वारा Transportation हेतु ली गई सम्पति, जिसके लिए संचालक एतद् द्वारा सार्वजनिक जानकारी हेतु Ujjain निवेश क्षेत्र में उत्पादन क्षेत्र को निम्नलिखित अनुसूची में दर्शाए अनुसार प्रस्तावित है:-

**अनुसूची**

निर्दिष्ट योजना/प्रावधान के अंतर्गत परियोजना Construction of road from Koyla Fatak Square to Gopal Mandir (Part-4 Kanthal Square to Satigate)". जिसकी क्रियान्वयन एजेंसी Municipal Corporation Ujjain है, Ujjain' क्षेत्र में स्थित है तथा यह परियोजना Transportation हेतु प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्य से संबंधित क्षेत्र/भूमियों का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया जाता है।

**Detail of Proposed Plot**

| क्रमांक | भूखंड/प्लाट | क्षेत्र / मोहल्ला | प्रभावित व्यक्तियों का विवरण | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | H.NO 98, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | ARPIT KALA | 12.8 |
| 2 | H.NO 97, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | ANILKUMAR GADIYA | 16 |
| 3 | HINO 96/2, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | FAKKRUDDIN | 3.5 |
| 4 | H.NO 96/1, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | SANTOSH JAIN | 48.85 |
| 5 | GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | VIKAS GHARANI, AGRAWAL KACHORI SHOP | 13.44 |
| 6 | H.NO 75, GOPAL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | PARAG BHANDARI, SUNIL MEDICAL | 0.4 |
| 7 | H.NO 91,SATIGATE GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | SHRIPAL KUMAR TIKAMKUMAR SAKLECHA | 12,1 |
| 8 | H.NO 90.SATIGATE GOPAL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | DINESH JAIN | 10.8 |
| 9 | H.NO 89,SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | SHANTI DEVI, PRAMOD NAGAR | 25.2 |
| 10 | H.NO 88,SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | ARUN KUMAR GUPTA | 7.5 |
| 11 | H.NO BB,SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | KAILASH MAHESHWARI | 20.79 |
| 12 | HINO 88,SATICATE, COPAL MANDIR MARC KANTHAL CHOURAHA | COPAL MANDIR MARG | FULKUWAR BAI | 15.0 |
| 13 | H.NO 104, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | GANESH PORWAL | 11.1 |
| 14 | H.NO 105, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | NEMICHAND JAIN, BHERURAL JAIN | 12 |
| 15 | H.NO 106, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | DEVENDRA BHANSARE, DHARMENDRA BHANSARE | 12 |
| 16 | H.NO 107, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | MAHAVIR KUMAR GADIYA | 12 |
| 17 | H.NO 108, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | ABHAY KUMAR GADIYA | 12 |
| 18 | H.NO 110, GOPAL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | PRADEEP KUMAR GADIYA | 12 |
| 19 | AL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR | ASHOK KUMAR KARA | 12 |
| 20 | H.NO 112, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | KRISHNA GARG, LALCHAND AND CHANDNANI | 25.5 |
| 21 | H.NO 113 PART, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | RAVINDRA KUMAR JOSHI,NANDKISHOR JOSHI (SUNDAR MANDIR VASTRA) | 2.75 |
| 22 | H.NO 113 PARI, GOPAL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | MANISH KUMAR, SHARAD KUMAR,SRI RAM MARKET | 4.3/ |
| 23 | H.NO 113 PART, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | SURESH PALRECHA | 4.93 |
| 24 | H.NO 113 PART, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | SURESH DHANWANI SHRIRAM MARKET | 5.5 |
| 25 | H.NO 115, GOPAL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | RAKESH SHARMA, VEDNATH MEDICAL | 12.82 |
| 26 | H.NO 115, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | BHERU SINGH DAULAT SINGH | 8.64 |
| 27 | HINO 117, GOPAL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | PRAVEEN PORWAL (SRINATH COLLECTION) | 8.99 |
| 28 | H.NO 118, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | SW.GULABCHAND (RAJ ELECTRIC/REKHA CUT PIECE) | 14.21 |
| 29 | H.NO 119,SATIGATE GOPAL MANDIR MARG.KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | RAJESH NEEMA, MOHANLAL MANIRAM NEEMA | 8.99 |
| 30 | H.NO 120,SATIGATE GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | JAGDISH BHATT (SHRI COLLECTION) | 2.95 |
| 31 | H.NO 120/2,SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | PURSHOTTAM BHATT (MAHESH GARMENTS) | 1.77 |
| 32 | H.NO 120 PART, SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | PURSHOTTAM BHATT, SHARDA BHATT, STYAWATI BHATT | 4.42 |
| 33 | H.NO 121,SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | SRIDHAR KUMAR MUNDRA | 9.61 |
| 34 | HINO 121/1,SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | SHANKARLAL SONI, PRIYANSHU SONI | 12.76 |
| 35 | H.NO 122,SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | NIRMAL PAMNANI | 7.29 |
| 36 | HNO 122/1,SATIGATE, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | BASANT PAMNANI | 8.37 |
| 37 | H.NO 101, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | MANISH GUPTA | 10.5 |
| 38 | H.NO 101, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | OMPRAKASH NATWANI | 9.6 |
| 39 | H.NO 100, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | BHARAT JAIN, MANISH JAIN | 32 |
| 40 | H.NO 100, GOPAL MANDIR MARG, KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | RAJKUMARI CHAJED | 8.85 |
| 41 | H.NO 99, GOPAL MANDIR MARG KANTHAL CHOURAHA | GOPAL MANDIR MARG | CHAMPAKALAL DAVE | 12 |
| | | कुल | | 468 वर्ग मीटर |

प्रस्तावित उत्पादन क्षेत्र घोषित किए जोन हेतु किए गए प्रकाशन की तिथि से 15 दिन की समयावधि के लिए आम जनता के निरीक्षण हेतु **https://tdr.mp.gov.in/Web/publicObjection/105/TDR202620182817621** की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे ।।

यदि कोई आपत्ति / सुझाव प्रस्तावित उत्पादन क्षेत्र के संबंध में हो तो, वह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल अथवा संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय Ujjain को, दैनिक समाचार पत्रों में इस सूचना के प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिवस की अवधि का अवसान होने के पूर्व सम्यक विचार हेतु प्रस्तुत किये जा सकते है।

**संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

न्यूज-कॉलम

## कलेक्टर ने चारा एवं भूसे के निर्यात पर 31 मई तक लगाया प्रतिबंध

**मंदसौर ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती अदिती गर्ग ने जिले में चारा एवं भूसे के निर्यात को रोकने के लिए पर 31 मई तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। मंदसौर जिला अंतर्गत चारा/भुसा के निर्यात होने व अन्?य कारणों से पशुओं के भुसा एवं चारा आदि की कमी होने की आशंका है। जिले मे उत्पादित भुसा एवं चारे को पशुओं हेतु पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एवं संग्रहण करना आवश्यक है। म.प्र. पशु चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2 हजार के निहित प्रावधानों के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए पशुओं के आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारा, भुसा, घास, ज्वार आदि पशु चारे का उपयोग ईंट भट्टे में जलाने, फैक्ट्रियों में जलाने एवं जिले की सीमा से बाहर निर्यात को तत्काल प्रभाव से 31 मई 2026 तक के लिए प्रतिबन्ध लगाया।

## किसान काला सोना अफीम सहेज कर इकट्ठा कर रहे

**नीमच।** वर्तमान में मंदसौर, नीमच, चित्तौड़ जिले में बहुत आयात में अफीम की खेती होती है ।जिसके अफीम फसल के डोडे से अफीम द्रव्य पदार्थ प्राप्त होता है ।जिसे स्थानीय भाषा में काला सोना भी कहा जाता है। डोड से निकलने वाला सफेद द्रव्य दूध सूखने के बाद अफीम द्रव्य काल सोना बन जाता है। जिससे विभिन्न जटिल बीमारियों के लिए दर्द निवारक सहित अन्य दवाइयों का निर्माण भी होता है ।अफीम फसल से पहली बार अफीम प्राप्त करने के लिए चीरा लगाया जाता है ।इसके पहल काली मां की पूजा और मादक बयार के बीच बीच निकलता काला सोना जो दवा निर्माण में उपयोगी होकर , विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों का जीवन बचाता है। इन दिनों अफीम मालवा-मेवाड़ के खेतों में इन दिनों मादक बयार से लहलहा रहे हैं। इन खेतों में खड़े अफीम के पौधे से किसान काला सोना अफीम सहेज कर इकट्ठा कर रहे हैं। यह अफीम लाइसेंसी प्रक्रिया के अंतर्गत केंद्र सरकार को देना होती है जिसके बदले वह तय कीमत अफीम किसानों को भुगतान करती है। इसे जहां जीवन रक्षक औषधि कहा जाता वहीं इसका दुरुपयोग होने पर यह बबार्दी की जड़ भी। राजस्थान व कुछ प्रदेश के हिस्सों मेंमच अंचल में भी इन दिनों अफीम बयार बह रही है।

## अन्नपूर्णा सेवा न्यास के माध्यम से संगीत प्रतिभा का चयन होगा

**नीमच।** प्रदेश के प्रतिभावान लोगों से भरे खूबसूरत शहर नीमच में प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से एक सुंदर प्रयास 14 फरवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। जो दिनांकः 14 मार्च को फोर जीरो, भारत माता चौराहा, पर शाम 7 बजे से रात 8 बजे एक घंटा अवधि के लिए होगाद्य जिसमे शहर सहित जिले भर के बच्चे, महिलाएँ, युवा एवं बुजुर्ग सभी अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे । इस कार्यक्रम में संगीत व गायन विधाओं मैं रुचि रखने वाले लोगों को मंच प्रदान किया जावेगा द्य सभी जानते हैं, संगीत एक इसी विधा है। जिससे जुड़ने के बाद व्यक्ति तनावमुक्त होकर, सकून महसूस करता है । विशेषज्ञों ने भी माना है की संगीत मानसिक तनाव में राहत प्रदान करता है। शहर की अन्नपूर्णा न्यास के सोजन्य से आयोजित इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले की ऐसी प्रतिभाओं को मंच देना है जिन्हें अभी तक उचित अवसर नहीं मिल पाया है द्य साथ ही संगीत के माध्यम से समाज में खुशी और सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास है।

## सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर अजाक्स रतलाम ने किया स्मरण

**रतलाम।** देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर अजाक्स रतलाम द्वारा जिला चिकित्सालय कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके जीवन और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

# खेल आयोजन स्वस्थ रहने का माध्यम हैं एवं खेल भावना से हमेशा बेहतर नतीजों के लिये संघर्षरत रहें -महामंत्री आरजी काबर

### वे.रे.मजदूर संघ की दादा माहुरकर की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ,पहले दिन हुए चार मैच

**ओम त्रिवेदी**

**रतलाम।** वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के पूर्व महामंत्री स्व.दादा जे.जी माहुरकर की स्मृति में आज दिनांक 11 मार्च को भव्य अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रेलवे खेल मैदान पर उद्घाटन हुआष। उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि वेरेमस के महामंत्री आरजी काबर एवं विशेष अतिथि अध्यक्ष हिरेन मेहता , सीनियर डीपीओ अविनाश कुमार,भावनगर मंडल सचिव अवनि ओझा, जोनल जेसी बैंक डायरेक्टर रश्मि चौधरी रहे। श्री अर्जी काबर ने बल्ले से शार्ट लगाकर मैच की शुरूआत करवाई गई साथ ही इसके पश्चात तिरंगे गुब्बारे छोड़कर मैच की शुरूआत हुई।



मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी ने अतिथियों का स्वागत किया। वेरेमस महामंत्री काबर ने संबोधित करते हुए कहा इस तरह के आयोजन आपको स्वस्थ रहने के लिये प्रेरित करते हैं खेल स्वस्थ रहने का माध्यम हैं, सभी में खेल भावना होनी चाहिये और खिलड़ियों को कभी हार नहीं माननी चाहिये हमेशा संघर्षत रहना चाहिये यही खेल हमें सिखाता हैं द्य इस तरह के आयोजन टीमवर्क बढ़ाते हैं एवं आपसी सामंजस्य और भाईचारा बढ़ता है और संबंध मजबूत होते है। मंडल मंत्री अभिलाष नागर ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं से आपकी संबंध मजबूत होते हैं और प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है ।

सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे ने बताया प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग ले रही है द्य जिनमे आज पहला मैच गार्ड 11 और ब्रिज के बीच खेला गया जिसे ब्रिज ने 5 विकेट से जीत हासिल की मेन ऑफ द मैच विजय रहें ।दूसरा मैच डीएडीएन और टीआरडी के बीच खेला गया जिसे डीएडीएन ने 7 विकेट से जीता ।मेन आफ द मैच धर्मेश रहें। तीसरा मैच टीएमसी और कमर्शियल के बीच खेला गया जिसे टीएमसी ने 8 विकेट से जीता। मेन आफ द मैच पंकज रहे।चौथा मैच उज्जैन और इलेक्ट्रिकल के बीच खेला गया जिसे उज्जैन ने 9 विकेट से जीता ।मेन ऑफ द मैच पंकज रहे द्य कल गुरुवार को चार मैच खेले जाएंगे।इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अतुल सिंह राठौड़,जेसी बैंक डायरेक्टर सचिन मिश्रा, संयुक्त मंडल मंत्री चैतन्य चौधरी व बलराम बढ़गोतिया,सहायक मंडल मंत्री नरेंद्र सिंह सोलंकी व योगेश पाल,मंडल कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह गौतम,सीडब्ल्यूसी सदस्य गौरव संत, मिश्रा, शाखा सचिव संजय कुमार,बापी चौधरी, दीपक गुप्ता,इमरान खान,अमित चौहान, सुमित गर्ग,युवा अध्यक्ष अशोक टंडन, युवा सचिव रणधीर सिंह गुर्जर, राजेंद्र चौधरी, जयंत अग्रवाल,दिनेश छपरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए ग्रामीण चार्ज अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

## जनगणना 2027 के द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

भारत की आगामी जनगणना 2027 के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र के कम्प्यूटर लैब में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के चार्ज अधिकारियों को मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के जिला प्रभारी श्री अभिषेक ठाकुर द्वारा अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली एवं प्रथम चरण में किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए नगरीय और ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। इन अधिकारियों को जिला स्तर पर चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू और व्यवस्थित रूप से संपन्न किया जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज जनगणना अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जनगणना लिपिक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

द्वितीय चरण के इस प्रशिक्षण में जिला जनगणना पुस्तिका से संबंधित जानकारी के साथ-साथ सीएमएमएस (ष्टरूरूस्) पोर्टल पर हैंड्स-ऑन अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, ग्राम निर्देशिका एवं नगर निर्देशिका अनुसूची, प्रक्रिया प्रवाह तथा जनगणना से जुड़ी विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

श्री अभिषेक ठाकुर द्वारा एमएमएस पोर्टल पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण देते हुए प्रगणकों एवं सुपर वाइजरों की सूची को एक्सेल के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करने तथा उनके नियुक्ति आदेश जारी करने की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं, जिससे जनगणना २०२७ के प्रथम चरण के कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।

# सांवलिया सेठ के भंडार से निकले 36.49 करोड़ नगदी

**सोने-चांदी के आइटम्स का वजन होगा, अब तक 6 राउंड की गिनती होंगी**

**नीमच।** मालवा मेवाड के कृष्णधाम श्रीसांवलियाजी सेठ मंदिर में भंडार की गिनती का छठा राउंड मंगलवार को पूरा हुआ। दानपात्र और भंडार से 1 करोड 95 लाख 27 हजार रुपए की गिनती की गई। छह राउंड की गिनती में कुल 36 करोड़ 49 लाख 82 हजार रुपए का चढ़ावा आया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, बुधवार को होने वाला सातवां राउंड संभवतः अंतिम राउंड होगा। इसमें चिल्लर, ऑनलाइन दान और सोने-चांदी के गहनों समेत अन्य आइटम्स का तौल किया जायेगा। ठाकुरजी का भंडार 2 मार्च को करीब डेढ़ महीने बाद खोला गया था। पहले राउंड की गिनती में कुल 10 करोड 65 लाख रुपए प्राप्त हुए दूसरे राउंड में 7.25 करोड़ रुपए निकलेः 3 मार्च को चंद्र ग्रहण व सूतक और 4 मार्च को फूलडोल महोत्सव के कारण गिनती नहीं की गई। 5 मार्च को दूसरे राउंड में कुल 7 करोड़ 25 लाख 80 हजार रुपए की राशि मिली। मंदिर प्रशासन का कहना है कि नवंबर, 2025 में खोले गए भंडार के दौरान 51 करोड 27 लाख 30 हजार 112 रुपए चढावा आया था।




# गेहूं उपार्जन में 66 हजार किसानों ने करवाया पंजीयन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में रबी विपणन वर्ष के लिए किसानों का पंजीयन कार्य किया गया। जिले में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों ने उत्साहपूर्वक पंजीयन कराया है। अब तक जिले में लगभग 66 हजार 32 किसानों ने गेहूं का पंजीयन कराया है, जो किसानों की सक्रिय भागीदारी को दशार्ता है।

जिले की विभिन्न तहसीलों में भी किसानों ने बड़ी संख्या में पंजीयन कराया है। सीतामऊ तहसील में 12 हजार 953 किसानों, मल्हारगढ़ में 8 हजार 547, मंदसौर तहसील में 8 हजार 141, शामगढ़ में 8 हजार 91, तथा सुवासरा में 8 हजार 60 किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। इसके अतिरिक्त भानपुरा में 6 हजार 374, गरोठ में 6 हजार 435, दलौदा में 5 हजार 863 तथा मंदसौर नगर क्षेत्र में 1 हजार 568 किसानों ने भी पंजीयन कराया है।

इसी प्रकार अन्य फसलों में भी किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। जिले में चना फसल के लिए 14 हजार 288 किसानों, मसूर के लिए 4 हजार 768 किसानों तथा सरसों के लिए 3 हजार 889 किसानों ने पंजीयन कराया है। प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन की प्रक्रिया को सरल बनाया गया था, जिससे बड़ी संख्या में किसान आसानी से अपना पंजीयन करा सके।

किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत शासन का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना तथा उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुगम बनाना है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि उपार्जन संबंधी सभी आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करें तथा निर्धारित समय पर अपनी उपज उपार्जन केंद्रों पर विक्रय के लिए लाएं, ताकि उन्हें शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ प्राप्त हो सके।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा-2024 में बड़े स्तर पर हुआ फर्जीवाडा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा-2024 में बड़े स्तर पर हुई गड़बड़ी के मामले में रतलाम पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस की दो टीमें अलग-अलग स्थानों पर जुटी हैं। रतलाम के सबसे बड़े परीक्षा केंद्र रतलाम पब्लिक स्कूल में पुलिस ने स्कूल की संचालिका संयोगिता सिंह से भी पूछताछ की और पूरे स्कूल का नक्शा तैयार किया, जिसमें परीक्षा के दौरान सभी कमरों, रास्तों और स्टाफ की उपस्थिति का विवरण शामिल किया गया है।

एसपी अमित कुमार ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। एसआईटी की एक टीम भोपाल गई है, जहां वह परीक्षा से जुड़े तकनीकी साक्ष्य एकत्र करेगी। इसमें परीक्षा केंद्र का सीसीटीवी डेटा और परीक्षा से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं। वहीं दूसरी टीम 12 अभ्यर्थियों की तलाश में भिंड और मुरैना की तरफ गई है। पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर रतलाम पुलिस ने अपनी जांच और तेज कर दी है।

परीक्षा के दौरान हुई गड़बड़ी के मामले में स्कूल संचालिका से पूछताछ की गई। पुलिस ने जानकारी जुटाई कि परीक्षा किस कमरे में हुई, स्टाफ कब मौजूद था, स्कूल से बाहर आने-जाने के रास्ते कौन इस्तेमाल करता था और परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैसे काम कर रहा था। बड़े स्तर पर फजीर्वाड़ा उजागर होने के बाद ईएसबी ने रतलाम पब्लिक स्कूल को आगामी सभी परीक्षाओं के लिए बैन कर दिया है।

इस परीक्षा का आयोजन मुंबई की कंपनी 'एप्टेक लिमिटेडइ ने कराया था। जानकारी मिली है कि इस कंपनी को उत्तर प्रदेश और असम जैसे राज्यों में ब्लैकलिस्टेड किया जा चुका है। कंपनी के खिलाफ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पेपर लीक और स्क्रीन शेयरिंग के कई मामले दर्ज हैं। हालांकि पुलिस इस पर फिलहाल आधिकारिक बयान देने से बच रही है।

रतलाम पब्लिक स्कूल सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र था। यहां करीब 4500 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कंपनी ने 357 कंप्यूटर उपलब्ध कराए, जिन पर पांच कमरों में दो शिफ्टों में परीक्षा ली गई।

## शहर कांग्रेस कमेटी ने आयोजित किया रोजा इफ्तार कार्यक्रम, दिया सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश

**रतलाम।** पवित्र माह रमजान के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 20 वें रोजे पर एकता, भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देते हुए भव्य रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में सुभाष नगर रोड स्थित कब्रिस्तान के सामने ब्रिज के नीचे आयोजित किया गया।कार्यक्रम में सेवा दल, महिला कांग्रेस, कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग, एनएसयूआई, पार्षद दल, चारों ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग सहित विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ पिपलिया मंडी।

पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर (10 मार्च से 16 मार्च) ग्राम बरखेड़ा पंथ में उत्साहपूर्वक संचालित हो रहा है। शिविर के दूसरे दिन का आयोजन च्महिला सशक्तिकरण एवं वृद्धों का सम्मानज्ञ विषय पर किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।



शिविर की दिनचर्या प्रातःकाल स्वयंसेवकों के नित्य कर्म के बाद सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया, जिससे स्वस्थ जीवन शैली का संदेश दिया गया। योग के बाद स्वयंसेवकों ने ग्राम में जनजागरण रैली निकाली निकाली,रैली के माध्यम से ग्रामीणों को डिजिटल साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा आधुनिक तकनीक के सही उपयोग से जीवन को सरल बनाने की जानकारी दी गई। रैली के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा शिविर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया और फिर बौद्धिक कार्यक्रम के लिए सभा कक्ष में एकत्रित हुए।

बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में रेशमा राठौर (प्रभारी प्राचार्य, शासकीय माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा पंथ) तथा कन्हैया लाल जी कारपेंटर (पूर्व प्राचार्य, माध्यमिक विद्यालय) उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की भूमिका तथा वृद्धजनों के सम्मान और उनके अनुभवों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति तभी संभव है जब महिलाओं को समान अवसर मिलें और बुजुर्गों के अनुभवों का सम्मान किया जाए। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्या मेघवाल द्वारा किया गया, जबकि पलक गुर्जर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कन्हैया लाल लोहार के साथ महाविद्यालय के प्रो. नरेंद्र राठौड़ तथा सुश्री तनिष्का चौधरी भी उपस्थित रहे सभी अतिथियों ने स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी और समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



## जे. के. सीमेंट ने मांगरोल में मनाया महिला दिवस

**नीमच।** जे.के. सीमेंट वर्क्स निम्बाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल व एच. आर हेड प्रभाकर मिश्रा के मार्गदर्शन में जे. के. सीमेंट वर्क्स द्वारा ग्राम मांगरोल में स्पर्श प्रोजेक्ट के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम सुरभि लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती नेहा तोषनीवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान कम्पनी के आई. आर. हेड भुवनेश सिंह सी.एस.आर हेड राहुल कुमार सिंह सुरभि सुरभि महिला क्लब की पदाधिकारी मंच पर उपस्थित थे।महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती नेहा तोषनीवाल ने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की शुभकानाएं देते हुए कहा कि आज भारतीय महिलाएं न केवल पुरुषों से आगे है बल्कि राष्ट्र के विकास से लेकर अपने घर के विकास तक में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर उपस्थित 300 से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं ने कठपुतली शो, डांस, म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं समाज उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

## यूथ कांग्रेस विधानसभा स्तर की मासिक बैठक संपन्न





**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ विधानसभा यूथ कांग्रेस के नेतृत्व में संगठन की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष श्री दुर्गेश पटेल ,जिला यूथ कांग्रेस प्रभारी श्री हिमांशु जैन ने संगठन के बारे में प्रकाश डाला इसमें जिला अध्यक्ष ने यूथ कांग्रेस में सक्रियता निभाने वाले यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐप पर अपनी गतिविधि अप लोड करना है यूथ कांग्रेस कांग्रेस की रीड की हड्डी है आपको प्रत्येक धरना प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है प्रदेश सरकार की दमनकारी नीतियों का खुलकर विरोध करना और भी कई विषयों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर ,धर्मेंद्र धनगर ,सरपंच ईशु धनगर ,यूथ कांग्रेस मल्हारगढ़ के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल पटेल ,राहुल प्रियंका सेना के जिला अध्यक्ष भगत राम डाबी , भरत पाटीदार सेमली,अनुपम राठौर दिनेश पवार ,जसवंत राठौर ,कन्हैयालाल पाटीदार (लवली), रमेश मालवी ,राजेश मालवीय अखिलेश बैरागी कृष्णकांत माली,सोमिल पाटीदार ,अंकित भाई,महेश सोनावत ,शिवलाल गुर्जर ,प्रकाश सूर्यवंशी ,आशीष पाटीदार , भरत पाटीदार , संदीप सोनी ,तकेसिंह , रविंद्र धनगर ,आदि बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बल्लू गुर्जर ने किया आभार यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धनगर ने माना।

## अंबाजी धाम में 19 मार्च से होगा भागवत कथा का आयोजन

**दलोदा।** अंबाजी धाम निपानिया के नाम से प्रसिद्ध धाम निपानिया में 19 मार्च से 25 मार्च तक भव्य भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसकी जानकारी देते हुए धाम के पुज्य गुरुदेव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अंबाजी धाम निपानिया में भव्य भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें नवाचार करते हुए भागवत कथा की पूणार्हुति पर 15 कन्याओं का निशुल्क विवाह संपन्न कराया जाएगा।कार्यक्रम की तैयारीयां लगभग मुहूर्त रूप ले चुकी है, प्रतिदिन कथा में लाखों की संख्या में भक्तों के आने की उम्मीद है खासकर दिव्य दरबार 24 मार्च को रात्रि 8 बजे से रहेगा जिसमें दो से तीन लाख लोगों की उपस्थिति रहने का अनुमान है। संख्या को देखते हुए समिति ने बड़े लेवल पर तैयारी की है प्रतिदिन भंडारे में भोजन प्रसादी रहेगी। व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था भी समिति की तरफ से रहेगी। आसपास के क्षेत्र के सभी भक्तजनों से गुरुदेव ने आवाह्न किया है कि इस भव्य भागवत ज्ञान गंगा व ऐतिहासिक विवाह सम्मेलन में पधार कर कार्यक्रम का हिस्सा बने वह धर्म लाभ लेवे।

## मंदसौर की झील गुप्ता बनी सिविल जज, गुजरात में हासिल किया 11वां स्थान

**मंदसौर।** जिले के लिए गर्व की बात है कि मंदसौर निवासी सुश्री झील गुप्ता ने गुजरात प्रदेश में आयोजित सिविल जज परीक्षा में 11वां स्थान प्राप्त कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। झील गुप्ता, जिला सहकारी बैंक मंदसौर शाखा के शाखा प्रबंधक राजेंद्र लक्ष्मीनारायण गुप्ता की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और शहरवासियों में खुशी का माहौल है। अपनी सफलता पर झील गुप्ता ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने लंबे समय तक निरंतर मेहनत और लगन के साथ तैयारी की। उन्होंने कहा कि तैयारी के दौरान कई चुनौतियां भी सामने आईं, लेकिन परिवार और शिक्षकों के सहयोग तथा आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने इन सभी कठिनाइयों को पार किया। झील गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवारजनों को दिया।



## सीबीएन ने बाईक से 14 किलो 300 ग्राम अफीम जब्त,दो तस्कर गिरफ्तार

**मूंगफली से भरे बैग के नीचे छिपाकर ले जा रही अफीम जब्त**

**नीमच।** मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा राजस्थान की टीम ने 8 मार्च को नीमच के समीप भाटखेड़ा चौराहे के पास एक मोटरसाइकिल से 14.किलो 300 ग्राम अवैध अफीम जब्त की। विश्वसनीय खुफिया सूचना पर टीम ने महू-नीमच रोड पर निगरानी कर संदिग्ध बाइक को रोका। तलाशी के दौरान मूंगफली से भरे पारदर्शी बैग के नीचे छिपाकर रखे 10 पैकेटों में अफीम मिली। कार्रवाई के बाद अफीम और मोटरसाइकिल जब्त कर दो आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।



## कसेरा समाज द्वारा फाग उत्सव मनाया तथा महिला शक्ति का किया सम्मान

**ब्यावरा।** कसेरा समाज ब्यावरा के द्वारा राजगढ रोड स्थित सत्यगंगा टेन्ट हाउस पर फाग उत्सव और महिला दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व नगर पलिका अध्यक्ष डाक्टर भारत वर्मा और विशेष अतिथि के रुप में चन्द्र शेखर आर्य बनवारीलाल कसेरा खिलचीपुर दिलीप कुमार कसेरा शिक्षक रहे। भगवान सहस्त्राार्जुन जी महाराज के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया महिला मंडल द्वारा चेयर रेस कप रेस का आयोजन किया राधा कृष्ण बने बच्चो की भी पूजन किया इस अवसर महिला दिवस पर आभा भारत वर्मा अनुराधा गिरिराज कसेरा का सम्मान किया कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष गिरिराज कसेरा ने किया महिला मंडल की गतिविधियो के बारे अनुराधा मोहन कसेरा ने बताया।प्रतिभा सम्मान मे पीयूष सुनील कसेरा का एमबीए करने पर किया। इस अवसर गोरधन कसेरा जितेंद्र कसेरा अध्यक्ष खिलचीपुर लोकेश कसेरा सीए गोपाल दास कसेरा कैलाश कसेरा सत्यगंगा दिनेश आर्य घनश्याम कसेरा राजेश आर्य विवेक आर्य नवीन आर्य देवकीनंदन कसेरा कैलाश कसेरा रामसहाय आर्य कमल कसेरा साथ ही समाज के सभी समाज जन उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा आठवीं के स्कूली बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित



**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु मंदिर बपैया में कक्षा अष्टमी के छात्र-छात्राओं का 'दीक्षांत समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम सरदार सिंह डोडिया, भंवर सिंह आंजना, विशेष अतिथि परे सिंह पंवार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य वक्ता मुकेश रावल तथा संकुल प्रमुख राजेंद्र सिंह राजावत ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत मेंजया, ममता, भावना, हर्षिता और प्रतिभा ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सुरेश सोलंकी ने नवागत अतिथियों का परिचय कराया। हिंदू परंपरा का निर्वहन करते हुए आचार्य दीपक बैरागी एवं दिलीप सिंह ने अतिथियों का कुमकुम-अक्षत और श्रीफल से स्वागत किया। बहिन परिधि, राधिका, पायल, तनवी और रितिका ने मनमोहक स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। मुख्य वक्ता मुकेश रावल ने अपने ओजस्वी संबोधन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और चरित्र निर्माण पर जोर दिया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई नीति के अनुसार अब कक्षा 9वीं से ही विद्यार्थियों को अपनी रुचि और कौशल के आधार पर सही विषयों का चुनाव करने की स्वतंत्रता मिलेगी। उन्होंने समझाया कि भविष्य की सफलताओं के लिए यह पड़ाव अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ विद्यार्थी पारंपरिक सीमाओं से हटकर बहु-विषयक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

## जिला स्तरीय नवीन समन्वय समिति का गठन हुआ, सौंपे गये दायित्व



**बड़नगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज तीर्थ हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन में नवीन समन्वय समिति का गठन किया गया। जिसमें उज्जैन जिले की ग्यारह तहसीलों से आये तहसील समन्वय समिति के जिला प्रतिनिधियों को भी इस समिति में शामिल कर गायत्री परिवार के विभिन्न दायित्व सौंपे गये। इस में कुल पन्द्रह सदस्य रखे गए हैं। जिनमें समन्वय समिति प्रमुख का दायित्व रामप्रसाद सरिया माकड़ोन को दिया गया। सह समन्वयक शक्ति पीठ (पदेन) जेपी यादव, दुसरे सह समन्वयक( रिकॉर्ड -रिपोर्टर) नरेन्द्र सिकरवार ,मंडल विस्तार अभियान दिनेश पोरवाल, नारी जागरण अभियान का दायित्व ज्योति शर्मा, आओ गढ़े संस्कार वान पीढ़ी उर्मिला तोमर, युवा जोड़ो अभियान डाक्टर शशिकांत शास्त्री, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा श्री बंशीलाल शर्मा, स्वाध्याय एवं साधना अभियान श्यामलाल जोशी, पर्यावरण एवं जल संरक्षण बाबूलाल बाड़ोलिया, शिक्षा एवं बाल संस्कार अभियान सुभाष पाटीदार, स्वालंबन एवं शिक्षण प्रशिक्षण वासुदेव मारु, नशा व्यसन कुरीति उन्मूलन एवं आदर्श ग्राम सत्यनारायण सोलंकी, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार नंदकिशोर पाटीदार, स्वास्थ्य शिविर अभियान का दायित्व डा. अरुण सोनी को सौंपा गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार बड़नगर के प्रमुख ट्रस्टी शिवकांत पांडेय, उमाशंकर मेहता, सुभाष गुप्ते, ललित सोनी, जिला समन्वय प्रतिनिधि वासुदेव मारु, शिवनारायण पंड्या ने भी गायत्री शक्ति उज्जैन में आयोजित समन्वयक समिति की बैठक में पहुँच कर भाग लिया। सभी गायत्री परिजनों द्वारा परम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा के मिशन को आगे बढ़ाने एवं परम वंदनिया माता का जन्म शताब्दी वर्ष और अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष 2026, गुरुदेव की प्रेरणा को जन जन तक पहुँचाने की सभी ने संकल्प लिया। उक्त जानकारी गायत्री प्रज्ञापीठ बड़नगर के सुभाष गुप्ते द्वारा दी गई।

### शीतला सप्तमी पर ठन्डे पानी से नहा कर शीतला माता को लगाया बासी खाने का भोग

# मंदिरों में पूजा करने हेतु लगा महिलाओं का तांता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़





शीतला सप्तमी पर सुबह 5 बजे से ही शीतला माता की पूजा करने के लिए मंदिरों में महिलाओ की भीड़ लगी रही। बारी बारी से महिलाओं ने

धन-धान्य से भंडार भरने वाली और प्राकृतिक विपदाओं से दूर रखने वाली शीतला माता की पूजा कर उन्हे स्वादिष्ट भोजन का भोग लगाया।नगर के मध्य मां बिजासन माता के मंदिर में सुबह सेही आलम यह थे कि अपनी बारी का इंतजार करते हुए महिलाओं को पूजा के लिए इंतजार करना पड़ा।

शीतला सप्तमी होली के सातवें दिन चैत्र माह के कृष्णपक्ष की सप्तमी तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन शीतला माता का पूजन बासी और ठन्डे व्यंजनों का भोग लगाया है। जिसके के बाद घर के सभी सदस्य सिर्फ ठन्डे व्यंजन ही खाते हैं। शीतला माता का मंदिर वटवृक्ष के समीप ही होता है। इसलिए शीतला माता के पूजन के बाद वट की पूजा भी की जाती है।ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से शीतला देवी धन-धान्य से पूर्ण कर प्राकृतिक विपदाओं से दूर रखती हैं। इसके साथ ही पूजा करने एवं नियम और संयम से व्रत रखने पर चेचक, खसरा आदिरोगों का प्रकोप नहीं फैलता है।सुबह स्नान करके शीतला मां की पूजा की जाती है।इस दिन घर में ताजा भोजन नहीं बनाया जाता ।शीतला सप्तमी के एक दिन पहले मीठा भात, पुए, पकौड़े, रबड़ी, रोटी और पूड़ी सब्जी आदि बनाए जाते हैं।रात को सारा भोजन बनाने के बाद रसोईघर की सफाई करके पूजा की जाती है। पूजा में रोली, मौली, पुष्प, वस्त्र आदि अर्पित किया जाता है। इस पूजा के बाद चूल्हा नहीं जलाया जाता। इसी मान्यता और आस्था के साथ नगर की महिलाओं ने शीतला माता की पूजा की।

**सारंगपुर।**

सारंगपुर में मंगलवार सुबह शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शीतला सप्तमी पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने घरों और मंदिरों में माता शीतला की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। शहर के शीतला माता मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड उमडी। शीतला माता मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना शुरू हो गई थी।

महिलाओं ने मंदिरों में पहुंचकर माता शीतला को हल्दी, रोली, फूल और ठंडा जल अर्पित किया। परंपरा के अनुसार, शीतला अष्टमी के दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता है। इसके चलते महिलाओं ने एक दिन पहले ही पूडी, पुआ, मीठे चावल, दही और अन्य पकवान तैयार कर लिए थे। मंगलवार सुबह पूजा के बाद माता को इन्हीं ठंडे और बासी व्यंजनों का भोग लगाया गया। बाद में इसी प्रसाद को परिवार के सदस्यों ने ग्रहण किया। पंडित पवन पारीक ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि माता शीतला की पूजा करने से चेचक, बुखार और अन्य मौसमी बीमारियों से रक्षा होती है, साथ ही घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। महिलाओं ने बताया कि यह पूजा घर-परिवार की खुशहाली, शांति और समृद्धि के लिए की जाती है। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पुराणों के अनुसार, शीतला माता गधे पर विराजमान हैं और उनके हाथों में झाड़ू, नीम के पत्ते तथा कलश होता है। उनका मस्तक सूप से सजा है। होलिका दहन के बाद श्रद्धालु मन्नातें लेते हैं और सप्तमी पर शीतला माता का पूजन कर ठंडा भोजन करते हैं। इस परंपरा का एक संदेश यह भी है कि आने वाली गर्मी के मौसम में इस दिन के बाद बासी भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए।

**जगोटी**

जगोटी में महिलाओं ने आधा दर्जन स्थानों पर माता शीतला की परंपरानुसार पूजा अर्चना कर परिवार के सौभाग्य व आरोग्य की कामना करते हुए एक दिन पहले बनाए भोजन अर्पित किया । अल सुबह से मध्यान्ह तक बड़ी संख्या में महिलाओं में शीतला माता की पूजा की। पूजा के पश्चात महिलाओं ने अपने घरों पर हल्दी के सौभाग्य सूचक छापे मुख्य द्वार पर लगाए व पर्व की कथा का श्रवण किया। चारभुजा मंदिर के पुजारी पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि शीतला सप्तमी का पौराणिक व वैज्ञानिक महत्व है यह पर्व ऋतु परिवर्तन के साथ हमें ठंडे व बासी भोजन से परहेज करना चाहिए व शीतल जल से स्नान करना चाहिए, यह पर्व हमें निरोग रहने के प्रति प्रेरित करता है ।

### युवतियों, महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव

# सर्व ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह सानंद संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बिछड़ौद



होली एवं रंगपंचमी उत्सव के चलते सामाजिक संगठनों द्वारा मंदिरों में अनेक प्रकार के आयोजन किए जा रहे है। जिसके अंतर्गत सर्व ब्राह्मण समाज बिछड़ौद के द्वारा भी श्रीराम मंदिर परिसर में एक दिवसीय होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी समाजजनों द्वारा एक- दूसरे को रंग-बिरंगे रंग लगाकर पर्व की बधाई दी। वहीं समाज के सभी स्वजनों के घर- घर पहुंचकर रंगपंचमी पर्व के अनुरूप उनका अभिनंदन किया, साथ ही वरिष्ठजनों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। तत्पश्चात सामाजिक गैर के रूप में समाजजन स्थानीय श्रीराम मंदिर परिसर पहुंचे, जहां वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समापन पर भगवान की आरती कर स्वलपाहार हुआ।

इधर समाज की युवतियों और महिलाओं द्वारा भी घर- घर पहुंचकर रंग- गुलाल लगाते हुए पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित कर सामाजिक समरसता का एक संदेश दिया। वहीं शीतला सप्तमी के अवसर पर सामाजिक युवतियों, महिलाओं ने स्थानीय श्रीराम मंदिर परिसर में एकत्रित होकर बड़ी धूम-धाम से फाग उत्सव मनाया। जिसमें सभी युवतियों और महिलाओं ने लाल चुनरी पहनने के साथ पुष्पवर्षा कर फाग उत्सव का भरपूर आनंद लिया। युवतियों ने मंदिर परिसर में आकर्षक रंगोलियां बनाई। वहीं छोटी बालिकाओं ने श्रीकृष्ण-राधाजी का स्वरूप धारण कर पर्व को खुशियों से संजोया। समाजजनों द्वारा अपने नवीन व्हाट्सएप ग्रुप का भी निर्माण किया। आयोजनों को लेकर समाजजनों में अपार उत्साह दिखा। सभी के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ। साथ ही अगले वर्ष और उत्साहपूर्वक उत्सव मनाने का भी संकल्प लिया।

## चैती नवरात्र की 19 से होगी शुरूआत

### मंदिरों में साफ सफाई और रंग रोगन कार्य जारी

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र के विभिन्ना माता मंदिरो में चैती नवरात्र पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। कही मंदिर की साफ सफाई तो कही मंदिर का रंग रोगन किया जा रहा। जैसा की हर कोई जानते हैं कि भक्तों के लिए भक्ति और शक्ति का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि शुरू होने में महज कुछ ही दिन रह गए हैं। हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व माना जाता है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। घर-घर में लोग कलश स्थापना करते हैं है, भक्त व्रत रखते हैं और मां से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

इस साल 2026 में चैत्र नवरात्रि कब से शुरू हो रही है। किस दिन कौन-सी देवी की पूजा होगी और कन्या पूजन की तिथि क्या रहेगी। पंडित पवन पारीक के अनुसार चैत्र नवरात्रि की शुरूआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। पंचांग के मुताबिक, प्रतिपदा तिथि 19 मार्च 2026 की सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर 20 मार्च 2026 की सुबह 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 19 मार्च 2026, दिन गुरुवार से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत मानी जाएगी। मां की विदाई 27 मार्च को नवमी तिथि के साथ होगी। चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से 27 मार्च तक मनाई जाएगी।

## गैस टंकी व्यवस्था गड़बड़ाई

**महिदपुर रोड।** एलपीजी गैस टंकी कनेक्शन की रिफिल के लिये बुकिं ग का सर्वर डाउन होने से नगर सहित गैस एजेंसी क्षेत्र के गैस कनेक्शन धारी नवीन रिफिल बुकिंग नहीं करवा पा रहे हैं वहीं दूसरी और कंपनी द्वारा सिलेंडर लोड सप्लाय भी कम कर दिया जाने से आने वाले दिनों में संकट और गहराने की संभावना बलवती होती जा रही है। गैस टंकी की व्यवस्था गड़बड़ाई गई है।

## शराब तस्करी के आरोपी ने मलोड़ा से 30 हजार का बकरा चोरी करना कबूला

**खरसौदकलां।** भाटपचलाना पुलिस ने क्षेत्र में अवैध तरीके से शराब तस्करी करने के मामले में एक व्यक्ति को पकड़ा। आरोपी ने पुछताछ में समीप गांव मलोड़ा से बकरा चोरी करना कबूल किया है। थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी के मुताबिक समीप गांव मलोड़ा निवासी प्रभुलाल पिता रूपा ने थाने पर शिकायत दर्ज की। जिसमें फरियादी ने रिपोर्ट में बताया की शनिवार की रात घर के बाहर बरामदे में बंधे 15-20 बकरा बकरी में एक सफेद रंग का 30 हजार की कीमत का बकरा चोरी हो गया है। पुलिस बकरा चोरी की वारदात में लिप्त बदमाश की तलाश में लगी थी। इस दौरान सोमवार को धार जिले में बदनावर तहसील के गांव खेरवास निवासी सागर पिता अमृतलाल मोंगिया को क्षेत्र में अवैध तरीके से जहरीली शराब के साथ पकड़ा। युवक का रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के साथ थाने पर प्रकरण दर्ज मिले ।युवक ने पूछताछ के दौरान गांव मलोड़ा से पिछली रात में बकरा चोरी करना भी कबूल किया है।

# एकता, सेवा और राष्ट्र निर्माण का संदेश देती सरदार एकता यात्रा

### सारंगपुर में हुआ भव्य स्वागत, शाजापुर रवाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर गुजरात से शुरू हुई 'सरदार एकता यात्रा का आगर बडोदिया रोड से बुधवार सुबह को सारंगपुर शहर में प्रवेश हुआ। गुजरात के सीएम ने 5 मार्च को अहमदाबाद से इस रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। शहर में प्रवेश के दौरान ढोल-धमाकों और पुष्प वर्षा के साथ इसका स्वागत किया गया। इस रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण सरदार पटेल की भव्य आदमकद प्रतिमा और उनकी पावन चरण पादुकाएं रहीं। इनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड पडी।

आगर नाका से शुरू होकर यह यात्रा पुराना बस स्टैंड, एबी रोड, एसडीएम चौराहा होते हुए आकोदिया रोड पर सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल पहुंची। वहा से आकोदिया रोड होते हुए कृषि उपज मंडी तक समाप्त हुई। आंबेडकर पार्क के सामने स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे मार्ग पर सरदार पटेल के जयघोष गूंजते रहे। सारंगपुर में सर्व समाज और सामाजिक संस्थाओं ने दर्जनों स्वागत मंचों से पुष्प वर्षा कर रथ का अभिनंदन किया। दरअसल लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की



एकता, सेवा और राष्ट्रनिर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से गुजरात से एकता यात्रा शुरू हुई है। सारंगपुर आगमन कार्यक्रम राज्यमंत्री गौतम टेटवाल सम्मिलित हुए और कहा कि यह प्रेरणादायी यात्रा युवाओं और नागरिकों के भीतर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की भावना को जागृत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। सरदार पटेल जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि जब समाज एकजुट होकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखता है, तभी देश सशक्त और समृद्ध बनता है। सरदार पटेल एकता यात्रा के मार्गदर्शक प्रायोजक अध्यक्ष सतीश भाई पटेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनु भाई पटेल, महासचिव जीबी पटेल, उप महासचिव रमेश भाई पटेल, राम भाई पटेल, संयोजक बाबू भाई पटेल रहे। यात्रा का सारंगपुर लववंशी समाज, नगर पालिका परिषद सारंगपुर, कमलेश पाटीदार मित्र मंडल, महेश पाटीदार मित्र मण्डल, पाटीदार समाज महिला मंडल, श्याम परिवार, पाटीदार समाज सेवा समिति, नंदकिशोर पाटीदार, राठौर समाज, बस स्टैंड व्यापारी एसोसिशन, गौरव हौटल, प्रभु स्मरण, हिन्दू उत्सव समिति, महादेव मित्र मण्डल, ब्रहामण समाज, कांग्रेस कमेटी, साई सेवा समिति, पैशनर संघ पर्यावरण प्रैमी, सेवा सदन, भाजपा, माहेश्वरी, अभिभाषक संघ, धनगर समाज, सेन समाज, लहुसन प्याज मण्डी व्यापारी संघ और अन्य समाज और संगठन सहित नगर में सभी समाज जन सभी सामाजिक, धार्मिक, रचानात्मक, राजनीतिक दलों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, एआर पाटीदार, नंदकिशोर पाटीदार, महेश पाटीदार, मानसिंह पाटीदार, गोपाल पाटीदार, नरेंद्र नाहार, श्याम पाटीदार, निर्मल जैन, निलेश वर्मा, कृष्णमोहन मालवीय, प्रदीप सादानी, आबिद हुसैन लोदी, महेश पुष्पद, एलएन त्रिकार, महेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।



## भारतीय मजदूर संघ ने महिला दिवस मनाया

**तराना।** भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष तूफान सिंह शर्मा ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश के आह्वान पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को भारतीय मजदूर संघ उज्जैन आगर के विभाग प्रमुख सतीश शर्मा के नैतृत्व में नाना महाराज तराना के प्रांगण में मनाया। दुगार्वाहिनी के प्रखंड़ संयोजिका तनीषा मालवीय ,महिला थाना प्रभारी रवीना पाटीदार ,स्वास्थ्य विभाग से संतोष परमार महिला एवं बाल विकास विभाग से शबाना खान तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही आंगनवाड़ी संघठन की जिला अध्यक्ष उम्मीद तोमर दिदी का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर अभिनंदन किया गया, कार्यक्रम में विशेष रुप से वरिष्ठ अधिवक्ता विधी सलाह कार शिवचरण शर्मा भारतीय मजदूर संघ जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष बाबू भाई ग्रामिण मजदूर संघ सत्येन्द्र सिंह डोडिया देवीसिंह भगत दूर्गेश जायसवाल प्रिती वेषनव निर्मला देवडा पूजा सेनिया ललीता पाटीदार दीपिका बडाल रीना शर्मा ज्योति पाटीदार लक्ष्मि कुमावत पार्वती थापा मंजु मालवीय आशा चौहान रेखा चौहान तरूणा शर्मा सपना माथुर राजकिरण मधु चौहान श्रीकांता सोलंकी शिवाकुंवर तथा कार्यक्रम का आभार जिला महामंत्री रजनी सिसोदिया ने माना।।

## पूज्य गुरुदेव का जन्म दिवस तप, त्याग एवं धर्म आराधना से मनाया

**महिदपुर।** धर्मदास गणनायक ,आगम विशारद,बुद्ध पुत्र ,पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनि जी म. सा. का जन्म दिवस सामायिक के तेले एवं एकासन व्रत से मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय श्री शांतिनाथ आराधना भवन में एक धर्म सभा को संबोधित करते हुए पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनि जी म. सा. ने कहा कि कषाय चार होती है -क्रोध ,मान ,माया और मोह । चारों कषाय आत्मा को मलिन बनाती है ,यदि कषायों पर विजय प्राप्त करना है तो मनुष्य को अपने जीवन में नम्रता एवं विनयशीलता का संचार करना होगा । कषायो की तीव्रता के कारण मनुष्य को अपने दोष नहीं दिखते हैं । जीवनचर्या में सामने वाले के दोष बड़े दिखते हैं ,और अपने दोष छोटे दिखते हैं । आपने कहा कि कषायो का क्षय करना ही साधना है । इसके पूर्व पूज्य श्री श्रेयांश मुनि जी म. सा. ,पूज्य श्री चंद्रेश मुनि जी म. सा.एवं पूज्य श्री हेमंत मुनि जी म. सा. ने कहा कि पूज्य प्रवर्तक श्री का हम पर बहुत उपकार है , धर्म गुरु का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता । इस अवसर पर अणु महिला मंडल एवं प्रियंका कोचर ने स्तवन गाया ।

## सरदार पटेल एकता यात्रा का आगमन तराना में आज

**तराना।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी से जुड़ी ऐतिहासिक धरोहरों को लेकर निकाली जा रही सरदार पटेल एकता यात्रा का पावन आगमन 12 मार्च को तराना नगर में होगा। जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाजसेवी बलराम पाटीदार ने। बताया कि यह यात्रा शाम 4 बजे नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य स्वागत के साथ नगर भ्रमण करेगी। इस दौरान समाजजन एवं नगरवासी पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत करेंगे। नगर भ्रमण के पश्चात यात्रा तराना उमिया धाम मंदिर पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर समस्त समाजजन, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सरदार पटेल एकता यात्रा का भव्य स्वागत करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है। इस आयोजन का संचालन मां उमिया पाटीदार समाज सेवा ट्रस्ट, उमिया धाम तराना द्वारा किया जा रहा है।

## झारड़ा में आवारा कुत्ते ने मचाया हड़कंप, 10-12 लोगों को काटा



**झारड़ा।** नगर में बुधवार को एक आवारा कुत्ते के अचानक आक्रामक हो जाने से हड़कंप मच गया। कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर करीब 10 से 12 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद घायलों को तुरंत झारड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा सभी को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाकर उपचार किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुत्ता अचानक उग्र हो गया और रास्ते में आने वाले लोगों पर हमला करने लगा, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने किसी तरह खुद को बचाया और अन्य लोगों को सतर्क किया। लगातार लोगों पर हमले की स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों ने कुत्ते को काबू में कर लिया, जिसके बाद वह मृत हो गया। इसके बाद क्षेत्र में स्थिति सामान्य हो गई और लोगों ने राहत की सांस ली। थानीय नागरिकों ने प्रशासन से नगर में बढ़ रही आवारा कुत्तों की समस्या पर ध्यान देने तथा उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

छठ महापर्व की शुरूआत नहाय-खाय से होती है और इसका समापन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ किया जाता है। आइए जानते हैं हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2026 में चैती छठ का पर्व किस दिन शुरू होने वाला है।

# कब से शुरू है चैती छठ?

## जान लें नहाय खाय से लेकर उषा अर्घ्य तक की तिथियां



हिंदू परंपरा में छठ महापर्व को प्रकृति के प्रति आस्था और कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व भगवान सूर्य और षष्ठी मैया को समर्पित होता है। यह साल में दो बार मनाया जाता है, एक बार चैत्र महीने में और दूसरी बार कार्तिक मास में। वसंत ऋतु के दौरान मनाया जाने वाला चैती छठ विशेष रूप से भक्तों के लिए स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना का पर्व माना जाता है। इस पर्व में चार दिनों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए निर्जला व्रत रखने का विधान है। छठ महापर्व की शुरूआत नहाय-खाय से होती है और इसका समापन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ किया जाता है। आइए जानते हैं हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2026 में चैती छठ का पर्व किस दिन शुरू होने वाला है।

### चैती छठ 2026 की तिथियां

हिंदू पंचांग के मुताबिक साल 2026 में चैती छठ का चार दिवसीय पर्व 22 मार्च से शुरू होकर 25 मार्च तक मनाया जाएगा।

### नहाय-खाय (22 मार्च 2026)

छठ पर्व का पहला दिन नहाय-खाय कहलाता है। इसी दिन से व्रत की शुरूआत होती है। परंपरा के अनुसार व्रती पवित्र नदी, तालाब या जल स्रोत में स्नान करते हैं और इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। आमतौर पर इस दिन कद्दू-भात या सादा शुद्ध भोजन बनाया जाता है, जिसे प्रसाद के रूप में खाकर व्रती आने वाले दिनों के कठिन व्रत के लिए खुद को तैयार करते हैं।

### खरना पूजा (23 मार्च 2026)

पर्व के दूसरे दिन को खरना कहा जाता है। इस दिन व्रती दिन भर उपवास रखते हैं और शाम को पूजा के बाद गुड़ से बनी खीर और रोटी का भोग लगाते हैं। पूजा के बाद यही प्रसाद ग्रहण किया जाता है। इसके साथ ही 36 घंटे का कठोर निर्जला व्रत शुरू हो जाता है, जिसमें व्रती पानी तक ग्रहण नहीं करते।

### संध्या अर्घ्य (24 मार्च 2026)

तीसरे दिन श्रद्धालु नदी या तालाब के घाटों पर एकत्र होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस अवसर पर पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का विशेष माहौल देखने को मिलता है। व्रती महिलाएं और पुरुष पारंपरिक तरीके से पूजा सामग्री के साथ सूर्य देव की उपासना करते हैं।

### उषा अर्घ्य और पारण (25 मार्च 2026)

चैती छठ का अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पूरा होता है। इस दिन सूर्योदय के समय भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इसके बाद व्रती कच्चा दूध और प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारण करते हैं और चार दिनों से चल रहा यह कठिन व्रत पूर्ण होता है।



# गुरुवार के दिन विष्णु जी को चढ़ाएं ये 3 खास चीजें, विवाह से लेकर धन लाभ तक बनेंगे योग

गुरुवार के दिन इन तीन चीजों को विष्णु जी को अर्पित करने से विवाह में आ रही बाधाएं भी दूर होने लगती हैं। साथ ही जीवन में कई सकारात्मक बदलाव भी दिखाई देते हैं।



सप्ताह में गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। इस दिन पीली चीजों का दान करने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों पर अपनी कृपा बरसाते हैं। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, गुरुवार की उपासना से न केवल सुख-समृद्धि बढ़ती है बल्कि कुंडली में भी गुरु का स्थान मजबूत बनता है। इसके प्रभाव से साधक के ज्ञान में वृद्धि, संतान सुख, विवाह योग, धन लाभ के साथ-साथ भाग्य भी मजबूत होता है। हालांकि, गुरुवार के शुभ दिन पर भगवान विष्णु को केवल ये 3 चीजें चढ़ाने से दोष, नकारात्मकता और सभी तरह की बाधाओं से मुक्ति मिलती हैं। ऐसे में आइए इनके बारे में जानते हैं।

गुरुवार के दिन भगवान विष्णु को चने की दाल अर्पित करना बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि, यह उन्हें अति प्रिय है। पूजा में चने की दाल चढ़ाने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है और सभी दिक्कतें धीरे-धीरे कम होने लगती हैं।

गुरुवार को भगवान विष्णु को केले का भोग लगाना भी शुभ माना जाता है। ऐसा करने से रुके हुए कार्यों को गति मिलने लगती है।

भगवान विष्णु को गुड़ अर्पित करने से जीवन में मिठास बढ़ने की मान्यता है। कहा जाता है कि इससे रिश्तों में प्रेम और आपसी समझ बढ़ती है।

### फिर भगवान विष्णु की आरती करें

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी! जय जगदीश हरे।
भक्तजनों के संकट क्षण में दूर करे॥
जो ध्यावै फल पावै, दुख बिनसे मन का।
सुख-संपत्ति घर आवै, कष्ट मिटे तन का॥ ॐ जय...॥
मात-पिता तुम मेरे, शरण गहूं किसकी।
तुम बिनु और न दूजा,
आस करूं जिसकी॥ ॐ जय...॥
तुम पूरन परमात्मा, तुम अंतरयामी॥
पारब्रह्म परेमश्वर, तुम सबके स्वामी॥ ॐ जय...॥
तुम करुणा के सागर तुम पालनकर्ता।
मैं मूरख खल कामी, कृपा करो भर्ता॥ ॐ जय...॥
तुम हो एक अगोचर, सबके प्राणपति।
किस विधि मिलूं दयामय! तुमको मैं कुमति॥ ॐ जय...॥
दीनबंधु दुखहर्ता, तुम ठाकुर मेरे।
अपने हाथ उठाओ, द्वार पड़ा तेरे॥ ॐ जय...॥
विषय विकार मिटाओ, पाप हरो देवा।
श्रद्धा-भक्ति बढ़ाओ, संतन की सेवा॥ ॐ जय...॥
तन-मन-धन और संपत्ति, सब कुछ है तेरा।
तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा॥ ॐ जय...॥
जगदीश्वरजी की आरती जो कोई नर गावे।
कहत शिवानंद स्वामी, मनवांछित
फल पावे॥ ॐ जय...॥

# Sport

पाकिस्तान टीम को बांग्लादेश दौरे पर पहले वनडे मैच में करारी शिकस्त मिली है। बांग्लादेश ने उन्हें आठ विकेट से रौंदकर तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को आठ विकेट से रौंदा टी20 के बाद वनडे में भी पाकिस्तान टीम फुस्स

**मीरपुर।** पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में सुपर-8 चरण से बाहर होने का दुख अभी खत्म नहीं हो पाया था कि अब वनडे में भी उन्हें करारी शिकस्त मिली है। दरअसल, पाकिस्तान को बांग्लादेश ने पहले वनडे में आठ विकेट से रौंद दिया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का यह मुकाबला मीरपुर में खेला गया, जहां पाकिस्तान 30.4 ओवर में महज 114 रन ही बना सकी। वहीं, बांग्लादेश ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मेजबान बांग्लादेश सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है।

### नाहिद राणा ने ली पाकिस्तान की क्लास

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम ने 23 वर्षीय नाहिद राणा की धारदार गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिए। मेहमान टीम 30.4 ओवरों में सिर्फ 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और माज सदाकत की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरूआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवरों में 41 रन जोड़े। साहिबजादा फरहान 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया।



अगली आठ साझेदारियां दहाई का आंकड़ा भी ना छू सकीं। आलम ये रहा कि पाकिस्तानी टीम 82 के स्कोर तक अपने नौ विकेट गंवा चुकी थी। यहां से अबरार अहमद ने फहीम अशरफ के साथ अंतिम विकेट के लिए 41 गेंदों में 32 रन जुटाकर टीम को जैसे-तैसे शतक के पार पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान के अलावा, माज सदाकत (18), मोहम्मद रिजवान (10) और फहीम अशरफ (37) के अलावा, कोई अन्य बल्लेबज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। विपक्षी खेमे से नाहिद राणा ने सात ओवरों में 24 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 3 विकेट निकाले। तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान के हाथ 1-1 विकेट लगा।

### बांग्लादेश ने जीता पहला मुकाबला

इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम ने महज 15.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। सैफ हसन ने तंजीद हसन तमीम के साथ पहले विकेट के लिए 16 गेंदों में 27 रन की साझेदारी की। सैफ हसन 10 गेंदों में चार रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद नजमुल हसन शांतो ने तंजीद के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 गेंदों में 82 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को जीत के करीब पहुंचा दिया।

नजमुल शांतो 33 गेंदों में पांच चौकों के साथ 27 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद तंजीद ने लिटन दास के साथ टीम को जीत दिलाई। तंजीद 42 गेंदों में 5 छक्कों और 7 चौकों के साथ 27 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि लिटन ने नाबाद 3 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान शाहीन अफरीदी और मोहम्मद वसीम जूनियर ने 1-1 विकेट हासिल किया।

# साहिबजादा को पीछे छोड़ नंबर-2 बने ईशान किशन, सैमसन को 18 स्थानों का फायदा; वरुण से छिनी बादशाहत

**दुबई।** टी20 विश्वकप 2026 में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद अब आईसीसी की ताजा रैंकिंग में भी दिखाई देने लगा है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवआई में भारत ने अहमदाबाद में फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरा और कुल तीसरा टी20 विश्व कप खिताब अपने नाम किया। इस शानदार अभियान के बाद आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों को बड़ा फायदा हुआ है। खास तौर पर युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने बल्लेबाजों में शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमा लिया है।

**अभिषेक शर्मा नंबर-1 पर कायम:** बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर बरकरार हैं। उन्होंने टी20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ तेज अर्धशतक लगाकर अपनी बादशाहत कायम रखी। अभिषेक फाइनल में भारत के लिए बेहद अहम खिलाड़ी साबित हुए और उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। वह पिछले काफी समय से नंबर-1 टी20 बल्लेबाज बने हुए हैं।



**ईशान किशन बने दुनिया के नंबर-2 बल्लेबाज:** टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले ईशान किशन को भी बड़ा फायदा मिला है। बाएं हाथ के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने टूनार्मेंट में कुल 317 रन बनाकर शानदार छाप छोड़ी। इसी प्रदर्शन की बदौलत वह आईसीसी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। ईशान ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की और अब वह अभिषेक शर्मा से सिर्फ चार रेटिंग अंक पीछे हैं। इस तरह भारतीय टीम के दो बल्लेबाज अब टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पहले और दूसरे स्थान पर काबिज हैं, जो टीम की बल्लेबाजी ताकत को दर्शाता है।

# आईपीएल के आगामी सत्र के लिए जमकर पसीना बहा रहे विराट कोहली

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 28 मार्च से टूनार्मेंट के 19वें संस्करण का आगाज होगा। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्टार बल्लेबाज का नेट्स में अभ्यास करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

कोहली ने इंस्टाग्राम पर एक रील साझा की, जिसमें 37 वर्षीय बल्लेबाज अभ्यास सत्र के दौरान जमकर बल्लेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। आईपीएल के नए सीजन से पहले उनकी यह तैयारी देखकर प्रशंसक भी काफी उत्साहित हैं और पोस्ट पर लगातार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

पिछले सीजन में कोहली ने 15 मैचों में 657 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने आठ अर्धशतक लगाए और 144.71 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उनकी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आरसीबी ने पहली बार आईपीएल खिताब जीता। आईपीएल इतिहास में कोहली अब तक 267 मैचों की 259 पारियों में 8661 रन बना चुके हैं।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN


## न्यूज कॉलम

### यात्री को एयरपोर्ट स्टाफ ने कहा यू शटअप, इंडिगो ने कहा-गंभीरता से जांच होगी

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट इंदौर पर इंडिगो एयरलाइन के ग्राउंड स्टाफ के व्यवहार को लेकर एक यात्री ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताई है। यात्री ने आरोप लगाया कि इंडिगो की महिला ग्राउंड स्टाफ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें 'यू शटअप' तक कह दिया। बताया जा रहा है कि यात्री ने मामले की शिकायत 8 मार्च को थी, लेकिन मंगलवार शाम यह मामला प्रबंधन के सामने आया है। प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी है। यात्री संदीप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि एयरपोर्ट पर मौजूद क्रू मेंबर ने उन्हें 13वीं लाइन में जाने के लिए कहा था। जब वह वहां पहुंचे तो संबंधित ग्राउंड स्टाफ ने उनका काम करने से मना कर दिया और कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। यात्री ने अपने पोस्ट में स्टाफ के व्यवहार को बेहद खराब बताते हुए एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रबंधन से कार्रवाई की मांग की। यात्री ने अपनी शिकायत में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, इंडिगो एयरलाइन और इंदौर एयरपोर्ट को टैग करते हुए मामले की जानकारी साझा की। इंडिगो एयरलाइन ने भी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यात्री के अनुभव के बारे में जानकर उन्हें चिंता हुई है। एयरलाइन के अनुसार यह उनके सेवा मानकों के अनुरूप अनुभव नहीं है और मामले की गंभीरता से जांच कर संबंधित टीम को फीडबैक दिया जाएगा। वहीं एयरपोर्ट प्रबंधन ने कहा कि वे इस मामले में एयरलाइंस से बात कर कार्रवाई करने के लिए कहेंगे। 28 फरवरी से निरस्त चल रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की शारजाह-इंदौर-शारजाह फ्लाइट को कंपनी ने 31 मार्च तक के लिए निरस्त कर दिया है। कंपनी ने 31 मार्च तक की फ्लाइट को सिस्टम से हटा दिया है और अब 1 अप्रैल से बुकिंग की जा रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की वेबसाइट पर बुकिंग 1 अप्रैल से दिखा रही है, इसके पहले की सभी फ्लाइट कैंसिल दिखा रही है। 1 अप्रैल से जिस फ्लाइट की बुकिंग शुरू हो रही है उसका किराया 21 हजार 879 रुपए है।

### महू के मानपुर में 18 जुआरी गिरफ्तार 13 लाख रुपए से ज्यादा का कैश जब्त



**इंदौर।** महू के मानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार तड़के अवलीपुरा स्थित एक फार्म हाउस पर दबिश देकर बड़े जुआ अड्डे का भंडाफोड़ किया। जिस फार्म हाउस पर जुआ चल रहा था, वह आईएएस वंदना वैद्य और उनके पति अम्बरीश वैद्य के नाम पर है। वंदना वैद्य वर्तमान में वित्त विकास निगम इंदौर की प्रबंध संचालक हैं। जानकारी की अनुसार अभी फार्म हाउस की देखभाल गांव का ही एक व्यक्ति कर रहा था। पुलिस ने मौके से 18 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जबकि पांच आरोपी भागने में सफल हो गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 13 लाख 67 हजार 971 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते, 30 मोबाइल फोन, 10 नई ताश की गड्डियां और दो कारें जब्त की हैं। जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत करीब 28 लाख 67 हजार 971 रुपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम अवलीपुरा स्थित कोठी निवास फार्म हाउस में बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर कार्रवाई की।

### रंगपंचमी पर मारी थी टक्कर, 100 से ज्यादा कैमरे देखने के बाद पकड़ाया आरोपी ड्राइवर

**इंदौर।** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में रंगपंचमी की सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में पुलिस ने फरार स्कॉर्पियो चालक को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चकमा देने के लिए अलग-अलग जगह से गाड़ी को भगाकर ले गया था। दो दिन तक लगातार सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची है। छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक रंगपंचमी की अलसुबह सिलावटपुरा गणेश मंदिर के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े तनवीर खान (19) और उसके दोस्त फैजान मंसूरी (22) को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल यूनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान तनवीर की मौत हो गई थी। वहीं फैजान घायल था। इस मामले में पुलिस ने स्कॉर्पियो के ड्राइवर शाहरुख पुत्र सलीम लोहार निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि रमजान के चलते सेहरी के समय कई युवक घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वहां से गुजरी और दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया था। शाहरुख ने पूछताछ में बताया कि वह ग्रीन पेलेस कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति की गाड़ी चलाता है। रविवार को वह दो लोगों को लेकर सेहरी के लिए बंबई बाजार आया था। यहां से वापस जाते समय उसे नींद का झोंका आ गया। वह हादसे के बाद घबरा गया। इसके बाद स्कॉर्पियो को भगाकर वहां से ले गया। हादसे के बाद तनवीर ओर फैजान के दोस्त इरफान ने गंगवाल, फूटी कोठी, महूनाका से होते हुए चंदन नगर चौराहे तक पीछा किया था। इसके बाद आरोपी ने स्कॉर्पियो धार रोड की तरफ मोड़ दी थी। इरफान हादसे के बाद गाड़ी के नंबर नहीं देख पाया था। पुलिस के जवान धमेन्द्र, भूपेन्द्र और अरूण ने करीब 100 से ज्यादा कैमरों के फुटेज देखे ओर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो भी जब्त कर ली है।

### कलेक्टोरेट जनसुनवाई में जांच की मांग, मां की तबीयत बिगड़ी

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में ताप्ती परिसर निवासी 23 वर्षीय राज मकवाना की मल्टी से कूदकर मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंगलवार को राज के परिजन कलेक्टोरेट में जनसुनवाई में पहुंचे और घटना की जांच की मांग की। जनसुनवाई के बाद लौटते समय राज की मां रेखा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां करीब दो घंटे ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। मंगलवार को राज मकवाना के परिजन कलेक्टोरेट पहुंचे और अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। परिजनों का कहना है कि घटना से पहले पुलिसकर्मियों ने राज को धमकाया था। राज की मां रेखा, पिता मनोज मकवाना और बहन निकिता ने आरोप लगाया कि दो पुलिसकर्मियों ने राज को मर्डर केस में फंसाने की धमकी दी थी। परिवार का कहना है कि इसी डर से उसने मल्टी की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। परिजनों के अनुसार राज को काफी समय से सांस की समस्या थी। घटना वाली रात वह इसी कारण टहलने के लिए घर से बाहर निकला था। नीचे मौजूद गार्ड ने उससे देर रात बाहर घूमने की वजह पूछी। परिवार का आरोप है कि उसी दौरान पुलिस की गाड़ी वहां पहुंची और दो पुलिसकर्मियों ने राज को रोककर पूछताछ की। इस दौरान उसे चांटे भी मारे गए और किसी को फोन लगाकर उसे मर्डर केस में फंसाने की बात कही गई। परिजनों के अनुसार धमकी से घबराकर राज मल्टी की पांचवीं मंजिल पर पहुंच गया और नीचे कूद गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार का कहना है कि जहां घटना हुई वहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक उनकी जांच नहीं की। परिजनों ने आरोप लगाया कि जब वे थाने पहुंचे तो संबंधित पुलिसकर्मी वहां से तुरंत चले गए।

### हाईकोर्ट ने कहा- सर्वे रिपोर्ट देखे बिना कैसे बना रहे एलिवेटेड कॉरिडोर, रोटरी भी गलत

## एलिवेटेड कॉरिडोर मामले में 2 अप्रैल तक जवाब मांगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण पर रोक लगाने और एबी रोड पर यातायात सुधार के लिए वैज्ञानिक और व्यवहारिक योजना लागू करने के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार और प्रशासन से 2 अप्रैल तक जवाब मांगा है।

बुधवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि सर्वे रिपोर्ट देखे बिना एलिवेटेड कॉरिडोर पर काम किया जा रहा है। इसके बनने से 18% ट्रैफिक पर असर पड़ेगा, रोटरी भी नियम विरुद्ध बना रहे हैं, इसलिए इस पर सही निर्णय लेना जरूरी है। इस रूट पर प्रस्तावित रोटरी बनना भी गलत है।

**एलिवेटेड रोड को अव्यवहारिक बताया-** एबी रोड पर प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को लेकर 30 जनवरी को इंदौर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में एलिवेटेड कॉरिडोर को अव्यवहारिक बताते हुए इसके निर्माण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। यह जनहित याचिका शहर के वरिष्ठ सिविल इंजीनियर एवं सामाजिक कार्यकर्ता अतुल सेठ द्वारा दाखिल की गई है। याचिका में कहा है कि एलआईजी चौराहा से नवलखा तक करीब 6 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर से शहर की यातायात समस्या का प्रभावी समाधान संभव नहीं है।



#### सार्वजनिक धन की बर्बादी

याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि लोक निर्माण विभाग के आग्रह पर वर्ष 2024 में कराए गए तकनीकी ट्रैफिक सर्वे में यह तथ्य सामने आया था कि एलिवेटेड कॉरिडोर से कुल यातायात का केवल लगभग 10% ही प्रभावित होगा, जबकि पीसीयू के आधार पर इसकी दक्षता 1% से भी कम पाई थी। याचिका में यह भी उल्लेख किया है कि इसके बाद आईडीए द्वारा एबी रोड के नौ प्रमुख चौराहों पर फ्लाईओवर और अंडरपास निर्माण को लेकर अलग से व्यवहार्यता अध्ययन कराया था। इस अध्ययन में इन विकल्पों को अधिक प्रभावी, पर्यावरण-अनुकूल और यातायात सुधार के लिए उपयोगी बताया गया था। इसके बावजूद पुराने एलिवेटेड कॉरिडोर प्रस्ताव को आगे बढ़ाया जाना सार्वजनिक धन की बर्बादी है। याचिका में कोर्ट से मांग की गई है कि एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण पर रोक लगाई जाए और स्वतंत्र न्यायिक समिति गठित कर सभी तकनीकी रिपोर्टों का निष्पक्ष मूल्यांकन कराया जाए। साथ ही एबी रोड पर यातायात सुधार के लिए वैज्ञानिक और व्यवहारिक योजना लागू करने के निर्देश दिए जाएं।

## हथियार के साथ रील बनाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में हथियार के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। परदेशीपुरा क्षेत्र के नंदानगर निवासी शुभम खटीक ने गंडासे के साथ रील बनाकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसकी पहचान कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार शुभम ने यह रील अपने घर की छत पर बनाई थी। मंगलवार देर रात पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी भी जुटाई जा रही है। रील में शुभम खटीक गंडासे के साथ गाना गाते हुए पुष्पा स्टाइल में हथियार घुमाते हुए दिखाई दे रहा है।

## बड़ी बहन के दोस्त ने छोटी से की छेड़छाड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा ने मंगलवार को अपनी बड़ी बहन के दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज कराया है। आरोपी नशे की हालत में छात्राओं के कमरे पर पहुंचा था और उससे अश्लील हरकत करने के बाद अपनी दोस्त (बड़ी बहन) को जबरन अपने साथ ले गया और उसके साथ बाद में मारपीट की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर मोहित चौहान निवासी स्वास्थ्य नगर के खिलाफ हीरानगर थाने में छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने बताया कि वह एक निजी कॉलेज में बीएससी की पढ़ाई कर रही है। मोहित उसकी बड़ी बहन का दोस्त है।

#### गलत तरीके से छूने लगा आरोपी

पीड़िता के मुताबिक सोमवार रात मोहित उनके कमरे पर पहुंचा, उस समय उसका छोटा भाई भी वहां मौजूद था। वह बिस्तर पर बैठी थी, तभी मोहित उसके पास आकर बैठ गया और गलत तरीके से उसे छूने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपशब्द कहे। इस दौरान छात्रा की बड़ी बहन वहां पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ झूमाझटकी की और जबरन उसे अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गया। छात्रा ने अपने परिचित युवकों को बुलाया। वे आरोपी के स्वास्थ्य नगर स्थित कमरे पर पहुंचे, लेकिन मोहित वहां से फरार हो गया था। बाद में छात्रा की बहन ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जबरन शादी करने का दबाव बना रहा था।

## बिना अनुमति कार रैली निकालने पर छात्र नेता गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की जूनी थाना पुलिस ने सांसद शंकर लालवानी के प्रतिनिधि पंकज फतेहचंदानी के जन्मदिन पर बिना अनुमति वाहन रैली निकालने के मामले में छात्र नेता आयुष भार्गव को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आते ही भार्गव के हौसले पस्त पड़ गए और उसने हाथ जोड़कर माफी मांगी। आयुष पर मोटर व्हीकल एक्ट और प्रतिबंधात्मक धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फतेहचंदानी के जन्मदिन पर 7 मार्च को शहर में वाहन रैली निकाली गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए थे। रैली में आयुष ने कार की छत पर खड़े होकर स्टंट किया था। जिसका वीडियो बनाकर अपनी इंस्टाग्राम आईडी से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था। वीडियो सामने आने के बाद इंदौर जूनी थाना पुलिस ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com